सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,433 |
| निफ्टी | 25,461 |
| सोना | 97,142 |
| चांदी | 1,07,367 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसी बचपन में करता था: शुभमन गिल

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 5 जुलाई 2025 | 21 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 187, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

**एजेंसी, प्रयागराज।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### समय से पहले लोन चुकाने पर नहीं लगेगा प्री-पेमेंट चार्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आरबीआई ने फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट वाले लोन पर प्री-पेमेंट चार्ज खत्म करने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक का यह नया नियम 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा। अगर कोई व्यक्ति समय से पहले अपने लोन को थोड़ा या पूरा चुकाता है, तो बैंक यह चार्ज वसूलता था। नया नियम सभी बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों समेत रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशंस के लिए अनिवार्य रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### जयशंकर 13 से चीन के तीन दिवसीय दौरे पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 13 जुलाई से तीन दिवसीय चीन दौरे पर जाएंगे। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने दी। यह यात्रा बीजिंग से शुरू होगी, जिसके बाद वह तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। इस समय एससीओ की अध्यक्षता चीन के पास है। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल हेराल्ड केस में ईडी के रुख पर सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को अदालत में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय का यह मामला 'वास्तव में बेहद अजीब और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, 'यह मामला सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि बहुत ही अनोखा है। यह कथित मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है, लेकिन इसमें न कोई संपत्ति है, न संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन। प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडिस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर मनी लॉन्ड्रिंग और साजिश के आरोप लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमकेयर योजना में बड़ा बदलाव अब 3 महीने में बनेगा नया कार्ड -पेज 3
- अधिकारी सौर ऊर्जा पैनल लगाने की कार्ययोजना करें तैयार : पठानिया - पेज 4
- कांग्रेस कार्यकर्ता करें आपदा पीड़ितों की मदद: प्रतिभा सिंह -पेज 6
- भारी बारिश से हुई तबाही का विधायक विवेक ने लिया जायजा -पेज 10
- 3 दिन से लोगों को नहीं मिला पर्याप्त पानी -पेज 12


# आपदा प्रभावितों को देंगे 5000 रुपए मासिक किराया : सुक्खू

## कहा- भारी बारिश, बादल फटने से अब तक 700 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों से जारी भारी वर्षा और बादल फटने की घटनाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के साथ ही केंद्र सरकार से हरसंभव मदद की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मंडी जिले के सराज और धर्मपुर क्षेत्रों में भारी वर्षा से घरों और भूमि को व्यापक नुकसान पहुंचा है।

**मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री को दी नुकसान की जानकारी**

उन्होंने घोषणा की कि जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और वे किराये के मकान में रहना चाहते हैं, तो उन्हें राज्य सरकार प्रति माह 5000 रुपए किराया देगी। संबंधित एसडीएम को भी प्रभावितों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, आपदा में अब तक 69 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, 110 घायल हुए हैं और 37 अभी भी लापता हैं। उन्होंने शीघ्र ही प्रभावित क्षेत्रों का एक बार फिर दौरा करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी इस बारे में बात की और प्रदेश में करीब आपदा में करीब 700 करोड़ के नुकसान के बारे में अवगत करवाया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम हिमाचल प्रदेश आ रही है।

### एनएचएआई स्थानीय ठेकेदारों को दे ठेके

**मुख्यमंत्री** ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियों को बिना पहाड़ी राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी के ठेके दे दिए जाते हैं, जिससे पहाड़ों की कटाई से नुकसान होता है। उन्होंने एनएचएआई को सलाह दी कि ऐसे ठेके स्थानीय ठेकेदारों को दिए जाएं।

### 300 सड़कें अवरुद्ध, 790 जलापूर्ति योजनाएं ठप

**राज्य** सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि आपदा से सड़कों, बिजली अधोसंरचना और पेयजल आपूर्ति योजनाओं को भारी नुकसान हुआ है। लगभग 300 सड़कें अवरुद्ध हुई हैं, करीब 790 जलापूर्ति योजनाएं और 332 बिजली के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। मंडी जिले में 402 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। थुनाग के वानिकी एवं बागवानी कॉलेज में फंसे 92 छात्रों और अध्यापकों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं पुनर्वास कार्यों में जुटी हैं।

## हिमाचल प्रदेश हरित ऊर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर



एचआरटीसी की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के लोगों के लिए परिवहन सेवाओं में विस्तार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी प्रदेशवासियों की जीवन रेखा है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मार्च 2026 तक 297 टाइप-1 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी, जबकि 30 टाइप-2 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और निगम को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा। एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी अधिकारियों को निकट भविष्य में ग्रीन हाइड्रोजन बसें शुरू करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने रियायती पास के लिए आवेदन करने हेतु एकल बस पास प्रणाली और वास्तविक समय बस निगरानी प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर कार्य और प्रभावी प्रबंधन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और एचआरटीसी मुख्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के भी निर्देश दिए। जिला शिमला के ठियोग में एक एचआरटीसी कार्यशाला भी स्थापित की जाएगी।

# सेब उत्पादकों को मिली संजीवनी

## केंद्र ने 50 से बढ़ाकर 80 रुपए किया न्यूनतम आयात मूल्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल के सेब उत्पादकों को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। केंद्र ने विदेशी सेब के न्यूनतम आयात मूल्य को 50 से बढ़ाकर 80 प्रति किलो कर दिया है। यह फैसला हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के अढ़ाई लाख से अधिक सेब उत्पादक परिवारों के लिए राहत की सांस लेकर आया है, जो लंबे समय से विदेशी प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे थे।

इस फैसले के बाद अब विदेशी सेब का आयात करना और भी महंगा हो जाएगा। पुरानी 50 फीसदी आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) यथावत रहेगी, जिसका अर्थ है कि अब एमआईपी और इंपोर्ट ड्यूटी को मिलाकर विदेशी सेब पर कुल 130 फीसदी का भारी-भरकम शुल्क लगेगा। इससे उन व्यापारियों पर लगाम लगेगी जो विदेशों से सस्ता सेब आयात कर घरेलू बाजार में बेच रहे थे, जिससे स्थानीय बागवानों को नुकसान उठाना पड़ रहा था।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने शिमला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इस निर्णय को मोदी सरकार की किसान-बागवान हितैषी सोच और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक बताया। बरागटा ने इस बात पर जोर दिया कि इस फैसले से विदेशी सेबों की अंधाधुंध घुसपैठ पर प्रभावी रोक लगेगी, जिससे स्थानीय सेब उत्पादकों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### 2018 से चीन से आयात नहीं हुआ सेब : बरागटा



**पत्रकार** वार्ता में चेतन बरागटा ने गर्व के साथ बताया कि वर्ष 2018 से अब तक चीन से एक भी किलो सेब का आयात भारत में नहीं हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने पहली बार सेब के लिए 50 प्रति किलो का एमआईपी निर्धारित किया था, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल थी। इससे पहले किसी भी सरकार ने इस तरह की नीति नहीं अपनाई थी।

### प्रदेश की कांग्रेस सरकार बनी 'मौनी बाबा'

**चेतन** बरागटा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार किसानों और बागवानों के लिए इतने बड़े और निर्णायक कदम उठा रही है, तो हिमाचल प्रदेश की सरकार ने अब तक बागवानों के लिए क्या ठोस कदम उठाए हैं? मामले में प्रदेश सरकार 'मौनी बाबा' बनी हुई है।

### नक्सलवाद से जल्द मुक्त होगा भारत



**एजेंसी, हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत जल्द ही नक्सलवाद से मुक्त होगा। अब देश में नक्सलवाद केवल पांच से छह ही जिलों तक सीमित रह गया है और आने वाले समय में यह वहां भी पूरी तरह खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह बात स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 128वीं जयंती के मौके पर हैदराबाद में कही है। (अनंत ज्ञान)

## अनुबंध अध्यापकों को बढ़ा वेतन न देने पर शिक्षा निदेशक को फटकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षा निदेशक द्वारा अनुबंध अध्यापकों को उनके बढ़े हुए वेतनमान को सशर्त जारी करने के आदेशों पर अमल न करने पर गंभीर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने निदेशक को उनके ऐसे आदेशों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। वरिष्ठ न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने निदेशक को बार-बार स्टीरियोटाइप आदेश पारित करने पर फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने पूछा कि आखिर निदेशक अनुबंध अध्यापकों को 31.12.2005 से पहले 6400 और 1 जनवरी, 2006 से 10300 वेतन स्वीकार्य भत्तों के साथ देने के आदेशों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं।

**हाईकोर्ट ने एक हफ्ते में मांगा जवाब**

### हिमाचल पुलिस भर्ती में कथित धांधली का मामला

# हाईकोर्ट ने सरकार पीएससी व सीबीआई को भेजा नोटिस

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुचर्चित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में कथित धांधली के मामले में राज्य सरकार, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग और केंद्रीय जांच ब्यूरो को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने अमन अरोड़ा और अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

**सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश**

याचिकाकर्ताओं ने इस परीक्षा को रद्द करने और परीक्षार्थियों द्वारा लगाए गए आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा से पहले ही पेपर लीक होने की खबरें सामने आई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रश्न पत्र कथित तौर पर चार-चार लाख रुपए में बेचे गए थे। इस मामले में कांगड़ा पुलिस ने कुछ व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगभग 1600 अभ्यर्थियों ने ई-मेल के माध्यम से हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को इस धांधली की शिकायत भेजी थी, लेकिन आयोग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद ही अभ्यर्थियों ने न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ताओं ने न केवल परीक्षा रद्द करने की मांग की है, बल्कि सीबीआई जांच की भी अपील की है, ताकि इस पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

## ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़ा भारत : डिप्टी आर्मी चीफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किये हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे। उन्होंने बताया कि चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और हमें हथियारों की टेस्टिंग के लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिए। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने यह बात नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस' इवेंट में बताई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिए।



**पाकिस्तान को चीन ने हथियार और तुर्किये ने दिए ड्रोन्स**

उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की प्लानिंग और सिलेक्शन बहुत सारे डेटा पर बेस्ड था। इसलिए कुल 21 टारगेट की पहचान की गई, जिनमें से 9 को निशाना बनाना समझदारी समझी गई। लास्ट मोमेंट पर इन नौ लक्ष्यों पर निशाना लगाने का फैसला लिया गया। पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार हमें इसके लिए तैयार रहना होगा और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। (अनंत ज्ञान)


ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)



Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2025-26
FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga
SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
Bachelor of Science (MLT)
B.Sc. in Operation Theatre Tech. (B.Sc. OTT)
B.Sc. in Radiology & Imaging Tech. (B.Sc. RIT)
Diploma Multipurpose Health Worker (MPHW)
FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE, MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management
FACULTY OF EDUCATION, BASIC SCIENCE & HUMANITIES
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed.
SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education
FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
Agronomy
Horticulture (Veg. Sciences)
FACULTY OF VET. SCIENCES
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course
FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
Pharmaceutical Chemistry
Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com



IBM Innovation Centre For Education
QS I-GAUGE Institution Of Happiness
NBA D.PHARMACY



ADMISSION OPEN
SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
SSGI Since : 1996
Transforming Dreams into Reality
Dalhousie Road, Badhani Pathankot (Punjab) -145001
ENGINEERING | POLYTECHNIC | PHARMACY | EDUCATION
MANAGEMENT | HOTEL MANAGEMENT | PARAMEDICAL
Ph. No. 84271-84271, 94170-50602
www.srisaigroup.in


**अनुपम सम्मान** हरीश कुमार शर्मा एसजेवीएन में कार्यकारी निदेशक पद पर प्रमोट

# सेवानिवृत्ति के बाद मिला पदोन्नति का तोहफा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** एसजेवीएन लिमिटेड के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक हरीश कुमार शर्मा को एक दुर्लभ एवं प्रेरणास्पद निर्णय के तहत सेवानिवृत्ति उपरांत 'कार्यकारी निदेशक' पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति 1 जून, 2024 से 30 सितंबर, 2024 (उनकी सेवानिवृत्ति तिथि) तक की अवधि के लिए पूर्व प्रभाव से मान्य की गई है। इस संबंध में औपचारिक अधिसूचना 3 जुलाई, 2025 को मानव संसाधन विभाग, एसजेवीएन द्वारा जारी की गई है। हरीश शर्मा की यह पदोन्नति उनकी 33 वर्षों से अधिक की समर्पित, निष्ठावान और उत्कृष्ट सेवाओं का प्रतिफल है। उन्होंने भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में नथपा झाकड़ी (1500 मेगावाट) एवं रामपुर (412 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण, कमीशनिंग, संचालन एवं वाणिज्यिक प्रबंधन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरीश शर्मा ने न केवल भारत में, बल्कि भूटान की ताला परियोजना (1020 मेगावाट) और नेपाल की अरुण-3 परियोजना (900 मेगावाट) में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

**तीन दशकों की सेवाओं को मिला सम्मान**

### सत्य, निष्ठा और धैर्य की जीत

**हरीश** शर्मा मंडी जिला निवासी हैं और यह पदोन्नति संपूर्ण मंडी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। यह निर्णय उन सभी पेशेवरों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो सत्य, निष्ठा और धैर्य के पथ पर अग्रसर हैं। यह सम्मान न केवल एक व्यक्ति की जीत है, अपितु उस मूल्यमानवता की जीत है, जो सत्य, सेवा और सम्मान के मूल्यों पर आधारित है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### रणनीतिक की निभाई भूमिका

**अपने** करियर के अंतिम वर्षों में शर्मा ने एसजेवीएन मुख्यालय (सीएचक्यू) में वरिष्ठ नेतृत्व पद पर कार्य करते हुए नीतिगत निर्णयों एवं रणनीतिक योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे संगठन को दूरगामी लाभ प्राप्त हुए।

### ऐसे मिली पदोन्नति

**शर्मा** ने कहा कि यह पदोन्नति एक उच्च न्यायालय में दायर याचिका के निपटारे के पश्चात संभव हुई, जिसे न्याय, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता की मिसाल माना जा रहा है।

### न्यायपूर्ण निर्णय से बढ़ा आत्मसम्मान



**इस** ऐतिहासिक अवसर पर भावुक होते हुए हरीश कुमार शर्मा ने कहा कि यद्यपि यह पदोन्नति सेवानिवृत्ति के बाद प्राप्त हुई, परंतु यह मेरे इस विश्वास को और सुदृढ़ करती है कि सत्य, धैर्य और शांत संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाते। प्रभु श्रीराम के वनवास की भांति जीवन की देरियों में भी कोई गहरी सीख छिपी होती है। मैं विशेष रूप से भूपेंद्र गुप्ता (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक) तथा अजय शर्मा (निदेशक, मानव संसाधन) का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके न्यायपूर्ण निर्णय ने मेरे आत्मसम्मान को पुनर्स्थापित किया। साथ ही अपने समस्त सहयोगियों और शुभचिंतकों का भी हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिनकी प्रेरणा से यह संघर्ष संभव हो सका।'

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. राजेंद्र वर्मा ने संभाला कुलपति का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति का कार्यभार शुक्रवार को विधिवत रूप से प्रो राजेंद्र वर्मा ने संभाला है। कार्यभार संभालने के बाद प्रो. वर्मा ने कुलसचिव सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की और तकनीकी विवि में चल रही गतिविधियों के बारे में फीडबैक ली। प्रो. वर्मा वर्तमान में प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में विधि विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर हैं। बता दें कि तीन मई को प्रो. शशि कुमार धीमान का बतौर कुलपति तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया था। अब एक्ट में संशोधन करने के बाद स्थायी कुलपति की नियुक्ति तक प्रो. राजेंद्र वर्मा को तकनीकी विवि के कुलपति का कार्यभार सौंपा गया है।

### डॉ. अरविंद ने बीएमओ बड़सर का पदभार संभाला



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर सिविल हॉस्पिटल में डॉ. अरविंद टंडन ने शुक्रवार को बीएमओ का पदभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद टंडन ने हॉस्पिटल परिसर का दौरा कर मरीजों का कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने अस्पताल स्टाफ के साथ बैठक करके व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मंजूर 28 करोड़ धनराशि जो ट्रामा सेंटर के लिए मंजूर हुई है, का आकलन करके ट्रामा सेंटर का कार्य भी शुरू करवा दिया जाएगा। मरीजों और तीमारदारों के लिए बनी पार्किंग को भी ठीक करवाया जाएगा । अस्पताल स्टाफ से भी उन्होंने आह्वान किया कि ज्यादा क्रिटिकल मरीजों व उनके तीमारदारों से नम्रतापूर्वक व्यवहार होना चाहिए। हॉस्पिटल कैंपस में पहुंचने पर बीएमओ डॉ. टंडन का सीनियर डॉ. चंद्रशेखर तथा स्टाफ नर्स राजकुमारी ने उन्हें गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया।

### आईआरडीपी चयन को लेकर विरोध, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, भोरंज/जाहू।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत लगमनवी पंचायत के ग्रामीणों ने आईआरडीपी (एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम) के तहत परिवारों के चयन प्रक्रिया का विरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और वास्तविक गरीब तथा जरूरतमंद परिवारों को इससे वंचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत में कई ऐसे लोग हैं जिनके पास न तो आय का कोई स्थायी स्रोत है, न ही भूमि या मजदूरी के अवसर, ऐसे परिवार सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर ही निर्भर हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग की कि आईआरडीपी चयन प्रक्रिया की समीक्षा की जाए। इस मौके पर केशव कौशल, वेद प्रकाश, सुनीता देवी, अनीता देवी, सलोचना देवी, पूनम कुमारी, सूखा देवी, तृप्त देवी, वीना देवी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आपदा प्रभावितों की मदद के लिए चले अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गत दिनों कि मंडी जिले के सेराज क्षेत्र में आपदा ने तबाही मचाई है। इस आपदा में कई लोगों के घर बह गए हैं और लोगों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर व महासचिव सुरेंद्र कटोच ने कहा कि यह समय पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने का है, जो इस आपदा में बेघर हुए हैं तथा उन्हें अपनी मदद पहुंचाने का है। उन्होंने प्रेस क्लब के सदस्य या अन्य लोगों से अनुरोध किया है कि आपदा से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए कपड़े, राशन और बर्तन सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को इकट्ठा करने के लिए एक अभियान चलाया जाए। इन आवश्यक वस्तुओं को इकट्ठा कर सेराज क्षेत्र के लोगों को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी आप देना चाहते हैं, उसे प्रेस रूम में लाएं और संग्रह प्रक्रिया में योगदान दें। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिलकर इस नेक काम को शुरू करें और जो कुछ भी इकट्ठा हो उसे जल्द से जल्द उन तक पहुंचाएं। चीजों को तेजी से इकट्ठा करने के लिए आपके सुझावों का भी स्वागत है।

### आरसेटी में महिलाओं को दिया टेलरिंग का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में महिलाओं के लिए आयोजित टेलरिंग प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें 32 महिलाओं ने कटिंग-टेलरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में ग्रामीण महिलाओं के लिए काफी अच्छी संभावनाएं हैं। इस दौरान वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी और संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### भलेठ में दी जल जनित रोगों से बचाव की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** आम लोगों को पेयजल की स्वच्छता और जल जनित रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विकास खंड सुजानपुर के गांव भलेठ में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर विभाग के जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने बताया कि अशुद्ध जल के उपयोग, संक्रमित भोजन, स्वच्छता की कमी और हाथों की सफाई न होने के कारण डायरिया यानि दस्त रोग फैल सकता है। उन्होंने बताया कि अगर इस रोग का समय पर उपचार न किया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। विशेषकर, छोटे बच्चों के लिए यह घातक सिद्ध हो सकता है। इस दौरान उन्होंने इससे बचाव के तरीके बताए। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अजय जगोता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुलोचना देवी, आशा वर्कर पूजा, सोमा, नीलम और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता केंद्र हमीरपुर के द्वारा नादौन ब्लॉक की मण पंचायत में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया। भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी । इसके अलावा एटीएम के तहत बीमा सुरक्षा व डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के बारे में जानकारी दी। वित्तीय साक्षरता केंद्र की सेंटर हेड रेखा गौतम ने लोगों से जरूरी जागरूकता और सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने बताया कि किस तरह से लोगों को डिजिटल धोखाधड़ी से लूटा जा रहा है। वित्तीय साक्षरता कैंप में वित्तीय साक्षरता केंद्र की नादौन ब्लॉक की समन्वयक अंजना देवी, मण पंचायत प्रधान राकेश परमार व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों समेत 90 लोगों ने भाग लिया।

### विवेकानंद को पुण्यतिथि पर भगेटू में किया याद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** युवा चेतना के प्रतीक, युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भगेटू पंचायत के भगेटू गांव में शुक्रवार को श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक जागरूकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा सड़क किनारे फलदार पौधों का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के विचारों, उनके जीवन-दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिला हमीरपुर के दिव्यांग समीक्षा समिति के सदस्य एवं जिला समन्वयक राजन कुमार ने कहा कि हमें महापुरुषों की पुण्यतिथियों को केवल एक स्मरण दिवस के रूप में नहीं, बल्कि जन-जागरण और सकारात्मक कार्यों की प्रेरणा के रूप में मनाना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक जगदीश चंद्र, राजेंद्र कुमार झिंझकरी, वार्ड पंच जगदीश, आशा वर्कर सीमा देवी, राजीव कुमार, राकेश कुमार, अंजना कुमारी, राजन कुमार, केसरी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

# बूथ-शॉपस टेंडर्स पर खड़ा हुआ विवाद

## एक को मिला कोर्ट स्टे, एनआईटी में सेवन-डे कैंपस छोड़ने की अनुमति भी विवादों में

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित सूबे के एकमात्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में बूथ-शॉपस टेंडर्स पर विवाद खड़ा हो गया है। जिन नए मापदंडों को आधार बनाकर इस बार सोमवार शाम 4 बजे तक आवेदन मांगे गए हैं, उनमें एक बूथ-शॉप मालिक ने कोर्ट से स्टे ले लिया है। संस्थान के भीतर हॉस्टल स्टूडेंट्स के लिए 'सेवन-डे' कैंपस छोड़ने की अनुमति भी विवादों में है। विवादों को लेकर यह संस्थान कई मर्तबा सुर्खियां बटोरता रहा है।

मसला चाहे रैंकिंग का हो, भीतरी कार्यप्रणाली का हो या फिर प्रशासनिक व्यवस्था का, इन सभी की इसके भीतर और बाहर चर्चा होती रहती है। अब क्योंकि पिछले काफी समय से इस संस्थान की 'रैंकिंग' में जिस खतरनाक अंदाज में गिरावट आई है, उसमें इस बार सुधार होता है या नहीं? इसका खुलासा भी इसी महीने होने वाला है। यानी इसकी भीतरी व्यवस्था की सारी 'पोल' अब मुहाने पर खुलने के लिए तैयार बैठी है, लेकिन ठीक उससे पहले टेंडर विवाद यहां चर्चा में है।

### सेवन-डे आउटिंग पर हो सकता है विचार : हीरालाल

**संस्थान** के डायरेक्टर हीरालाल सूर्यवंशी का कहना है कि टेंडर्स को लेकर किसी ने हाईकोर्ट से स्टे लिया है, उनकी जानकारी में नहीं है, लेकिन इसके लिए जो गठित कमेटी है, उसी के पास जानकारी होगी। पानी के रेट्स स्टेट गवर्नमेंट ने बढ़ा दिए हैं इसीलिए संस्थान को भी बढ़ाने पड़े हैं। सेवन-डे आउटिंग वाले मामले में संस्थान विचार कर सकता है। मीडिया का यह सुझाव ठीक है, रोजाना स्टूडेंट्स को बाहर भेजने की बजाए सप्ताह में एक या दो दिन इसके लिए तय किए जा सकते हैं।

**26 तक पहुंची बूथ शॉपस की संख्या** : एनआईटी में स्टूडेंट्स की तादाद भी बढ़ रही है। नए कोर्सेज भी शुरू हुए हैं, इसलिए अब बूथ-शॉपस की संख्या भी 26 तक जा पहुंची है। इनकी नीलामी के लिए संस्थान ने जो टेंडर अपलोड किया है, उसके मुताबिक सोमवार शाम 4 बजे तक इच्छुक लोग आवेदन कर सकते हैं, लेकिन इस बार टर्म्स एंड कंडीशंस अलग तरह की हैं। पिछले टेंडर्स के मुकाबले में बहुत कुछ नया है। पहला विवाद अलग-अलग मापदंडों को लेकर है। इस बार सोसायटी यदि गठित हुई हो तो वह भी टेंडर डाल सकती है। दुकान ले सकती है, उसके लिए अलग तरह का टेंडर कॉल किया गया है, इसलिए एक शॉप विक्रेता ने कोर्ट से इसके लिए स्टे ले लिया है और संस्थान को दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया है। दरअसल मापदंडों में यहां विवाद तो है ही, इसलिए चर्चा हो रही है और ये नई चीजें भी जुड़ रही हैं।

इधर, असल में संस्थान इन दुकानों की नीलामी करके मोटी कमाई करना चाह रहा है। अब इसमें क्वालिटी का कितना ध्यान होगा, क्या ज्यादा किराया लेकर स्टूडेंट को सही रेट पर संबंधित सामान मिल पाएगा, इस पर भी फिलहाल तो भ्रम की स्थिति बनी ही हुई है। इस बार टेंडर में 143 रुपए प्रति महीना पानी के बिल की बजाए 1000 रुपए कर दिया गया है। यह सभी पर एक जैसा लागू होगा। समिति के रूप में शॉप्स देने के लिए इस बार जो मंशा संस्थान ने टेंडर में जाहिर की है, उसको लेकर भी विवाद है।

**सेवन-डे स्टूडेंट कैंपस से बाहर :** अब क्योंकि इस संस्थान में हॉस्टल में रहने वाले तमाम स्टूडेंट्स इवनिंग टाइम में कैंपस के बाहर जा सकते हैं, इसको लेकर विवाद है, क्योंकि हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स को रोजाना बाहर जाने की छूट मिलेगी तो उसके साथ कई चीजें जुड़ जाती हैं। कुछ समय पहले तक इस संस्थान में स्टूडेंट की चिट्टे से हुई मौत को लेकर भी स्थित विवादित हुई थी और अब माना जाता है कि रोजाना स्टूडेंट का बाहर जाना संस्थान के सिस्टम के लिए ढीलापन है। इसमें प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करना चाहिए और सप्ताह में एक या दो दिन के लिए बाहर जाने की अनुमति देनी चाहिए। इससे भी कुछ चीजें कंट्रोल में हो सकती हैं, क्योंकि अब सभी तरह की सुविधाएं जो बाजार में उपलब्ध हैं, वह कैंपस में ही मौजूद हैं, क्योंकि यहां 26 शॉप्स अब 9.30 तक खुली रहती हैं। इसीलिए कैंपस छोड़कर आउटिंग के लिए सप्ताह में एक ही दिन तय होना चाहिए लेकिन संस्थान इस पर विचार नहीं कर रहा और फिर जो उल्टा-पुल्टा होता है, के बाद दौड़-धूप करता है। अपनी साख को बचता-बचाता है।

# भारी बारिश से हमीरपुर जिले में 55 करोड़ रुपए का हुआ नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- 5 से 9 तक भारी बारिश का अलर्ट, एहतियात बरतें: डीसी

इस मानसून सीजन के लगभग 15 दिनों के दौरान ही जिला हमीरपुर में सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा 55.11 करोड़ रुपए से अधिक तक पहुंच गया है। शुक्रवार दोपहर तक जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में प्राप्त नुक्सान के आंकड़ों के अनुसार अभी तक मॉनसून सीजन के दौरान जिला में जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 35.92 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 18.50 करोड़ और बिजली बोर्ड को 8.69 लाख रुपए की क्षति हुई है।



बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 2.17 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। 3 पक्के मकानों की 4.50 लाख रुपए की क्षति हुई है तथा 8 कच्चे मकान भी ध्वस्त हुए हैं, जिनमें लगभग 8.15 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। जिले भर में 37 डंगे भी गिरे हैं, जिनमें लगभग 29.80 लाख रुपए की क्षति हुई है। 20 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 13.54 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में 5 से 9 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इसको देखते हुए सभी जिलावासी विशेष एहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं। भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। ब्यास नदी के किनारे वाले क्षेत्रों के लोग नदी के पास न जाएं। उपायुक्त ने टोल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करने की अपील भी की है।

# सिविल अस्पताल टौणी देवी के गेट पर पड़े गड्ढे से मरीज परेशान

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** एनएच निर्माण के दौरान टौणी देवी सिविल अस्पताल के पास टूटे जंक्शन को अभी तक ठीक नहीं किया गया है। भारी बरसात के चलते अब टौणी देवी सिविल अस्पताल के एंट्री गेट के पास बड़ा गड्ढा पड़ गया है। स्थिति इतनी खतरनाक हो चुकी है कि अब यहां से एंबुलेंस का निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोग परेशानी में है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



एंबुलेंस का निकलना भी हुआ मुश्किल।

आपको बता दें कि करीब 400 मरीजों की प्रतिदिन ओपीडी वाले सिविल अस्पताल टौणी देवी में वाहनों और एंबुलेंस का आना-जाना लगा रहता है। यह गड्ढा किसी बड़ी घटना को न्योता दे रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष बबली, बारी पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर, टपरे पंचायत के प्रधान दीवान चंद, उपप्रधान मदन लाल, बीडीसी सदस्य किशोर चंद, दरकोटी गांव के निवासी हरनाम चंद शर्मा, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष अमरदीप राणा ने तुरंत व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को स्वयं ही स्थिति पर नजर रखनी चाहिए ताकि कोई अनहोनी घटना न हो सके। उधर, बीएमओ टौणी देवी डॉ. रमेश रत्तू ने कहा कि एनएच निर्माण के समय भी इस स्थान को ठीक करने बारे कहा गया था। अब संबंधित विभाग को फिर से लिखित रूप से इस गड्ढे को शीघ्र ठीक करने बारे सूचित किया जा रहा है।

# पूर्व विधायक राणा सुक्खू फोबिया से परेशान : वर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राणा की बौखलाहट का कारण उनका खिसकता जनाधार है, वह सुक्खू फोबिया से परेशान हैं। कै. रणजीत सिंह की बढ़ती सक्रियता से घबराए हुए हैं। इसी घबराहट में वह हर दिन मीडिया में बेतुके बयान दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके सहयोगी लगातार उनके निशाने पर रहते हैं। वर्मा ने कहा कि डेढ़ साल पहले राणा कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए थे, लेकिन आज तक वह भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं से जुड़ नहीं पाए हैं। यही उनकी सबसे बड़ी परेशानी है। दूसरी ओर कांग्रेस में आए कै. रणजीत सिंह को भाजपा कार्यकर्ताओं का अब भी समर्थन मिल रहा है। राणा बरसात से आई आपदा पर भी राजनीति कर रहे हैं। वह पीड़ितों तक नहीं पहुंचे। दूसरी ओर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह पीड़ितों के घर जाकर सरकारी राहत दे रहे हैं।

# एक साल में अढ़ाई किमी पक्की हुई सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बैलग से तताहर तक प्रस्तावित करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से जारी है, लेकिन समय पर कार्य पूर्ण न होने और हालिया बारिश के चलते यह कार्य अधर में लटक गया है। निर्माण में हो रही देरी से क्षेत्र के ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रही इस सड़क का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को एक मजबूत और आधुनिक सड़क सुविधा प्रदान करना था, लेकिन अब तक केवल अढ़ाई किलोमीटर सड़क ही पक्की हो पाई है। बारिश के चलते सड़क की टारिंग का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश से पहले धूल और बारिश के बाद कीचड़ ने उनका जीवन दुश्वार कर दिया है। पैदल चलना मुश्किल हो गया है और छोटे बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। भरेड़ी, कक्कड़ और चंदरूही जैसे आसपास के बाजारों में भी इस अधूरे निर्माण कार्य का व्यापक असर पड़ा है।



बैलग-तताहर सड़क का कार्य धीमी गति से होने पर लोगों में काफी आक्रोश है।

- 11 करोड़ से चकाचक होगी बैलग-तताहर सड़क

दुकानदारों का कारोबार लगभग ठप हो गया है। स्थानीय निवासी सुनील, राजीव, संजय, विजय, कुलदीप, नवीन, राजकुमार, विपिन, श्याम, यशवंत, रमित, बलबीर, टेक चंद कौशल, बृज लाल सत्यम आदि ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में हो रही अनावश्यक देरी से न केवल आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

इस विषय पर लोक निर्माण विभाग भोरंज के एसडीओ विजय कुमार ने बताया कि बारिश के कारण सड़क की टारिंग का कार्य अस्थायी रूप से रोका गया है, लेकिन नालियों के निर्माण और टाइलें बिछाने का कार्य जारी रहेगा। जैसे ही मौसम अनुकूल होगा विभाग टारिंग के कार्य को पुनः शुरू कर देगा।

# दो साल से टीजीटी शिक्षकों की प्रवक्ता पदोन्नति लंबित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल में दो साल से टीजीटी शिक्षकों की प्रवक्ता पदोन्नति लंबित है, जबकि प्रवक्ता के 3208 पद वर्तमान में सूबे में रिक्त चल रहे हैं। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त एक जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अंग्रेजी विषय में 256, अर्थशास्त्र विषय में 184, हिंदी विषय में 321, इतिहास विषय में 228, गणित विषय में 128, कॉमर्स विषय में 319, राजनीति शास्त्र विषय में 357, कंप्यूटर साइंस विषय में 1006, संस्कृत विषय में 78, समाजशास्त्र विषय में 28, भूगोल विषय में 49, भौतिकी विषय में 68, रसायन विज्ञान 91 और जीव विज्ञान में 56, संगीत वोकल विषय में 32 और गृह विज्ञान विषय में 7 पद रिक्त चल रहे हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धारा 26 में यह प्रावधान है कि शिक्षा विभाग के कैडर में एक समय में 90 प्रतिशत पद भरे होने चाहिएं।

### जिलाधीश खुद तय करें शिक्षकों की छुट्टियां

**टीजीटी** कला संघ ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि आपदा प्रबंधन में जिले की आपदा स्थिति का जायजा लेकर ही अवकाश किए जाने चाहिएं। जिलाधीश जिले की स्थिति अनुसार तय करें कि वहां की परिस्थितियों में शिक्षकों और गैर शिक्षण स्टाफ को स्कूल बुलाना है या नहीं। आपदा प्रबंधन में स्कूल प्रबंधन से ज्यादा महत्वपूर्ण मानव जीवन है। स्टाफ की जान जोखिम में डालकर करने वाले कार्य बाद में भी संभव हैं। आपदा में हुए अवकाश स्थिति सामने होने पर एडजस्ट कर आगामी अवकाश में कटौती संभव है और प्रतिदिन अतिरिक्त समय लगाकर लंबित कार्य पूरे किए जा सकते हैं।

प्रवक्ता कैडर में करीब 16530 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से कुछ पद सरप्लस होने के कारण समाप्त हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ राज्य महासचिव विजय हीर ने बताया कि प्रवक्ता वर्ग में पदों की असल संख्या अंग्रेजी विषय में 2072, हिंदी में 1892, इतिहास में 1872, राजनीति शास्त्र में 1890, आईपी में 1677, अर्थशास्त्र में 1245, गणित में 1107, भौतिकी में 823, रसायन विज्ञान में 823, जीवविज्ञान में 653, कॉमर्स में 1678 , संस्कृत में 273, भूगोल में 243, समाजशास्त्र में 147, गृह विज्ञान में 17, संगीत में 77, लोक प्रशासन में 30, मनोविज्ञान में 11 पद आरंभिक रूप से स्वीकृत हैं, ऐसे में कैडर में 20 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जबकि 10 प्रतिशत से ज्यादा पद रिक्त नहीं रखे जा सकते हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि टीजीटी से प्रवक्ता स्कूल न्यू पदोन्नति में न्यूनतम 1604 पद भरकर ही शिक्षा के अधिकार अधिनियम की शर्त पूरी की जा सकती है, ऐसे में दो साल के इंतजार के उपरांत जारी की जाने वाली सूची 1604 पदों से अधिक होनी ही चाहिए ।

# रूबल ठाकुर ने बड़सर प्रशासन पर मनमर्जी से कार्य करने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** अपनी सरकार पर ही मनमानी के आरोप लगाते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक एवं सदस्य नशा निवारण बोर्ड हिमाचल प्रदेश रूबल ठाकुर ने कहा कि बड़सर का प्रशासन अपनी मनमर्जियां करने से बाज नहीं आ रहा है। रूबल ने कहा कि हाल ही में बड़सर को नगर पंचायत का दर्जा प्रदेश सरकार ने दिया, जिसके बाद वार्डों का परिसीमन होना शुरू हुआ, लेकिन इसमें बड़सर के प्रशासन ने बंद कमरों में बैठ कर बिना लोगों की राय से बड़सर के वार्डों का नामकरण एवं उनके महाल स्थापित कर दिए गए।। स्थानीय लोगों ने अपनी आपत्तियां भी जताई थीं, लेकिन उसके बाद लोकल प्रशासन ने अपनी मनमर्जियां करते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। रूबल ठाकुर ने बड़सर के प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इसमें प्रशासन दोबारा से स्थानीय लोगों के साथ बैठकर उनकी जो आपत्तियां हैं, उसे ठीक नहीं करता है तो मजबूरन बड़सर के प्रशासन के खिलाफ उन्हें कोई और रास्ता अपनाना पड़ेगा ।

# नए हिम केयर कार्ड सिर्फ मार्च, जून सितंबर और दिसंबर महीने में ही बनेंगे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य योजना हिमकेयर के अंतर्गत पंजीकृत सरकारी अस्पताल में दाखिल होने पर परिवार को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। हिमकेयर के अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने की सुविधा लोकमित्र केंद्रों, साइबर कैफे या आवेदक स्वयं एचपीएसबीवाइएस डॉट इन वेबसाइट पर, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर और श्रेणी प्रमाण पत्र अपलोड करवा कर और निर्धारित प्रीमियम का भुगतान कर बनवा सकते हैं। हिमकेयर योजना के अंतर्गत श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम की दरें तय की गई हैं। डॉ. अजय अत्री ऑफिसिएटिंग मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की अब नया कार्ड पंजीकरण साल में सिर्फ मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर महीने में ही बनेंगे। हालांकि जुलाई में भी नया कार्ड पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके अलावा कार्ड का नवीकरण वैध तिथि के 30 दिनों के भीतर करवाना पड़ेगा। इन कार्डों की वैद्यता 1 साल के लिए होगी। योजना के अंतर्गत लोकमित्र केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर में नामांकन करने और दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए लाभार्थी से प्रीमियम के अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लिया जाएगा। योजना में विभिन्न प्रकार की आम व गंभीर बीमारियों को शामिल किया गया है। ऑफिसिएटिंग मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि लाभार्थी प्रदेश में हिम केयर कार्ड के अंतर्गत पंजीकृत सरकारी अस्पतालों के अलावा पंजीकृत निजी अस्पतालों ( केवल डायलिसिस मरीज के लिए ) में जाकर मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पीजीआई चंडीगढ़ और एम्स बिलासपुर में भी इस कार्ड पर मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

# वटवृक्ष की शाखा गिरने से छात्र बचे

**अनंत ज्ञान, भोटा।** सलौणी-दियोटसिद्ध सड़कमार्ग पर अचानक एक बटवृक्ष की बड़ी शाखा गिरने से स्कूल जा रहे बच्चे बाल-बाल बच गए हैं। वीरवार सुबह लगभग 8.30 बजे छात्र-छात्राएं सलौणी स्कूल जा रहे थे।

जब ये बच्चे को-ऑपरेटिव सोसायटी के पास गुजर रहे थे, तो वहां पर स्थित एक विशालकाय बट वृक्ष की एक भारी भरकम सूखी शाखा अचानक सड़क पर आ गिरी। इस दुर्घटना के समय लगभग 6-7 छात्र-छात्राएं इस स्थल से मात्र 1 मीटर की दूरी पर चल रहे थे, जो बाल-बाल बच गए नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसी दौरान इस सड़क पर वाहनों की भी काफी आवाजाही हो रही थी।

# कई जगहों पर भू-स्खलन होने से बने खतरे के प्वाइंट

**अनंत ज्ञान , सुजानपुर**

मूसलाधार बारिश के कारण कुछ स्थानों पर डंगे धंस जाने के कारण खतरा बन गया है। मुख्य सड़क पर वह इन प्वाइंटों को शीघ्र ठीक न करवाया तो भारी मुश्किल के सामना करना पड़ सकता है। गृह रक्षा विभाग ने निरीक्षण के दौरान बने खतरे को देख संबंधित विभाग को अवगत करवा दिया है। यह स्थान टीहरा, डेरा तथा आसला नामक स्थान पर देखने को मिल रहे हैं।

क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के कारण जगह-जगह नुकसान होने का पता चल रहा है, वहीं मुख्य सड़क की हालत को देखकर डंगे गिरने या धंसने का पता चला है। सभी स्थान मुख्य सड़क के होने के कारण चिंता का विषय बन गया है। सुजानपुर से टीहरा की ओर मुख्य सड़क में कृष्ण धाम को जाते मुख्य सड़क में ही डंगे व सड़क बीच का भाग दरार खाली हो जाने से कभी भी डंगा गिर सकता है। वहीं, थोड़ी दूर आगे जाकर डेरा नमक मुख्य सड़क में भारी दरार आने के कारण डंगा गिरने की कगार पर खड़ा हो गया है, तो वहीं सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण अनजाने में कोई भी अप्रिय हादसा घट सकता है।



भू-स्खलन के चलते वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

आसला गांव की मुख्य सड़क में भी सड़क भू-स्खलन होने के कारण खतरा बन गया है। इन तीनों स्थानों के प्वाइंटों पर बसों तथा अन्य वाहनों की आवाजाही होने के कारण जीवंत समस्या पैदा हो गई है। गृह रक्षा विभाग विभाग के कंपनी कमांडर प्रवीण कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उन्होंने स्थानीय प्रशासन को अवगत करवा दिया है।

# 15 तक करवाएं मक्की और धान का बीमा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा, बाढ़, जलभराव और ओलावृष्टि इत्यादि से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए आरंभ की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ वर्तमान खरीफ सीजन के दौरान भी उठाया जा सकता है। हमीरपुर जिले में इसी योजना के तहत वर्तमान खरीफ सीजन में मक्की और धान की फसल का बीमा किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि इन फसलों के बीमे के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मक्की की फसल के लिए हमीरपुर जिले की सभी तहसीलें एवं उप तहसीलें अधिसूचित की गई हैं, जबकि धान की फसल के बीमे के लिए तीन तहसीलें हमीरपुर, नादौन और भोरंज अधिसूचित की गई हैं। उपनिदेशक ने बताया कि इस योजना से संबंधित अधिसूचना विभाग की वेबसाइट एचपी एग्रीकल्चर.कॉम पर भी उपलब्ध है। मक्की और धान की फसल के बीमे के लिए 1200 रुपए प्रति हेक्टेयर यानी 48 रुपए प्रति कनाल प्रीमियम तय किया गया है। इसकी बीमित राशि 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर होगी। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के टोल फ्री नंबर 14447, कंपनी के जिला पर्यवेक्षक संदीप कुमार के मोबाइल नंबर 79866-45536 या राज्य पर्यवेक्षक अरुण कुमार के मोबाइल नंबर 93185-75000 पर संपर्क कर सकते हैं।

**इंतजार** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कॉलेज में वार्षिक समारोह में की थी नए सत्र से पीजी कोर्स शुरू करने की घोषणा

# हमीरपुर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र शुरू, नए पीजी कोर्स शुरू करने का मामला अभी विचाराधीन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल महाविद्यालय हमीरपुर के वार्षिक समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से की गई मांग पर इसी सत्र से चार नए कोर्स चलाने की अनुमति देने की घोषणा की है।

पहली जुलाई से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, लेकिन अभी नए कोर्स शुरू नहीं हो पाए हैं। क्षेत्र के छात्र नए कोर्स शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं वहीं, नए कोर्स शुरू करने को लेकर विभागीय उच्च अधिकारियों का तर्क है कि ये मामला विचाराधीन है, जब होगा तब कर दिया जाएगा।

### कॉलेज में स्नातकोत्तर के ये कोर्स करवाए जा रहे

**राजकीय** स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर में वर्तमान में पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, एमएससी, ज्योलोजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, कामर्स, मैथमैटिक्स, इंग्लिश व हिंदी स्नातकोत्तर कोर्स चलाए जा रहे हैं। इस बारे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद पटियाल ने बताया कि अन्य स्नातकोत्तर कोर्स चलाने के लिए महाविद्यालय के पास आधारभूत ढांचा पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की ओर से सारी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई है। लिहाजा दो चार दिन में परमीशन आने की संभावना है। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन से इसका निरीक्षण करवा दिया जाएगा।

लिहाजा नए कोर्स चलने की राह में ऐसे कई छात्र राह देख रहे हैं, जो शिमला जैसे स्थानों पर जाकर पढ़ाई न कर पाने की स्थिति में हैं। पिछले करीब चार माह पूर्व की गई घोषणा के बाद अब करीब 15 दिनों के भीतर प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। वहीं, महाविद्यालय प्रबंधन भी अनुमति आने के इंतजार में है। यही नहीं महाविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी औपचारिकताएं भी पूरी कर दी गई हैं। बताते चलें कि मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर के मुख्यालय में स्थित 60 वर्ष पुराने राजकीय महाविद्यालय में जिन कोर्सों का खासा अभाव चलता रहा है, उसकी मांग महाविद्यालय प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को डिटेल सहित समारोह के दौरान दी थी।

बताते चलें कि स्नातकोत्तर स्तर के चार नए कोर्स सत्र जुलाई 2025 से शुरू करने की विधिवत घोषणा गत 12 मार्च को महाविद्यालय के वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जा चुकी है। इन कोर्सों में एमए हिस्ट्री, राजनीति शास्त्र, एमसीए और एमबीए शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने जिले के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों और महाविद्यालय प्रबंधन की मांग को उचित मानते हुए इन चार नए कोर्सों की स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाएं आरंभ करने के लिए कहा था, वर्तमान में हमीरपुर जिले के किसी भी सरकारी कॉलेज में उपलब्ध नहीं है और विशेष कर इतिहास विषय में स्नातकोत्तर कोर्स तो जिला हमीरपुर और साथ लगते अन्य जिलों के किसी भी निजी या सरकारी क्षेत्र के संस्थान में अब तक नहीं है, जिसके कारण जिला हमीरपुर के छात्रों को उक्त कोर्स में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए गृह जिला से या तो शिमला या धर्मशाला या फिर देश के दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। लिहाजा छात्रों एवं अभिभावकों ने अतिशीघ्र उक्त कोर्सों को चलाने की मांग भी की है।

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर ने बताया कि यह मामला विचाराधीन है, लिहाजा जब होना होगा, तब हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बढ़ल ठोर गांव में मिला पाकितानी गुब्बारा, पुलिस ने किया जब्त

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा समीपवर्ती क्षेत्र बढ़ल के ठोर गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पाकिस्तानी गुब्बारा वार्ड नंबर-7 में गिरा मिला। ग्रामीणों ने तुरंत इस संदिग्ध गुब्बारे की सूचना स्थानीय पंचायत व पुलिस को दी। समाजसेवी मनीष गुलेरिया के अनुसार, गुब्बारे पर पाकिस्तानी झंडे का निशान था। साथ ही, उर्दू में कुछ शब्द लिखे हुए थे। जिससे इस बात की आशंका और बढ़ गई कि गुब्बारा पाकिस्तान से संबंधित है। बहरहाल इस गुब्बारे की सूचना मिलते ही मौके पर देहरा पुलिस भी पहुंच गई। देहरा के एडिशनल थाना प्रभारी विपन कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया मामले की जांच शुरू कर दी।




### वन निरीक्षण कुटीर में आग लगाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान।** राजगढ़। राजगढ़ ब्लॉक के दूरदराज गांव ठंडीधार में वन विभाग के निरीक्षण कुटीर को जलाने के आरोप में पुलिस चौकी शीलाबाग पझौता ने जदोल टपरोली के नरेश कुमार उर्फ बंटी को हिरासत में लिया है। जिसकी पुष्टि उप पुलिस अधीक्षक राजगढ़ बीसी नेगी ने की है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध राजगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया है और गहनता से जांच की जा रही है। बता दें कि ठंडीधार में निर्मित वन विभाग के निरीक्षण कुटीर को 29 जून की रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी थी। वन रेंज अधिकारी हाब्बन जय सिंह ठाकुर ने बताया कि वन विभाग द्वारा इस निरीक्षण कुटीर का उपयोग वर्तमान में ठंडी धार बीट की वन रक्षक चौकी के रूप में किया जा रहा था, जिसमें ठंडी धार बीट में कार्यरत वन रक्षक फूला राम रह रहे थे। उन्होंने बताया कि आगजनी वाले दिन फूला राम पौधे लगाने के लिए हाब्बन नर्सरी गए हुए थे। निरीक्षण कुटीर की देखभाल के लिए कुटीर ठंडी धार बीट में कार्यरत वन मित्र अंबिका ठाकुर को रखा गया था, जो कि आग लगने के समय निरीक्षण कुटीर में मौजूद थी। आग लगने से किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ था।



### चिट्टा रखने के दोषी को एक साल की सजा और 20 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सत्र न्यायालय हमीरपुर के एलडी एडिशनल सैशन जज सचिन रघु ने बड़सर तहसील के अनिल धीमान को एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोषी पाया है। तथ्यों के अनुसार पहली दिसंबर 2012 को घुमारली के पास 168 चिट्टे बरामद किया था। कार में चिट्टा रखने के आरोप में बड़सर थाना में मामला दर्ज किया था। इस मामले का ट्रायल एलडी जिला उप न्यायवादी अजय कुमार किया गया। इस मामले में 9 गवाह पेश किए। तथ्यों और सबूतों के आधार पर अनिल धीमान को एनडीपीएस अधिनियम में दोषी मानते हुए एक साल का कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 3 माह की साधारण सजा और भुगतनी होगी।



### मंत्री जगत नेगी के सेना विरोधी बयान पर भाजपा हुई हमलावर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार के मंत्री जगत नेगी द्वारा भारतीय सेना और केंद्र सरकार के खिलाफ दिए गए बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने शिमला से जारी बयान में नेगी के बयान को देश विरोधी करार दिया और नेगी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मोदी सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान ने इस दौरान भारतीय सीमाएं तोड़ दी थीं। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही राष्ट्रविरोध है। जम्वाल ने नेगी के बयान को पाकिस्तान की भाषा बताते हुए इसे फर्जी और तथ्यहीन करार दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की रणनीतिक और सैन्य विजय का प्रतीक है। जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल किया कि क्या वह नेगी के बयान से सहमत हैं। उन्होंने मांग की कि यदि ऐसा नहीं है, तो जगत नेगी को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।



### आपदा प्रभावित श्रमिकों को मिलेगा कामगार कल्याण बोर्ड का सहारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड आपदा प्रभावित श्रमिक परिवारों को नए सिरे से छत मुहैया कराने की तैयारी में जुट गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेश पर बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने इस संबंध में आवश्यक हिदायतें जारी कर दी हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने जिला कल्याण अधिकारियों को उन श्रमिकों का डेटा तैयार करने को कहा है, जिनके मकान बादल फटने या भारी बरसात के कारण ढह गए हैं। मंडी जिले में कार्यरत बोर्ड के मोटिवेटर नरेंद्र कुमार और चपरासी दीपक कुमार के मकान भी आपदा में ढह गए हैं, जिन्हें आर्थिक मदद दी जाएगी। नरदेव कंवर ने मंडी के जिला श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर को निर्देश दिए हैं कि वे आपदा प्रभावित सभी श्रमिक परिवारों का डेटा मुख्यालय भेजें, ताकि उन्हें नया घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके।

# हिमकेयर योजना में बड़ा बदलाव अब 3 महीने में बनेगा नया कार्ड

## कार्डधारक पूरे वर्ष में कभी भी अपने कार्ड का करवा सकते हैं नवीनीकरण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी हिमकेयर योजना की पंजीकरण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब हिमकेयर कार्ड बनवाना पहले से कहीं ज्यादा आसान और सुव्यवस्थित हो गया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।




सरकार की तरफ से शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर 2022 में सत्ता संभालने के बाद से, राज्य सरकार ने हिमकेयर योजना के तहत 5.80 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 810 करोड़ रुपए का लाभ प्रदान कर एक मील का पत्थर स्थापित किया है। अब इस योजना को और अधिक सशक्त बनाने और कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि हिमकेयर कार्ड प्रत्येक वर्ष तिमाही आधार पर बनाए जाएंगे, जिसकी वैधता एक वर्ष होगी। कार्ड के लिए आवेदन करने हेतु पोर्टल अब हर तीन महीने बाद खोला जाएगा। यह पोर्टल प्रत्येक वर्ष मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में पूरे एक महीने के लिए खुला रहेगा। यह नई व्यवस्था जुलाई 2025 के बाद लागू होगी। वर्तमान में जुलाई माह में पोर्टल पंजीकरण के लिए खुला है। इसके बाद, हर तिमाही की पहली तारीख को पोर्टल खुलेगा और पूरे महीने सक्रिय रहेगा।

हिमकेयर कार्डधारक पूरे वर्ष में कभी भी अपने कार्ड का नवीनीकरण करवा सकेंगे। यदि कोई लाभार्थी समय पर नवीनीकरण कराने में विफल रहता है और उसका कार्ड समाप्त हो जाता है, तो नई नीति के तहत वह समाप्त हो चुके कार्ड का नवीनीकरण भी तिमाही आधार पर (मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में) करवा सकता है। बताया गया है कि इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करना और प्रदेश की जनता को निर्बाध, मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। हिमकेयर योजना विभिन्न वर्गों के लोगों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है, ताकि कोई भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

बीपीएल परिवार, मनरेगा मजदूर, रेहड़ी-फड़ी वाले, अनाथ और जेल कैदियों के लिए हिमकेयर कार्ड निशुल्क बनाए जाते हैं। एकल महिलाओं, अनुबंध और आउटसोर्स कर्मचारियों, 40 प्रतिशत और इससे अधिक दिव्यांगजनों, मिड-डे मील वर्करों, अंशकालिक श्रमिकों और दैनिक वेतन भोगियों से मात्र 365 रुपए का मामूली शुल्क लिया जाता है। शेष पात्र वर्गों से 1000 रुपए का शुल्क लिया जाता है। इस कार्ड के अंतर्गत एक परिवार के अधिकतम 5 सदस्यों को शामिल किया जाता है। हिमकेयर योजना के तहत कुल 3227 बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाता है।

### पीजीआई चंडीगढ़ में भी मिलेगी इलाज की सुविधा

**हिमकेयर** लाभार्थियों को प्रदेश सरकार के 136 स्वास्थ्य संस्थानों के साथ-साथ पीजीआई चंडीगढ़, सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल चंडीगढ़ और होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर (टाटा मेमोरियल सेंटर) चंडीगढ़ में भी मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, राज्य में कार्यरत सभी निजी संस्थानों में हिमकेयर योजना के तहत डायलिसिस सेवाएं भी निशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

# प्रभावितों को राशन पहुंचाने के लिए सेना ने संभाला मोर्चा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

### गृह मंत्री ने पूर्व सीएम जयराम से फोन पर ली हालत की ताजा जानकारी


प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए जयराम ठाकुर।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर शुक्रवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात कर ताजा हालात और बचाव एवं राहत कार्यों को लेकर जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि एनडीआरएफ के अलावा आज सेना के जवानों की एक टुकड़ी भी यहां पहुंच गई है और वे दुर्गम इलाकों में राशन और जरूरी सामान पहुंचाने में जुट गई है।

उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और होमगार्ड जवानों द्वारा दी जा रही सेवाओं को सराहते हुए कहा कि सभी पूरी मुस्तेदी से दिए गए टास्क को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लापता लोगों की तलाश में भी टीमें जगह-जगह पहुंच रही हैं और बाढ़ प्रभावित इलाकों में राशन पहुंचाने के अलावा फंसे हुए लोगों को निकालने में इनकी भूमिका सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से भी एनडीआरएफ के सेकंड कमांडेंट रजनीश, एसडीआरएफ के कमांडेंट अर्जित सेन और जिला पुलिस प्रमुख साक्षी वर्मा से संपर्क बनाए हुए हूं। पूर्व मुख्यमंत्री ने सुबह ही बगसियाड पहुंचकर जलशक्ति, बिजली और लोक निर्माण अधिकारियों से प्रोग्रेस रिपोर्ट बारे निर्देश दिए। उन्होंने संचार सेवाओं को दुरुस्त करने में जुटी कंपनियों के अधिकारियों से मौके पर बात कर जल्द दूरसंचार सेवाएं बहाल करने को कहा।

उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता अभी फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने और लापता लोगों की तलाश है। सभी टीमें तालमेल से काम कर रही हैं और इन्हें स्थानीय लोगों के साथ लगातार फीडबैक लेकर काम करने को कहा है। उन्होंने हरनाल नाला में सड़क खोलने में जुटी मशीनों के पास भारी बारिश बीच भी काम कर रहे इन लोगों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है शुक्रवार शाम तक हम थुनाग पहुंच जाएं।

# एंबुलेंस कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन और भत्ते

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/बंगाणा**

राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा 108 व 102 के कर्मचारियों का शोषण पिछले कई वर्षों से हो रहा है। इन कर्मचारियों को न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही अन्य भत्ते मिल रहे हैं, जिसको लेकर उन्होंने एक दिन की हड़ताल भी की थी। सीटू के बैनर तले एंबुलेंस कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त व महासचिव बालक राम ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष भी अपना पक्ष रखा, लेकिन सरकार ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया।




बता दें कि मेसवान के प्रदेश प्रभारी ने एमडी एनएचएम के सामने स्वयं 25-26 जून तक वेतन देने की बात कही थी, परंतु अभी तक कर्मचारियों का अब दो माह का वेतन नहीं दिया है। इस विषय में एमडी एनएचएम ने भी कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि स्टेट हेड ने स्वयं स्वीकार किया था कि ईपीएफ के दोनों हिस्से कर्मचारियों के वेतन से काटते हैं जो कि कानूनों के विरुद्ध है। कोई कर्मचारी यदि ऑफिस में बात करता है तो यही जबाव मिलता है कि अभी एनएचएम से पैसा नहीं आया है। 108 व 102 एंबुलेंस सेवा कर्मचारी संघ हमीरपुर के सदस्य राजेश कुमार, पंकज कलसी, अनुपमा, विनोद कुमार, मनोज कुमार, संजीव, कश्मीर सिंह, सरवन व राकेश ने सरकार से आग्रह किया है कि इस विषय में कड़ा संज्ञान लें और कर्मचारियों के हितों की रक्षा करें। जिस कंपनी के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए लिए पैसे नहीं हैं, उसका टेंडर तुरंत रद्द किया जाए।

# धर्मशाला में मानव तस्करी के आरोपों को लेकर एनआईए की रेड, एक गिरफ्तार

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार सुबह धर्मशाला के वार्ड नंबर चार में चंबा निवासी युवक के घर पर रेड मारी। युवक पर मानव तस्करी, डंकी रूट से लोगों को विदेश भेजने के आरोप लगाया गया है। इस पूरे मामले को लेकर एनआईए जांच में जुटी हुई है। युवक पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। कई घंटों तक चली दबिश के बाद एनआईए की टीम दोपहर को आरोपी युवक सन्नी को गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई। जांच टीम ने युवक के घर से कुछ रिकॉर्ड भी कब्जे में लिए हैं। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 143, 238, 318, 61 के अलावा पंजाब यात्रा पेशेवर अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है।



### आरोपी 10-11 लाख अमेरिकी डॉलर लेकर लौटे थे भारत

जानकारी के अनुसार सनी कम्युनिकेशन सेंटर के मालिक सनी के बैंक खातों और दस्तावेजों की गहन जांच एनआईए की टीम द्वारा की गई है और मौके से एनआईए की टीम ने जरूरी कागजात भी अपने कब्जे में लाने के साथ सनी को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है पिछले कई दिनों से खुफिया एजेंसी सनी पर नजर रख रही थी। एनआईए की टीम चंडीगढ़ से सुबह करीब 4 बजे धर्मशाला पहुंची और अपनी जांच पूरी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार, सनी की पत्नी क्रिस्टिन मास्को (रूस) की रहने वाली है और पहले बॉर्डर पार करवाने जैसे संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रही है। जांच में सामने आया है कि हाल ही में यह दंपती लगभग 10 से 11 लाख अमेरिकी डॉलर लेकर भारत लौटे हैं। भारत लौटने के कुछ ही समय में सनी ने धर्मशाला के आसपास तीन अलग-अलग स्थानों पर जमीनें खरीदीं और इसी महीने की 2 मई को मैक्लोडगंज में एक बड़ी मोबाइल और संचार उपकरणों की दुकान भी शुरू की थी, जहां फर्जी सिम कार्ड बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आई थीं। आरोपी ने 2 मई को ही सनी कम्युनिकेशन की बड़ी दुकान खोली है और मैक्लोडगंज में एक तीन मंजिला मकान भी खरीदा है, जिससे उसकी बढ़ती आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# शिक्षा मंत्री ने जुब्बल में किया 9 .40 करोड़ की सड़क का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को उपमंडल जुब्बल के शुराचली क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न विकास कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और कई महत्वपूर्ण कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर, उन्होंने 9 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से निर्मित झगटान पंचायत की महत्वपूर्ण गलछू कोठू गारली सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क झगटान पंचायत के सीमावर्ती गांव जैसे झालटा और धानसर के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे उनकी कनेक्टिविटी में सुधार होगा।


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का अभिनंदन करते स्थानीय कार्यकर्ता व लोग।

### करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात, 400 करोड़ की लागत हुआ विभिन्न सड़कों का निर्माण

इस अवसर पर रोहित ने कहा कि शुराचली क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यहां की जनता से उनका एक भावनात्मक संबंध है। विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में, विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, प्रदेश में सर्वांगीण विकास हुआ है। विशेष रूप से जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में सड़क निर्माण के क्षेत्र में 400 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण और उन्नयन कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शुराचली क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण और मुख्य सड़क 'सावड़ा मांदल झगटान' की मेटलिंग और टारिंग का कार्य 19 करोड़ रुपए की लागत से युद्ध स्तर पर जारी है और इसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

अपने दौरे के दौरान, शिक्षा मंत्री ने 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला भी रखी और आश्वासन दिया कि यह कार्य निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने नवयुवक मंडल झगटान द्वारा आयोजित शान-ए-नुनाड़ वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की। प्रतियोगिता में आए खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सरस्वती नगर में पंचायत भवन का किया उद्घाटन

इससे पहले, शिक्षा मंत्री ने 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन सरस्वती नगर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत सरस्वती नगर के निवासियों सहित पंचायत के प्रधान, उप-प्रधान और सभी वार्ड सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस भवन के निर्माण से पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में और अधिक सुविधा होगी तथा कर्मचारियों की कार्यदक्षता में भी वृद्धि होगी।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजनों ने पति-देवर पर लगाया हत्या का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

पुलिस थाना मैहतपुर के तहत बडैहर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान ममता देवी (28), पत्नी विंदर कुमार के रूप में हुई है। ममता के मायका पक्ष ने इसे हत्या करार दिया है। ममता की मां रजनी देवी, निवासी मैहवा (जिला रूपनगर, पंजाब) ने सुनियोजित हत्या करार देते हुए पति और देवर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रजनी के अनुसार, उनकी बेटी ममता की शादी वर्ष 2020 में विंदर कुमार से हुई थी। शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बेटी के मां बनने के बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया। ममता को अक्सर प्रताड़ना का सामना करना पड़ता था। इस विषय में पंचायत में भी शिकायत की गई, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई की रात करीब 10 बजे ममता ने फोन कर बताया कि उसका पति और देवर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसके कुछ देर बाद ममता का फोन बंद हो गया। थोड़ी देर बाद विंदर ने कॉल कर बताया कि ममता रसोई में गिर गई है और उसकी तबीयत बिगड़ गई है। फिर कुछ समय बाद कहा कि ममता की मृत्यु हो गई है।

अगली सुबह जब रजनी देवी परिवार सहित बडैहर पहुंचीं, तो विंदर ने दावा किया कि ममता की मौत 'साइलेंट अटैक' से हुई है, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की, तो खुलासा हुआ कि ममता की मृत्यु फंदे से लटकने के कारण हुई है। उधर, एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल शिकायत के आधार पर पति व देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सियासत

### वरिष्ठों का सम्मान; संगठन का विस्तार, जेपी नड्डा का तालमेल मंत्र

# मिशन 2027: हिमाचल में भाजपा का मास्ट रस्ट्रोक

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक महत्वपूर्ण राजनीतिक दांव खेला है।


प्रो. प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार से उनके आवास पर मिलते केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा।

प्रदेश भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के साथ, नड्डा ने हिमाचल के दो कद्दावर पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रो. प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार से मुलाकात कर पार्टी के भीतर एकजुटता और सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। यह मुलाकात न केवल पार्टी के दिग्गजों को एक मंच पर लाने का प्रयास है, बल्कि 2027 में मजबूत सरकार बनाने के भाजपा के संकल्प का स्पष्ट संकेत भी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार नड्डा का यह कदम सभी कोनों को सहेज कर बेहतरीन तालमेल बिठाने की उनकी रणनीति का हिस्सा है।

साल 2022 के विधानसभा चुनावों में मिली हार और उसके बाद राज्य में कांग्रेस सरकार के आने के जख्म को भरने के लिए, नड्डा एक सुदृढ़ और एकजुट संगठन का निर्माण करना चाहते हैं। डॉ. बिंदल को तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के तुरंत बाद, नड्डा का हिमाचल दौरा और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात, पार्टी को एक नई दिशा और ऊर्जा देने का 'लॉन्च पैड' मानी जा रही है।

### बिंदल का लक्ष्य भ्रष्ट कांग्रेस को उखाड़ फेंकना

**तीसरी** बार भाजपा अध्यक्ष का मोर्चा संभालने के बाद डॉ. राजीव बिंदल ने अपने पहले अध्यक्षीय भाषण में ही साल 2027 में भाजपा की मजबूत जीत सुनिश्चित करने का लक्ष्य स्पष्ट कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट कुप्रबंधन वाली और जनता को परेशान करने वाली बताते हुए उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया था। नड्डा की यह मुलाकात प्रदेश अध्यक्ष के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संगठन में तालमेल बिठाने का 'मास्टर स्ट्रोक' माना जा रहा है।

### विस चुनाव में डंका बजाने की जुगत

**साल** 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार का अंतर मात्र 0.9 फीसदी था, और पार्टी तीन सीटों पर 400 से भी कम वोटों से हारी थी (भोरंज 60, सुजानपुर 399, शिल्लाई 382)। हालांकि, हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उसे 56.29 फीसदी मत प्राप्त हुए, जो कांग्रेस से 14.72 फीसदी अधिक था। यह प्रदर्शन भाजपा के मजबूत संगठनात्मक शक्ति और जनता के बीच बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

### विजय मार्ग आगे बढ़ाने की तैयारी

**नड्डा** और बिंदल की यह रणनीतिक मुलाकात 2024 की लोकसभा जीत के उत्साह को 2027 के विधानसभा चुनावों में बदलने की तैयारी का हिस्सा है। भाजपा, जो अपने मजबूत संगठन के लिए जानी जाती है, को अगर नई उचित दिशा एवं नई ऊर्जा मिल जाए तो वह एक विस्फोटक शक्ति के रूप में उभर सकती है। यह मुलाकात हिमाचल प्रदेश में भाजपा के लिए विराट विजय का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हिमाचल में आफत का 'रेड अलर्ट'

## जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कें ठप और बिजली-पानी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में अगले एक हफ्ते तक मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। मौसम विभाग ने 5 से 9 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विशेष रूप से 6 जुलाई को कांगड़ा और सिरमौर जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है, जहां अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। इसके अतिरिक्त, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी, सोलन और कुल्लू जिलों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है, जो भारी बारिश का संकेत है।



जानकारी के अनुसार लगातार हो रही बारिश ने पूरे हिमाचल में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार सुबह तक राज्य में 280 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद थीं। इनमें से सबसे ज्यादा 156 सड़कें मंडी जिले में प्रभावित हैं, जहां लगातार भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। 332 बिजली ट्रांसफार्मर और 784 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली और पानी की समस्या खड़ी हो गई है।

मानसून की शुरुआत के बाद से ही मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। 30 जून की रात को बादल फटने की घटना के बाद से अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 55 लोग अभी भी लापता हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई हैं, लेकिन लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण चुनौतियां बढ़ रही हैं।

मंडी जिले के पंडोह-डयोड राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण मार्ग बाधित हो गया है, जिससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया है। वहीं, परवाणू के कामली में सड़क धंसने से एक कार खड्ड में जा गिरी, जिसमें दो लोग घायल हो गए।

मौसम विभाग और जिला प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से अत्यंत सतर्क रहने की अपील की है। एडवाइजरी जारी कर कमजोर क्षेत्रों, जलभराव वाले इलाकों, जलाशयों के पास और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। अनावश्यक यात्रा टालने और मौसम की जानकारी से लगातार अपडेट रहने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ने दी बेहतरीन सेवाएं



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना प्रभारी डमटाल इंस्पेक्टर कल्याण सिंह करीब पिछले 3 साल से थाना प्रभारी के तौर पर अपनी सेवाएं देने के बाद आज उन्हें उनके स्टाफ द्वारा तथा समाजसेवी तथा व्यवसायी विजय बोकोलिया द्वारा विदाई दी गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ने कहा कि उन्हें जो मान सम्मान थाना डमटाल की जनता में दिया गया है वह उसे हमेशा याद रखेंगे तथा जनता के प्रति उन्होंने उनका धन्यवाद करते हुए कहा के थाना डमटाल का क्षेत्र एक चुनौती पूर्ण थाना है जिसमें हर रोज कोई न कोई चुनौती का सामना करना पड़ता है, परंतु यहां पर उन्हें आम जनता के सहयोग से हर चुनौती का सामना उन्होंने बड़े उचित ढंग से निभाने का प्रयास किया है। ज्ञात रहे कि इंस्पेक्टर कल्याण सिंह का तबादला सेकंड आईआरबीएन में किया गया है यहां पर अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए अपना पद ग्रहण करेंगे।

### किशोरावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उच्च पाठशाला झिकली भेठ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिलावर देओल के निर्देशानुसार किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने उपस्थित अध्यापकों तथा बच्चों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के ऊपर विस्तृत जानकारी प्रदान की। रवि स्याल ने कहा कि किशोरावस्था बच्चे के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है।इस अवस्था में ही बच्चे का शारीरिक, भौतिक , सामाजिक तथा भावनात्मक विकास होता है। किशोरावस्था में बच्चों को अच्छे पोषण, अच्छी शिक्षा तथा सर्वोत्तम व्यवहार की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नशे से, जंक फूड से तथा बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी।

### जयसिंहपुर कॉलेज का परिणाम रहा शतप्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भी बीएससी द्वितीय वर्ष में शत-प्रतिशत परिणाम की उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय ने एक बार फिर से अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है जिसमें हमारे छात्रों ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र जी ने कहा, हमें अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व है साथ ही यह संपूर्ण महाविद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है। यह हमारे शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। महाविद्यालय जयसिंहपुर ने हमेशा से ही शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए काम किया है और यह उपलब्धि हमारे प्रयासों का परिणाम है। बीएससी द्वितीय वर्ष में अमिता ने प्रथम स्थान व कार्तिक ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य ने विज्ञान विभाग के प्राध्यापक वर्ग डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. इंद्र कुमार, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो. हरजिंद्र सिंह, डॉ. आस्था गुप्ता, प्रो. शिवानी व प्रो. पूनम शर्मा को बधाई दी एवं सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।



# पानी की किल्लत से लोगों का जीना मुहाल

## ज्वालामुखी वार्ड नंबर 3 में पानी की गंभीर समस्या, प्रशासन बना अनजान

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** शहर के वार्ड नंबर-3 में पानी की किल्लत ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बीते एक सप्ताह लोगों को पीने के पानी तक के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं, बल्कि



वर्षों पुरानी है, लेकिन आज तक न तो किसी सरकार ने और न ही किसी विभागीय अधिकारी ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई की है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पानी सप्लाई के नाम पर कभी हवा आती है, तो कभी बहाना बनाकर जिम्मेदार पल्ला झाड़ लेते हैं। वार्ड में एक दिन पानी आता है, और दूसरे दिन पूरी तरह से नल सूखे रहते हैं। पानी छोड़ने वाले वाटर गार्ड्स बिजली न होने या पानी कम आने का हवाला देते हैं, जबकि जानकारों का कहना है कि हर दिन लगभग 8 लाख लीटर पानी टैंक में आता है। सप्लाई एक ही लाइन पर दी जाती है और बाकी लाइनें सूखी रहती हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उनका जवाब था कि सब कुछ ठीक है, पानी की कोई समस्या नहीं है। जबकि जमीनी हकीकत इसके बिलकुल उलट है। ऐसे में प्रशासन भी अनजान बना हुआ है।

### समस्या का होगा समाधान

**निवासियों** ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे। इस संदर्भ में अधिशाषी अभियंता ज्वालामुखी अनीश ठाकुर का कहना है की मामला उनके ध्यान में अभी आया है, उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खेतीबाड़ी में नवाचार अपनाने की आवश्यकता : चंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चंद्र कुमार।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मटौर में उत्सव पैलेस सभागार में कृषि विभाग जिला कांगड़ा में निर्यात योग्य बासमती चावल की पैदावार को बढ़ाने हेतु आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता की। कृषि मंत्री ने किसानों को खेतीबाड़ी के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर नवाचार अपनाने और कृषि ढांचे में बदलाव लाने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि किसान कृषि विभाग के साथ संपर्क बनाए रखें, ताकि नई तकनीकों की जानकारी मिलती रहे और उत्पादन में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि जिला में 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल उगाई जाती है जिसमें 15 प्रतिशत बासमती किस्म का धान जिला के ज्वाली, फतेहपुर, इंदौरा, व रैत में बासमती धान उगाया जा रहा है। जबकि कांगडा, नगरोटा बागवां व भवारना विकास खंड में भी बासमती चावल उगाया जाता है। इस किस्म को सुधारने की आवश्यकता है जिसके प्रत्याश किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से प्राकृतिक गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी पर क्रमशः 60, 40 और 90 रुपए प्रति किलो की न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर खरीद कर रही है। भैंस और गाय के दूध की खरीद भी क्रमशः 61 और 51 रुपए प्रति लीटर की दर से की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को खेती और पशुपालन की ओर प्रेरित किया जा सके।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के स्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत भवनों का निर्माण, लोकमित्र केंद्रों की स्थापना, किसानों व पशुपालकों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान कर सरकार हर स्तर पर गांवों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। कार्यशाला का आयोजन कृषि विभाग जिला कांगड़ा द्वारा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा सोसायटी एक्ट में स्थापित बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया ।

यह संस्था बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने और आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने के लिए काम करती है। कृषि पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया । इस प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को धान की फसल में जैविक कीट प्रबंधन, प्राकृतिक खेती की विधि से धान के उत्पादन, धान की फसल के बीमा की जानकारी दी गई । इस दौरान एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल , जवाली से कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता संसार सिंह संसारी, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष निशु मोंगरा सहित आदि मौजूद रहे।

## पालमपुर में भवारना से आया व्यक्ति कूड़ा फेंकते पकड़ा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



व्यक्ति से फेंके हुए कूड़े को उठवाते हुए।

पालमपुर नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करते हुए भवारना से संबंधित एक वाहन को सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई नगर निगम के पार्षद संजय राठौर द्वारा मौके पर की गई।

यह कृत्य हिमाचल प्रदेश गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा नियंत्रण अधिनियम, 1995 का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पालमपुर नगर निगम के मेयर गोपाल नाग ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित वाहन मालिक के खिलाफ कानून के तहत आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त और मेयर ने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम निगरानी और कार्रवाई को और कड़ा करेगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और इस प्रकार के उल्लंघन की सूचना तुरंत निगम प्रशासन को दें।

## शहीदों की प्रतिमाओं की नियमित देखभाल करें सुनिश्चित : एसडीएम

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर क्षेत्र में स्थापित वीर शहीदों की प्रतिमाओं के रखरखाव तथा महत्वपूर्ण अवसरों पर श्रद्धांजलि अर्पित करने की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने की।

बैठक में सौरभ वन विहार स्थित कैप्टन सौरभ कालिया की प्रतिमा (जोकि वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती है) सहित नगर निगम पालमपुर के अंतर्गत आने वाली कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर सुधीर वालिया, मेजर सोमनाथ शर्मा व अन्य वीर शहीदों की प्रतिमाओं के रखरखाव, उनकी जयंती एवं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के प्रबंधों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। एसडीएम ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग शहीदों की प्रतिमाओं की नियमित देखभाल सुनिश्चित करें तथा जयंती एवं शहादत दिवस जैसे अवसरों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के लिए आवश्यक प्रबंध समय रहते करें।

उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर साफ-सफाई, पुष्पांजलि तथा जन सुविधा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में तहसीलदार साजन बग्गा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम विकास शर्मा, वन मंडल अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सार्थक सूद मौजूद रहे।

## अधिकारी सौर ऊर्जा पैनल लगाने की कार्ययोजना करें तैयार : पठानिया

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



अधिकारियों से बैठक करते केवल सिंह पठानिया।

धर्मशाला में उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि पिछले 14 माह के दौरान शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत तहसील शाहपुर, धर्मशाला, दरीणी तथा हारचक्कियां के अंतर्गत 582 मामलों की निशानदेही की गई तथा 9,845 इंतकाल किए गए। केवल पठानिया ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला कांगड़ा के विभिन्न विद्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए कार्य योजना तैयार करें ताकि मुख्यमंत्री द्वारा परिकल्पित 'ग्रीन स्टेट' की संकल्पना को साकार किया जा सके।


उन्होंने फंड के सदुपयोग तथा पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने पर भी बल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा प्रशासन को मानसून के दृष्टिगत पौधरोपण की कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही शाहपुर उपमंडल में कार्य कर रहे विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की सराहना भी की।

केवल पठानिया ने बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में ट्राउट क्लस्टर के लिए 3.03 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है। उन्होंने वन विभाग को करेरी के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने तथा राजस्व विभाग को कालापुल में निर्माणाधीन विश्राम गृह का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त सुभाष गौतम, एसडीएम कांगड़ा ईशांत जसवाल, एसडीएम शाहपुर करतार चंद, उपनिदेशक उच्च शिक्षा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय समयाल, उपनिदेशक मत्स्य राकेश, सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी, अधीक्षण अभियंता जलशक्ति विशाल जसवाल, जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर सहित आदि मौजूद रहे।




# विदेशी सब्जियों की खेती के प्रति आकर्षित हो रहे सोलन के किसान



**पारंपरिक** फसलों से हट कर किसान नई-नई फसलों की खेती की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। विदेशी सब्जियों की खेती से होने वाली मोटी कमाई के कारण कई किसान इन दिनों विदेशी सब्जियों की खेती की तरफ अधिक ध्यान दे रहे हैं। जिला मुख्यालय सोलन सहित कंडाघाट, अश्वनी खड्ड के क्षेत्र के किसानों ने इनमें लैट्यूस, सैलरी, पार्सले, ब्रोकली, लाल बंद गोभी, चाइनीज गोभी, चेरी टमाटर, लाल व पीली शिमला मिर्च समेत अन्य शामिल हैं।

**ब्रोकली, लाल बंदगोभी, चेरी टमाटर,पीली शिमला मिर्च उगाकर कर रहे कमाई**

इन सब्जियों का उत्पादन कर किसान अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं, क्योंकि इन फसलों में लागत भी कम आती है। कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट की तरफ से आर्य परियोजना के तहत प्रशिक्षण और फार्मर फील्ड स्कूल लगाकर किसानों को विदेशी सब्जी उत्पादन की तरफ आकर्षित किया जा रहा है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट के वैज्ञानिक डॉ. सीमा ठाकुर, डॉ. राजेश ठाकुर ने गांव क्यार, कनेवला, मझाई, चनोगड़ी सहित कई गांवों का दौरा किसानों को विदेशी सब्जी उत्पादन में आ रही समस्याओं का समाधान किया। किसान सुरेंद्र ठाकुर, अमित ठाकुर, नरेश ठाकुर, गुलाब सिंह, जयकिशन शर्मा और सुमित ने बताया कि विदेशी सब्जियां उगाने का मुख्य कारण बाजार में जहां इनकी अच्छी मांग है, वहीं इस फसल को वर्ष भर उगाया जा सकता है। विदेशी सब्जियों की तो इनकी मांग रेस्तरां एवं होटलों में बढ़ने लगी है। हालांकि पारंपरिक फसलों की तुलना में इन सब्जियों को अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। बदलते समय के साथ यदि आप भी पारंपरिक फसलों की जगह विदेशी सब्जियों की खेती करना चाहते हैं तो इससे जुड़ी कुछ जानकारियां यहां से प्राप्त करें। इन दिनों ब्रोकली, रंगीन चाइनीज गोभी, लाल एवं पीली शिमला मिर्च, सैलरी, पॉकचोई, पार्सले, लेट्यूस, केल, चेरी टमाटर, ब्रुसेल्स स्प्राउट्स, एस्पेरेगस, आदि विदेशी सब्जियों की मांग अधिक होती है। **-प्रस्तुति : आर मोहन चौहान।**



**ब्रोकली** यह गोभी वर्गीय सब्जियों में शामिल है। इसके पौधे और फूल देखने में फूलगोभी की तरह होते हैं। इसके फूलों का रंग हरा, पीला और बैंगनी होता है। लेकिन हरे रंग की ब्रोकली सबसे अधिक लोकप्रिय है।

**ब्रुसेल स्प्राउट्स :-** देखने में यह छोटे आकार की बंदगोभी लगती है। इसका आकार 3 से 5 सेंटीमीटर व्यास तक होता है। विटामिन ए से भरपूर इस सब्जी की बुवाई के लिए अगस्त-सितंबर का महीना उपयुक्त है। बात करें पैदावार की तो प्रति एकड़ भूमि से 20 से 40 क्विंटल सब्जियां प्राप्त होती हैं।

**लेट्यूस :-** इनमें विटामिन, कैल्शियम एवं आयरन, प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसकी खेती के लिए अच्छी जल निकासी वाली उपजाऊ दोमट मिट्टी सर्वोत्तम है। नर्सरी तैयार करने के साथ सीधी बुवाई करके भी इसकी खेती की जा सकती है।



### सूप और चटनी बनाने में भी उपयोगी

**सलाद** के अलावा इसका प्रयोग सूप एवं चटनी बनाने में किया जाता है। कम नमी वाले क्षेत्रों में एवं भरपूर मात्रा में सूर्य की रोशनी मिलने पर उच्च गुणवत्ता की फसल प्राप्त होती है। प्रति एकड़ जमीन के लिए 40 से 50 ग्राम बीज की आवश्यकता होती है।

### किसान विदेशी सब्जी को दे रहे ज्यादा महत्व

**कंडाघाट** में अश्वनी खड्ड के साथ लगते क्षेत्र तेजी से विदेशी सब्जी उत्पादन में अग्रणी बनते जा रहे हैं। यहां के किसान टमाटर और शिमला मिर्च की खेती को छोड़कर विदेशी सब्जी उत्पादन को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। इससे किसान अच्छा मुनाफा भी कर रहे है।

# धान में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन

**धान की फसल को कीटों से बचाने के हैं कई तरीके**

**एक** ऐसी व्यवस्था है जिसमें धान की फसल को हानिकारक कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए विभिन्न तरीकों (जैसे व्यवहारिक, यांत्रिक, जैविक और रासायनिक नियंत्रण) का उपयोग किया जाता है, ताकि रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से बचा जा सके और फसल को होने वाले नुकसान को आर्थिक हानि स्तर से नीचे रखा जा सके।

### पत्ता लपेटक

#### पहचान व जीवन चक्र

**यह** कीट नारंगी भूरे रंग का होता है। इस पर बहुत सी छितरी लाईनें-चकतियां और पंखों के किनारों पर गहरी धारियां होती हैं। मादा लगभग 300 अंडे देती है । अंडे देने की अवधि 3-4 दिन होती है । अंडों से निकली हुई सुंडियों का रंग हरापन लिए हुए सफेद होता है। सुंडियां पत्ती के मोड़ों के अंदर बनी रहकर हरे हिस्से को खाती हैं, जिससे पत्तियां सफेद झिल्लीदार, मुड़ी हुई हालत में पहुंच जाती है और झुलसी हुई दिखाई देती हैं । सुंडी की अवधि 15-17 दिन रहती है ।प्यूपा बनने की अवधि 6-7 दिन रहती है । वयस्क पतंगे 3-4 दिन जिन्दा रहते हैं और इनका पूरा जीवन चक्र 24-59 दिन में पूरा होता है।



**रोकथाम :** ट्राइकोग्रामा किलोनिस (अंड परजीवी) 4000 अंडा प्रति कनाल् की दर से 3-4 बार छोड़ने हैं (10-12 दिन के अंतराल पर)

### तना छेदक

#### पहचान व जीवन चक्र

**मादा** कीड़े के आगे के पंख पीलापन लिए हुए होते हैं। विकसित सुंडियां हल्के पीले रंग की होती हैं। कीट का जीवन चक्र 31-40 दिन में पूरा होता है ।



**नुकसान** लार्वे तने को अन्दर से खाकर फसल को हानि पहुंचाते हैं। तना सूख जाता है तथा सफेद बालियां बनती हैं। सफेद बालियों में दानें नही बनते तथा यह बालियां खींचने पर आसानी से बाहर निकल आती हैं। इस कीट का आक्रमण जुलाई से अक्तुबर तक होता है।

**रोकथाम** पौधशाला की समय-समय पर निगरानी करें तथा अंड समूहों को नष्ट कर दें । ग्रसित पौधों को सुण्डि सहित नष्ट करें । अंड परजीवी ट्राईकोग्राम जापोनिकम के 50,000 अण्डे प्रति हैक्टेयर अथवा 4000 अंडे प्रति कनाल की दर से 2-3 बार खेत में छोड़े । नीम आधारित दवाईयों का छिड़काव करें। अधिक प्रकोप होने पर रसायनिक दवाईयों का इस्तेमाल कृषि विशेषज्ञ की सलाह करें।

**नोट :- कीटनाशक का छिड़काव तभी करें यदि 5 प्रतिशत या इससे अधिक पौधे ग्रसित हों ।**

## चैफर बीटल के प्रकोप से सिट्टे में बनते हैं खुले हुए खाली दाने, पहाड़ी इलाकों में ज्यादा नुकसान

सिट्टे के निकलते ही यह कीट दानों को खोलकर दूधिया भाग को खा जाता है। इस कीट के प्रकोप से सिट्टे में खुले हुए खाली दाने बनते हैं। यह कीट पहाड़ी इलाकों में धान का मुख्य कीट बन चुका है।



**रोकथाम :-** फसल की समय-2 पर निगरानी करना, व्यस्क कीटो को इक्ट्ठा करके मार दें । इस कीट का आक्रमण होते ही 1250 मिली क्लोरपाइरीफास 20 ईसी या 625 मिली साइपरमैथरिन 10 ईसी को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव करें। नीम आधारित दवाईयों का छिड़काव करें।

## धान के मुख्य रोग

### ब्लास्ट रोग

नरसरी व दौजियां निकलने की अवस्थाओं में पत्तों पर छोटे भूरे से लाल-भूरे, जलसिक्त, नाव के आकार के धब्बे बनते हैं जो मध्य में धूसर रंग के होते हैं । ऐसे धब्बे तनों, पर्णच्छद, बालियों और दानों पर भी आते हैं। इस बीमारी से पौधे छोटे, बालियों की संख्या व दानों का भार कम हो जाता है। बालियों की रोग ग्रस्त गरीबा सिकुड़ जाती है और कई बार रोयेंदार फफूंद वृद्धि भी दिखाई देती है। यदि पौधों में शुरू में बीमारी आ जाए तो वह मर जाते हैं।



### तना सड़न

**जब** पौधे 2-3 महीने के होते हैं तो पानी की सतह से पौधों परछोटे-छोटे काले, बेतरतीब धब्बे पर्णच्छद पर आते हैं। तना नर्म पड़कर सड़ने लगता है तथा गिर जाता है। अधिक बीमारी आने पर पौधा मर जाता है। रोग-ग्रस्त पौधे या तो दाने पैदा नहीं करते या पैदा हुए दाने सिकुड़े हुए होते हैं । यदि प्रभावित पौधे के तने को खोलकर देखें तो उसमें काले रंग के गोल-गोल बिन्दुओं की तरह स्कलेरोशिया मिलते हैं जो इस बीमारी के लक्षण हैं ।



**रोकथामः-** खेत में अधिक समय के लिए पानी खड़ा न रहने दें । फसल की कटाई के बाद पौधों के अवशेषों को इक्ट्ठा करके जला दें ।

**रोग प्रतिरोधी किस्में-** बासमती प्रजाति की बीजें ।

### भूरा धब्बा

**पत्तो** पर अंडाकार भूरे धब्बे जो बीच में से धूसर या सफेद होते हैं, प्रकट होते हैं । अधिक बीमारी आने पर पत्ते मुरझा जाते हैं । बालियों पर काले या गहरे-भूरे रंग के धब्बे बनते हैं जो कभी-कभी पूरी बालियों पर आ जाते हैं । जिससे दानों पर भी बीमारी आ जाती है । ऐसे में बालियां टूट जाती है सिकुड़े हुए दाने बनते हैं ।



**रोकथामः-** बीज का थिरम (3 ग्राम / किग्रा बीज) से उपचार करें। नर्सरी में इंडोफिल एम-45 या इंडोफिल जैड-78 (0.25 ) (5ग्राम 2 लीटर पानी में प्रति 100 वर्ग मीटर क्षेत्र) का छिड़काव करें । यह रोग उग्र रूप में प्रकट होता है वहां पर टिल्ट 25 ईसी (1 मिली दवाई प्रति लीटर पानी) के दो छिड़काव पौधरोपण के 45 और 65 दिन बाद करें।

### पानी की निकासी न होने से केस वर्म का ज्यादा प्रकोप

**कीट** का प्रकोप उन खेतों में अधिक होता है जिनमें पानी की निकासी उचित ढंग से न हो। इस कीट की सुण्डियां पत्तों के सारे भाग को खा जाती हैं और केवल शिराएं रह जाती हैं। ग्रसित फसल ऐसे प्रतीत होती है जैसे कि फसल को कैंची से काट दिया गया हो। सुंडियां अपने आपको पत्तें के थोड़े भाग में लपेट लेती हैं जो आसानी से गिर जाती हैं और पानी की सतह पर तैरती हुए नजर आती हैं। सुण्डियां पुराने पत्तों को छोड़कर नए पत्तों पर आक्रमण करती हैं। इसका आक्रमण प्रायः सितम्बर माह में अधिक देखने को आता है।

**रोकथाम :खेतों से पानी निकाल दें।**



डॉ. कुलदीप धीमान, डिप्टी डायरेक्टर, कृषि, जिला कांगड़ा।



अंजू ठाकुर, विषय विशेषज्ञ, स्टेट बायोकंट्रोल लैबोरेटरी, पालमपुर।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं ने सीखा एलईडी बल्ब बनाना



सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली। गरली क्षेत्र के सदबा गांव की महिलाओं ने अब स्वरोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा लिया है। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) चंडीगढ़ के सहयोग से शुक्रवार चार जुलाई को स्वर्ग संस्था, भरतपुर द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को एलईडी बल्ब असेंबलिंग का प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के प्रबंधक बलवीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कार्यशाला में उन्हें एलईडी बल्ब के पार्ट्स, तकनीकी जानकारी, फायदे, उपयोग, और इसे रोजगार के रूप में अपनाने से लेकर बाजार उपलब्ध कराने तक की पूरी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में महिलाओं ने अपने हाथों से बल्ब असेंबल कर उसे जलाकर देखा, जिससे उनके चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे। प्रशिक्षणी महिलाओं ने सिडबी चंडीगढ़ और स्वर्ग संस्था का आभार जताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके लिए स्वावलंबन की राह खोल रहा है। यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी कौशल सिखा रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास है।

### अरुणाचल प्रदेश के सीएम पहुंचे धर्मशाला

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू शुक्रवार को धर्मशाला पहुंच गए। वे तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस और दीर्घायु प्रार्थना कार्यक्रम में विशेष अतिथि होंगे। धर्मशाला के होटल हयात में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की सुरक्षा मंत्री कालोन डोलमा ग्यारी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर तिब्बती समुदाय के वरिष्ठ अधिकारी और धार्मिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। 6 जुलाई को मैक्लोडगंज में दीर्घायु प्रार्थना समारोह और जन्मदिवस उत्सव आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दलाई लामा के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

# नशा तस्कर के घर का अवैध हिस्सा ढहाया

## पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ कुल 27 मामले हैं दर्ज

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

पठानकोट। पंजाब में 'नशे के खिलाफ युद्ध' अभियान के तहत पठानकोट जिला प्रशासन के निर्देशों पर पुलिस विभाग ने आज सुजानपुर में एक बड़े नशा तस्कर के घर के अवैध रूप से बनाए गए हिस्से को गिरा दिया। यह कार्रवाई पुलिस विभाग के सहयोग से नगर कौंसिल सुजानपुर द्वारा तहसीलदार दिव्या सिंगला की मौजूदगी में की गई।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि नगर कौंसिल सुजानपुर ने एक अवैध निर्माण को गिराने के लिए डिप्टी कमिश्नर पठानकोट को आवेदन दिया था। इस आवेदन के आधार पर आज नगर कौंसिल को पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई ताकि नशा तस्कर के मकान के अवैध हिस्से को गिराया जा सके।

एसएसपी ढिल्लों ने खुलासा



घर के अवैध हिस्से को गिराने के दौरान मौजूद पुलिस।

किया कि जिस परिवार के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है, उस नशा तस्कर और उसके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ नशीले पदार्थों से संबंधित कुल 27 मामले दर्ज हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की 'नशे पर युद्ध' अभियान की नीतियों के अनुसार भविष्य में भी ऐसी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

बताया कि ध्वस्त किया गया मकान सुनीता नामक नशा तस्कर के नाम पर था, जिसकी अब मौत हो चुकी है। हालांकि, उसके बेटे अशोक कुमार, बहू डिंपल, और अन्य परिवार के सदस्य अभय के खिलाफ नशे से जुड़े कई मामले अभी भी चल रहे हैं। इस मौके पर सुजानपुर के कार्यकारी अधिकारी बलजीत सिंह, एसपी मनोज ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## धर्मशाला-चंडीगढ़ हवाई रूट पर इंडिगो की एक उड़ान रद्द

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में चल रहे मानसून सीजन का असर अब हवाई यातायात पर भी दिखने लगा है। पर्यटकों की संख्या में आई कमी के कारण इंडिगो एयरलाइन ने धर्मशाला और चंडीगढ़ के बीच अपनी एक दैनिक उड़ान रद्द कर दी है।

**अब एक ही उड़ान के लिए बुकिंग उपलब्ध**

गगल एयरपोर्ट पर अब चंडीगढ़ से केवल एक ही इंडिगो उड़ान पहुंचेगी, जबकि पहले प्रतिदिन दो उड़ानें संचालित हो रही थीं। विमानन कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अब एक ही उड़ान के लिए बुकिंग उपलब्ध है।

यह उल्लेखनीय है कि 30 मार्च से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन हवाई ट्रैफिक प्लान के तहत चंडीगढ़ के लिए एक अतिरिक्त उड़ान शुरू की गई थी। लगभग तीन महीनों तक, इस रूट पर प्रतिदिन दो उड़ानें (रविवार को छोड़कर) संचालित होती रही थीं, लेकिन अब मानसून के कारण पर्यटकों की कम आमद ने एयरलाइन को यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है।

# कौलापुर पंचायत की भूमि पर अवैध लकड़ी कटान का पर्दाफाश

शिबम शर्मा, अनंत ज्ञान



अवैध रूप से ले जाई जा रही बरामद लकड़ी।

परागपुर। ग्राम पंचायत कौलापुर में लंबे समय से चल रहे अवैध लकड़ी कटान के गोरखधंधे की परते उस समय खुलीं जब बीती रात चढ़ाई पर एक ट्राला दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह ट्राला अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से भरा हुआ था।

हादसे के बाद स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन को पूरे मामले की जानकारी मिली और वर्षों से चल रही अवैध गतिविधि पहली बार खुलकर सामने आई।

कौलापुर पंचायत के प्रधान और इको टूरिज्म सोसाइटी की गवर्निंग बॉडी के सदस्य विरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इलाके में पिछले कई दिनों से रात्रि समय पेड़ों की अवैध कटाई की खबरें मिल रही थीं। ट्राले के पलटने की घटना ने इन संदेहों को पुष्टि में बदल दिया है। ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने जंगलों से लकड़ी काटने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है, फिर भी ऐसी गतिविधियों का सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। विरेंद्र ठाकुर ने हिमाचल सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय

**ट्राला पलटने से बेनकाब हुआ तस्करी नेटवर्क**

जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष भी उठाया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्त अंकुश लगाया जा सके।

वहीं, देहरा के डीएफओ सन्नी वर्मा ने जानकारी दी कि मामला वन विभाग के संज्ञान में आते ही टीम मौके पर पहुंची और लकड़ियों को जब्त कर लिया गया है। विभाग अब यह जांच कर रहा है कि ये लकड़ियां सरकारी भूमि से काटी गई हैं या किसी निजी संपत्ति से। वर्मा ने बताया कि दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी और विभागीय टीमें जांच को लेकर सक्रिय हैं।

# देह व्यापार का भंडाफोड़ पंजाब की महिला काबू

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में पुलिस ने एक बड़े देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जो टांडा मेडिकल कॉलेज के पास एक निजी गेस्ट हाउस में चलाया जा रहा था। पुलिस ने इस दौरान दो युवतियों को रेस्क्यू किया है और मुख्य आरोपी, पंजाब की एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी संवाद न्यूज एजेंसी ने दी है।

पुलिस थाना कांगड़ा को गेस्ट हाउस में देह व्यापार की गतिविधियों के संबंध में शिकायत मिली थी। इसके बाद, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। पुलिस की



दो टीमें ग्राहक बनकर वीरवार देर रात गेस्ट हाउस पहुंचीं और छापा मारा।

गिरफ्तार की गई मुख्य आरोपी की पहचान नीतू राजपूत (35), मनीमाजरा, पंजाब के रूप में हुई है। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी संजीव कुमार की टीम के साथ जोगीपुर पंचायत के प्रधान रिंपल कुमार, पार्षद पुष्पा चौधरी, वार्ड-3 से शिवानी और कुछ सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# गायक धीरज की 'कांगड़ी धमाका' एल्बम रिलीज

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

बैजनाथ। प्रदेश के मशहूर लोक गायक धीरज शर्मा ने शुक्रवार को बैजनाथ में कांगड़ी धमाका नाम से एक पहाड़ी एल्बम रिलीज की। इस एल्बम में विवाह शादियों में आजकल लुप्त होते जा रहे पहाड़ी गीत गाए हैं।

15 मिनट की इस एल्बम में अभिनय खुद धीरज शर्मा तथा मोनिका शर्मा ने किया है, वहीं इन गानों में म्यूजिक देव नेगी ने दिया है। धौलाधार तथा प्रसिद्ध बिलिंग घाटी की सुंदर वादियों में इस एल्बम की शूटिंग की गई है जिसे बहुत ही बेहतरीन ढंग से पंकज सुयाल द्वारा शूट किया गया है। लोक गायक शर्मा ने बताया कि किसी समय हमारे विवाह शादियों में अक्सर गए जाने वाले यह गीत



'कांगड़ी धमाका' नाम से पहाड़ी एल्बम रिलीज करते गायक धीरज व अन्य।

हमारी संस्कृति की पहचान थे परंतु आज दुर्भाग्यवश फिल्मी गानों की चकाचौंध के आगे यह गाने लुप्त होने के कगार पर है।

इसी उद्देश्य को रखकर उन्होंने यह एल्बम बनाया है। धीरज ने बताया कि उन्होंने बतौर अपने करियर की शुरुआत 2002 में की थी। धीरज का भेडा तेरियां सखियों से भी छट्टी पहाड़ी नॉन स्टॉप नाटियों के अलावा कई एल्बम धूम मचा चुके हैं। इन्होंने टी सीरीज, जी म्यूजिक, जेएमसी कंपनी आदि में गाने गाकर तहलका मचा दिया था अब तक यह 500 से अधिक गाने गा चुके हैं। हाल ही में एक शिव भजन, जो अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है।

# 10 दिनों बाद भी लापता आठवें व्यक्ति का नहीं लगा कोई सुराग

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप खनियारा के साथ लगती मणूणी खड्ड बाढ़ हादसे में लापता आठवें व्यक्ति का सुराग 10 दिनों बाद भी नहीं लग पाया है। उधर रेस्क्यू आपरेशन में जुटी एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीमें मंडी जिला में बादल फटने की घटनाओं के चलते मंडी शिफ्ट हो चुकी हैं। जिसके चलते अब पुलिस व होमगार्ड के जवान रेस्क्यू आपरेशन में जुटे हुए हैं।

वहीं जिला पुलिस ने मणूणी खड्ड हादसे के अभी तक लापता चल रहे व्यक्ति के संबंध में सभी पुलिस थानों में अलर्ट जारी कर रखा है। पुलिस व होमगार्ड के जवान रेस्क्यू आपरेशन में लगे हैं, साथ ही इस दौरान बारिश का क्रम भी लगातार जारी है जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में बाधा उत्पन्न हो रही है। हालांकि धर्मशाला पुलिस, पुलिस जिला देहरा और नूरपुर पुलिस टीमों के साथ भी संपर्क में हैं, जिससे कि अज्ञात शव जो भी पानी के बहाव के चलते वहां बरामद हो रहे हैं, उससे धर्मशाला से लापता व्यक्ति का कोई सुराग मिल सके।

एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि रेस्क्यू आपरेशन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड व पुलिस की टीमें जुटी हुई थी, जबकि अब एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें जिला मंडी शिफ्ट हो गई हैं।

## हैप्पी बर्थडे



गांव खरोटा बरटी की ज्योत्सना धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## समाना स्कूल के बच्चे अब डाइनिंग टेबल पर बैठकर खा रहे खाना

अनंत ज्ञान, भवारना। शिक्षा खंड भवारना के राजकीय प्राथमिक पाठशाला समाना में बच्चों के खानपान को लेकर स्कूल प्रबंधन ने एक नई पहल की है। इससे स्कूल के बच्चे अब नीचे के बजाय बेंच पर आराम से बैठ कर खाना खा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्कूल समाना में स्कूल मुख्याध्यापक लता कटोच ने स्कूल में रखे पुराने डेस्कों को नया रूप देकर डाइनिंग टेबल बना दिया है। अब बच्चे दोपहर के खाने में इसका प्रयोग कर रहे हैं। बच्चे इन बेंचों पर बैठ कर खाना खाने से काफी खुश हैं, जबकि पहले बच्चों को नीचे बिठा कर ही खाना खिलाया जाता था, लेकिन स्कूल की मुख्याध्यापक लता कटोच ने अपने पैसों से स्कूल में पड़े पुराने बेंचों को नया रूप देकर एक नई पहल की है।

इसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। लता कटोच का कहना है कि बच्चों को नीचे खाने खाते उन्हें भी अच्छा नहीं लगता था। उनका कहना है कि बच्चों की बेहतरी के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए।

# कांग्रेस बेरोजगारों और महिलाओं से किए वादे नहीं कर पाई पूरे : काजल

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

कांगड़ा। भाजपा राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने पर विधायक पवन काजल को कांगड़ा भाजपा ओबीसी मोर्चा ने बधाई दी। पार्टी हाईकमान का आभार जताया।

संगठनात्मक जिला कांगड़ा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश चौधरी की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल मटौर कार्यालय में विधायक काजल से मिला। सुरेश चौधरी ने कहा, भाजपा ने ओबीसी वर्ग के युवा विधायक को राष्ट्रीय परिषद में शामिल कर वर्ग को सम्मान दिया है। ओबीसी वर्ग एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनावों में विधायक काजल की अगुवाई में भाजपा को जीत सुनिश्चित करेगा। मोर्चा ने प्रस्ताव पारित कर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का काजल को राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य चुने जाने पर आभार जताया।

विधायक पवन काजल ने कहा, कांग्रेस सरकार ओबीसी वर्ग, किसानों, बेरोजगारों और महिलाओं से किए वादे पूरे नहीं कर पाई। महिलाओं को1500 प्रति माह नहीं मिला। उन्होंने कहा, पार्टी हाईकमान ने जो विश्वास जताया है, उसे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर और ओबीसी वर्ग को एकजुट कर पूरा करेंगे। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विजय चौधरी, जयंती मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, ब्रजेश्वरी मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार, ब्रजेश्वरी मंडल ओबीसी अध्यक्ष व महामंत्री अमितेश शाह, पेंशनर वेलफेयर कांगड़ा ब्लॉक प्रधान जगदीश आदि मौजूद रहे।



काजल का स्वागत करने के दौरान मौजूद भाजपा ओबीसी मोर्चा के सदस्य।

## श्रावण मेलों की तैयारियों को लेकर विधायक किशोरी लाल ने की अधिकारियों के साथ बैठक, कहा-

# मंदिर परिसर में सफाई का रखें विशेष ध्यान



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विधायक किशोरी लाल व अन्य।

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

बैजनाथ। उपमंडल बैजनाथ में आगामी 21 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक आयोजित होने वाले श्रावण मेलों की तैयारियों को लेकर आज खंड विकास कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने की। बैठक में मेलों के दौरान मंदिर में फूलों और बिजली की लाइटों से सजावट, टेंट लगाने की व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। विधायक ने मंदिर परिसर, मेला ग्राउंड और पार्कों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मेलों के दौरान आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं मंदिर में दर्शन की उचित व्यवस्था स्थापित करने पर बल दिया।

बैठक में मेलों के दौरान भंडारे आयोजित करने और आवश्यक सेवाओं के लिए संबंधित विभागों से सहयोग लेने पर भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त पार्किंग स्थल पर स्टॉल लगाने, मेलों में अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती तथा तीन अतिरिक्त पुजारियों की नियुक्ति हेतु चर्चा की गई। विधायक ने खीर गंगा घाट की साफ-सफाई तथा महिला स्नानागार में दरवाजे लगाने, बिजली एवं पानी की उचित व्यवस्था बनाए रखने तथा मेलों के दौरान जगह जगह पर कूड़ादान स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। विधायक किशोरी लाल ने संबंधित विभागों तथा मंदिर न्यास के सदस्यों को मेलों की तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि श्रावण मेले सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें। बैठक का संचालन तहसीलदार बैजनाथ रमन ने किया। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम, उपपुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण अजय सूद, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति राहुल धीमान सहित मंदिर न्यास के सदस्य उपस्थित रहे।

### विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा

उपमंडल बैजनाथ के खंड विकास अधिकारी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है जिसके लिए प्रदेश सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से वर्तमान समय तक किए गए विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा लेते हुए विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बैजनाथ क्षेत्र में गतिशील सभी विकास कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। विधायक ने निर्देश दिए कि बैजनाथ में नवनिर्मित बस स्टैंड का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि स्थानीय लोगों और यात्रियों को सुविधा मिल सके। उन्होंने खनन विभाग को क्षेत्र में अवैध खनन रोकने और समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। विधायक ने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण और रुके हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक किशोरी लाल ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान सड़के, बिजली और पानी की आपूर्ति में होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान की मरम्मत शीघ्रता से की जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विभागीय टीमें अलर्ट पर रहें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत राहत कार्य करें।

## ठानपुरी में गिरने की कगार पर दो घर

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ठानपुरी पंचायत में बनवारी लाल व वीर सिंह के मकान ढहने की कगार पर पहुंच गए हैं। मूसलाधार बारिश में फोरलेन से सटे बिना डंगो के ये मकान किसी भी समय क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। मकान मालिक बनवारी लाल ने कहा कि एनएचएआई ने फोरलेन का काम काफी समय पहले से लगा रखा है, परंतु अभी तक दोनों मकानों को डंगा नहीं लगा सके हैं, जिसकी वजह से मकान गिरने की कगार पर पहुंच चुका है तथा गोशाला को भी खतरा बना हुआ है। साथ में मकान से बाहर जाने को भी रास्ता नहीं छोड़ा गया है, जिसके कारण हमें गिरते हुए डंगे के साथ संकरी जगह से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिसकी वजह से रात के समय हमारा गिरने का भी खतरा बना रहता है।

फोरलेन बनने से पहले हमारे घर से सड़क तक खुला रास्ता था, जिसका अब नामोनिशान तक नहीं रह गया है। मूसलाधार बारिश में हमें जागकर रात काटनी पड़ रही है। मकान व गोशाला गिरने का खतरा हर पल सताता रहता है। डंगा न लगाया गया तो भारी बारिशों में मकान व गोशाला का ढहना तय है।

**रोष**

## गावर कंपनियों पर सीटू और हिमाचल किसान सभा का धावा

# घरों को नुकसान और श्रम कानूनों के उल्लंघन पर प्रदर्शन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

शिमला। गावर, भारत और सिंगला कंपनियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में बरती जा रही अनियमितताओं के खिलाफ शिमला में सीटू और हिमाचल किसान सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों को हो रहे भारी नुकसान, बेरोजगारी और श्रम कानूनों की खुलेआम अवहेलना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से तत्काल राहत, उचित मुआवजा और प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनियों की अवैज्ञानिक कटिंग, माइनिंग और डंपिंग के कारण कई मकान, जमीनें, गोशालाएं और स्कूल ध्वस्त हो गए हैं या गिरने की कगार पर हैं। शिमला में तो एक घर पूरी तरह जमींदोज हो गया है और कई अन्य





गावर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करते सीटों से संबंधित कार्यकर्ता।

घरों पर खतरा मंडरा रहा है। हिमाचल प्रदेश की औद्योगिक नीति के अनुसार स्थानीय लोगों को 80 फीसदी रोजगार देने का नियम होने के बावजूद, इन कंपनियों द्वारा स्थानीय लोगों को कोई रोजगार नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शन में यह भी बताया गया कि कंपनियों में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में रखा जा रहा है। उन्हें छोटे-छोटे कमरों में भेड़-बकरियों की तरह रखा जाता है, 12 घंटे काम लिया जाता है, लेकिन 8 घंटे का ही वेतन नहीं दिया जाता। उन्हें ईपीएफ, ईएसआई, छुट्टियां और समय पर वेतन जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिलतीं। उपायुक्त कार्यालय पर आयोजित इस प्रदर्शन में हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, विजेंद्र मेहरा आदि ने भाग लिया।

### विशाल अधिवेशन 7 को

नेताओं ने कहा कि एनएचएआई और गावर कंपनी के खिलाफ जनता व प्रभावितों को लामबंद करने के लिए 7 जुलाई को कालीबाड़ी हॉल शिमला में एक विशाल अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस मुद्दे को 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में प्रमुखता से उठाया जाएगा और 15 जुलाई से आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### प्रतिनिधिमंडल ने की डीसी से मुलाकात

प्रदर्शन के बाद, सीटू और हिमाचल किसान सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त शिमला से मुलाकात की और प्रभावितों के लिए तुरंत फौरी राहत और मुआवजे की मांग की। उन्होंने गावर कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कंपनी को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने की भी मांग की।

## तिब्बती धार्मिक नेताओं ने की बैठक

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। धर्मशाला में दलाईलामा के निवास पर आयोजित 15वीं तिब्बती धार्मिक नेताओं की बैठक का अंतिम सत्र शुक्रवार को संपन्न हुआ। बैठक में तिब्बत की विभिन्न बौद्ध परंपराओं के प्रमुख धर्मगुरु उपस्थित थे। दलाईलामा ने कहा कि निर्वासन में कई वर्ष बीतने के बावजूद तिब्बती लोग मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने तिब्बती धर्म को जीवित रखने के प्रयासों का उल्लेख किया।

ड्रिकुंग चेतसांग रिनपोछे ने कहा कि 90 वर्ष की आयु में भी दलाई लामा सभी प्राणियों के लिए कार्य करने को तत्पर हैं। खेंपो ने बताया कि दलाई लामा को उनकी संस्था को जारी रखने और पुनर्जन्म के लिए कई अनुरोध मिले हैं। सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इनमें चीन द्वारा दलाई लामा के पुनर्जन्म के राजनीतिकरण को अस्वीकार करना और दलाई लामा के हालिया वक्तव्य का समर्थन शामिल था।


# दलाईलामा के जन्मदिवस पर मैक्लोडगंज में जुटेंगे 10 हजार से अधिक अनुयायी

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा जी के 90वें जन्मदिन के मौके पर मैक्लोडगंज में 5 और 6 जुलाई को मुख्य समारोह का आयोजन हो रहा है। बड़े स्तर के इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन सहित पुलिस विभाग ने भी कमर कस ली है। खासकर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग ने एडवाइजरी जारी की है।

इसके तहत इन दो दिनों में ट्रैफिक प्लान को भी बदला गया है। कुछ एक जगह वन वे ट्रैफिक किया गया है जबकि कई जगह ट्रैफिक को डाइवर्ट किया गया है ताकि बड़ी संख्या में यहां पहुंचने वाले धर्मगुरु के अनुयायियों सहित आम लोगों को कोई दिक्कत न हो।

बताया जा रहा है कि इस आयोजन के लिए मैक्लोडगंज में तिब्बती समुदाय से ही करीब 10



**ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर इंतजाम किए पूरे**

हजार लोगों के जुटने की उम्मीद है। इसके अलावा वीआईपी सहित अन्य लोगों के भी मैक्लोडगंज पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में खासकर ट्रैफिक और सुरक्षा की दृष्टि से जिला पुलिस कांगड़ा ने भी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इन समारोह के दौरान 10 हजार से अधिक लोगों के मैक्लोडगंज धर्मशाला में जुटने की संभावना है, जिसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। ट्रैफिक प्लान को दो दिनों के लिए बदला गया है जिसके चलते स्थानीय लोगों से भी पुलिस को सहयोग की अपेक्षा है।

गौरतलब है कि धर्मगुरु दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 30 जून से ही मैक्लोडगंज में कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में 6 जुलाई को धर्मगुरु के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर दो दिनों तक समारोह का आयोजन मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखंग में किया जा रहा है। इस दौरान देशभर के विभिन्न हिस्सों सहित विदेशों से भी तिब्बती समुदाय के लोग धर्मशाला पहुंच रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसी सोलन के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सोलन नगर निगम के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उसके बाद शिमला में जन शिकायतें सुनीं। नगर निगम सोलन के पार्षद ईशा पराशर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। बाद में मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिमला में जन शिकायतें सुनने के लिए समय दिया।

### धनराशि स्वीकृत करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर रचाईक ने चौपाल में विकासात्मक योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत करवाने एवं कई अन्य योजनाएं शुरू करने के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री ने अपने चौपाल दौरे के दौरान सीनियर सेकेंडरी स्कूल मड़ावग के लिए तीस लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है, जबकि बमटा में करीब 90 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भवन जनता को समर्पित किया तथा बमटा में शीघ्र ही पशु औषधालय खोने का भी आश्वासन दिया है। इसके अतिरिक्त कई अन्य योजनाओं के लिए भी धनराशि उपलब्ध करवाई है। इसके आलावा उन्हों ने निहारी-ग्रौग-पंथाघाटी-मड़ावग सड़क निर्माण का आश्वासन देते हुए कहा है कि वह कोशिश करेंगे कि इस सड़क का निर्माण कार्य उनके कार्यकाल में ही पूरा हो जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश किमटा के प्रयास से चौपाल में जहा कई अधूरी योजनाएं पूरी हुई है, वहीं कई नई योजनाएं शुरू होने से चौपाल निरंतर विकास की राह पर चल रहा है ।

### मांस विक्रेता रखें स्वच्छता का ध्यानः शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मानसून के मौसम को देखते हुए शिमला शहर की मीट मार्केट में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा के नेतृत्व में एक औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मांस विक्रेताओं को स्वच्छता बनाए रखने और निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील शर्मा ने सभी व्यापारियों को मानसून के दौरान मीट को स्वच्छ और सुरक्षित स्थान पर रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मौसम में खाद्य पदार्थों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है ताकि किसी भी तरह की बीमारी या संक्रमण से बचा जा सके। अधिकारियों ने इस दौरान दुकानदारों के लाइसेंस की भी गहन जांच की। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के खाद्य वस्तुएं बेचने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का कड़ाई से पालन करने की अनिवार्यता भी याद दिलाई। इस निरीक्षण दल में डॉ. सुनील शर्मा के साथ वीपीएचओ डॉ. राहुल नेगी और वेटनरी ऑफिसर डॉ. पूजा कंवर भी मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार की नई ईएलआई योजना शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू की है। यह योजना उन युवाओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। ईएलआई योजना के तहत, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पंजीकृत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को, जिनका मासिक वेतन 1 लाख तक है, दो किस्तों में 15,000 तक का एक महीने का ईपीएफ वेतन प्रदान किया जाएगा। यह राशि 6 महीने और 12 महीने की सेवा पूरी होने पर दी जाएगी।

# ठियोग नगर परिषद वार्डों का अंतिम परिसीमन जारी, आपत्तियां खारिज

## उपायुक्त शिमला ने जारी किए आदेश, 1 जुलाई से लागू होंगी नई वार्ड सीमाएं

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** ठियोग नगर परिषद के वार्डों के परिसीमन पर लंबे समय से चल रही प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण पर पहुंच गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग, शिमला के निर्देशों के अनुसार, उपायुक्त शिमला ने 1 जुलाई को नगर परिषद ठियोग के वार्डों के अंतिम परिसीमन का आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में 24 मई 2023 को जारी मसौदा प्रस्ताव पर प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों को खारिज कर दिया गया है, क्योंकि 2 जून 2023 को जारी सार्वजनिक सूचना के तहत कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई थी। अंतिम आदेश में नगर परिषद ठियोग के सभी 7 वार्डों की सीमाओं का विस्तृत विवरण दिया गया है, जो निम्नलिखित हैं।

### वार्डों का विस्तृत विवरण व सीमाएं

**वार्ड नंबर 1: जनोग घाट।** यह वार्ड पूना और बाग-घाट गांव की सामान्य सीमा से शुरू होता है, जिसमें बाग-घाट कॉलोनी के सभी घर, शिमला-ठियोग सड़क के दोनों ओर पुराने बीडीओ क्वार्टर और पशु चिकित्सालय की इमारतें शामिल हैं। यह बस्ती में होटल राजमहल, ओल्ड बस स्टैंड के ऊपर की बस्ती, न्यू बस स्टैंड से 54-ए बस्ती तक, और मंडासी और भटोला में एचटी रोड पर स्थित सभी घर तक फैला हुआ है। वार्ड का उत्तरी सिरा एचटी रोड और जांग घाट में सुभाष चंद्र तक जाता है। **वार्ड नंबर 2: ठियोग।** यह वार्ड एचटी रोड पर स्थित ठियोग बस स्टैंड से शुरू होता है, जिसमें बागवानी और जनसंपर्क विभाग कार्यालय के दोनों ओर एचटी रोड पर स्थित सभी घर, वार्ड नंबर 120, 130 व 150 पर स्थित सभी दुकानें, ठियोग चौक तक, टिंगर टंकाओली के पास स्थित सभी दुकानें, नंदन बाजार की 20 नंबर खसरा संख्या तक, एचटी रोड पर स्थित सभी घर, ठियोग टाउन की पुरानी सीमा तक, और पूर्वी सिरा में नंदन बाजार में एचटी रोड पर स्थित घर और दंत चिकित्सा क्लिनिक तक फैला हुआ है। **वार्ड नंबर 3: नंदन बाजार।** यह वार्ड वार्ड नंबर 2 के नंदन बाजार के एच.टी. रोड पर स्थित अंतिम घर से शुरू होता है, जिसमें वार्ड नंबर 2 की सीमा समाप्त होती है। इसमें आईआरबीटीसी बुकिंग कार्यालय, पुलिस स्टेशन, वन कार्यालय, वन कुटीर और वन परिसर, एचटी रोड पर स्थित सभी घर शामिल हैं। **वार्ड नंबर 4: राम बाजार।** यह वार्ड राम मंदिर से एचटी रोड पर स्थित अंतिम घर से शुरू होता है, जिसमें वार्ड नंबर 3 की सीमा समाप्त होती है। इसमें टिंगर टंकाओली की ओर जाने वाले सभी वार्ड नंबर 148 और 141 के घर, एचटी रोड पर स्थित सभी घर, वार्ड नंबर 123 में शाला में स्थित घर, पीएचडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के दाहिनी ओर स्थित सभी घर, और पूर्वी सिरा में गांव धरेच की सीमा पर स्थित घर और दक्षिणी सिरा में गांव शिलांग तक फैला हुआ है। **वार्ड नंबर 5: कृष्णा गली।** यह वार्ड शाम अमरनाथ शर्मा के स्वामित्व वाली एमएसजी ऊन हाउस की सीमा से शुरू होता है, जिसमें दुर्गा सिंह खंडेलवाल की इमारत के पास स्थित सभी घर, रतन के दाहिनी ओर स्थित दुकान, मदन सिंह ठाकुर की इमारत, एचटी रोड पर स्थित सभी घर, कृष्ण गली में स्थित शिव मंदिर, और उत्तरी सिरा में गांव शाकर और दक्षिणी सिरा में गांव देओरी तक फैला हुआ है। **वार्ड नंबर 6: छैला।** यह वार्ड रामेश्वर चौक में स्थित आईएनसी दुकानों से शुरू होता है, जिसमें दुर्गा देवी और अन्य की इमारतें, भारतीय वन अनुसंधान संस्थान, रंगरेज कार्यालय, पुलिस चौकी व 3/10 स्कूल भवन, श्री नारायण वर्मा की इमारत, सरकारी पशु चिकित्सालय, शिवपुरी में रामेश्वर शर्मा की संपत्ति, राजघाट तक के सभी घर, और दक्षिण-पूर्वी सिरा में विद्युत विभाग के कार्यालय तक फैला हुआ है। **वार्ड नंबर 7: राहीघाट।** यह वार्ड शीलानगर में स्थित राहीघाट रोड से रामेश्वर चौक की ओर जाने वाले सभी घर से शुरू होता है। इसमें नारिंदर काश्यप और अन्य के सभी घर, नगर परिषद के भीतर स्थित सभी घर, बस स्टैंड से राहीघाट मुख्य बाजार तक सभी दुकानें, राजघाट से डंगा टंकाओली तक, वार्ड नंबर 102 में खसरा संख्या 123 तक, राहीघाट बाजार की अंतिम सीमा तक और पूर्वी सिरा में रघुवीर सिंह की इमारत तक फैला हुआ है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता करें आपदा पीड़ितों की मदद : प्रतिभा सिंह

- बारिश व भूस्खलन से हुए नुकसान पर जताया दुःख
- सरकार के समर्थन का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आपदा प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करने का आग्रह किया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश की कांग्रेस सरकार सभी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रभावित लोगों को राहत शिविरों तक पहुंचाने और उनकी सहायता करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।



उन्होंने मानसून के कारण हिमाचल प्रदेश के एक बार फिर प्राकृतिक आपदा का शिकार बनने पर चिंता व्यक्त की। प्रतिभा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और पूरा मंत्रिमंडल आपदा की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। सभी जिलों के उपायुक्तों और प्रशासन को आवश्यक वस्तुओं, खाद्य पदार्थों की समुचित व्यवस्था करने और प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

प्रतिभा सिंह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से प्रशासन के साथ मिलकर आपदा प्रभावित परिवारों का हर संभव सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश के लोगों से भी इस संकट की घड़ी में आगे आकर प्रभावित परिवारों की मदद करने की अपील की।

# डॉ. राजेश शर्मा ने की सीएम से मुलाकात



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा सीएम सुक्खू से मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की।

डॉ. शर्मा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वह उनकी और प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने डॉ. शर्मा को इस नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, विधायक संजय अवस्थी, और पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर भी मौजूद रहे।

# लूहरी परियोजना के प्रभावितों की मांगों पर सकारात्मक कदम उठाएगा प्रशासन : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** के उपायुक्त ने लूहरी जल विद्युत परियोजना से प्रभावित लोगों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर प्राथमिकता से सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। शुक्रवार को आयोजित एक बैठक में उन्होंने कहा कि प्रभावितों की मांगों के अनुसार शेष समितियों का गठन दो दिनों के भीतर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। इसमें फसलों के नुकसान का आकलन करने वाली समिति भी शामिल है, जिसके गठन के बाद ही प्रभावितों को मुआवजा मिल पाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा लूहरी परियोजना के प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे और मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुनेंगे, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप।

- 8 और 10 जुलाई को मौके का निरीक्षण होगा

उन्होंने सूचित किया कि एडीएम और अन्य अधिकारी 8 और 10 जुलाई को मौके पर निरीक्षण के लिए जाएंगे। बैठक में पूर्व विधायक राकेश सिंघा, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अवैध डंपिंग के खिलाफ उठाए जाएंगे सख्त कदम

**उपायुक्त** ने निश्चित डंपिंग साइट का भी निरीक्षण करने की बात कही और चेतावनी दी कि यदि निर्धारित स्थल के अलावा कहीं भी अवैध डंपिंग पाई गई तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# मक्की की फसल में फॉल आर्मी कीट का प्रकोप

- कृषि विभाग ने गठित की निगरानी टीम, किसानों को किया सतर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कृषि विभाग, बिलासपुर द्वारा मक्की की फसल में संभावित फॉल आर्मी वर्म के प्रकोप को देखते हुए किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विभाग के उप निदेशक डॉ. प्रेम चंद ने बताया कि इस वर्ष अब तक जिले में लगभग 24 हजार हैक्टेयर भूमि पर मक्की की बिजाई हो चुकी है, और कुछ क्षेत्रों से कीट के प्रकोप की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि बीते चार-पांच वर्षों से यह कीट मक्की की फसल को व्यापक रूप से क्षति पहुंचा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए, फसल की निरंतर निगरानी और प्रभावी प्रबंधन के लिए विभाग द्वारा विशेषज्ञों की एक टीम गठित की गई है। इस टीम में कृषि विज्ञान केंद्र के कीट विज्ञान विषय विशेषज्ञ, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, आत्मा परियोजना के उप परियोजना निदेशक तथा ब्लॉक स्तर पर कार्यरत विषय वाद विशेषज्ञ को शामिल किया गया है। इस यह अधिकारी नियमित रूप से फसल का निरीक्षण कर रहे हैं और किसानों को कीट की पहचान, इसके लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।



डॉ. प्रेम चंद ने बताया कि 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाए गए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित किसान प्रशिक्षण शिविरों में भी किसानों को फॉलो आर्मी वर्म के लक्षण और प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में यह पत्तों पर सुई की नोक जैसे छोटे छिद्र बनाती है, जो बाद में अनियमित आकार के बड़े सुराखों में बदल जाते हैं। डॉ. प्रेम चंद ने बताया कि ऐसे क्षेत्र जहां मक्की की बिजाई को 20-25 दिन पूर्ण हो चुके हैं, वहां फॉल आर्मी वर्म के संक्रमण की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं।

### मक्की को कीट के प्रकोप से बचाने के उपाय

**नीम** आधारित कीटनाशक 5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें तथा कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर गड्ढे में दबाकर नष्ट करें। वहीं प्रकोप 10 प्रतिशत से अधिक होने की स्थिति में कोराजन नामक कीटनाशक (क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी) का 6 मिलीलीटर प्रति 15 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। उप निदेशक ने किसानों से अपील की है कि वे कृषि विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, और कीट नियंत्रण हेतु विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करें, ताकि फसल को संभावित नुकसान से बचाया जा सके।

### जिले में वार्डों के अंतिम परिसीमन के आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, झंडूता/बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत नगर परिषद घुमारवीं, नगर परिषद श्री नयना देवी जी तथा नगर पंचायत तलाई के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी कर दिया गया है।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि इन तीनों नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन के संबंध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

उपायुक्त ने बताया कि उक्त नोटिस के अनुसार नागरिकों को सात दिन का समय प्रदान किया गया था ताकि वे परिसीमन प्रस्ताव पर अपनी आपत्तियां अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकें। निर्धारित अवधि के दौरान इस कार्यालय में एक सुझाव प्राप्त हुआ था, जिसे कार्यालय आदेश संख्या बीएलएस-एलएफए-9(8)/2025 दिनांक 16 जून, 2025 के माध्यम से निपटा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद श्री नयना देवी जी और नगर पंचायत तलाई से कोई अन्य आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं हुआ।

# बरठीं के रक्षित ने सैनिक स्कूल सुजानपुर में हासिल किया प्रवेश

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में स्थित चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, बरठीं के छठी कक्षा के मेधावी छात्र रक्षित ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा, हमीरपुर में प्रवेश प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षित के पिता एक सरकारी अध्यापक हैं, जबकि उनकी माता एक गृहणी हैं। अपने माता पिता के मार्गदर्शन और समर्थन से प्रेरित रक्षित ने बताया कि उनका सपना भारतीय नौसेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है।

चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सुदेश कुमारी ने रक्षित की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

### कल्याण कला मंच की मासिक संगोष्ठी कल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

कल्याण कला मंच बिलासपुर की नियमित मासिक कला कलम संगोष्ठी 6 जुलाई को सुन्हाणी में होनी तय हुई है। जानकारी देते हुए मंच की सचिव पूजा कुमारी ने बताया कि यहां के ऐतिहासिक और प्राचीन ठाकुरद्वारा मन्दिर में होने वाली संगोष्ठी की अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेन्द्र सिंह मिन्हास करेंगे जबकि महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर मंच संचालन करेंगी।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि सेवानिवृत्त शिक्षक और साहित्यकार भगत राम शास्त्री होंगे जबकि पंचायत की पूर्व प्रधान गायत्री गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी।

### झंडूता में गृह रक्षकों की एक टुकड़ी तैनात

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों में मानसून सीजन में होने वाली संभावित घटनाओं को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। मानसून में भारी बारिश और संभावित आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। साथ ही गृह रक्षकों की एक टुकड़ी को बरनोट में अलर्ट मोड पर रखा गया है। यह चौबीस घंटे अलर्ट मोड़ पर रहेंगे। झंडूता की उपमण्डलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि झंडूता क्षेत्र में मानसून सीजन में होने वाली घटनाओं के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. के चुनाव 6 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश द्वारा गठित राज्य स्तरीय चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा और सदस्य सचिव सुरेंद्र वर्मा ने समिति के सभी सदस्यों से विचार विमर्श के उपरांत कहा कि एसोसिएशन के राज्य स्तरीय चुनाव 6 जुलाई के दिन समय 11 बजे प्रातः सुंदरनगर जिला मण्डी में किसान भवन के पास आयोजित (सम्पन्न) होंगे। अतः प्रदेश के सभी जिला प्रधानों/महासचिवों और संबंध इकाईयों के प्रधान/महासचिवों से अनुरोध है कि उपरोक्त तिथि को निश्चित समय पर सुंदरनगर पहुंच कर इस महत्वपूर्ण चुनाव में भाग लें।

### प्रशिक्षण शिविर में आर्मी विंग के कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह में 24 जून से 3 जुलाई 2025 तक आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 199 में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय एन सी सी अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय के 55 कैडेट्स ने इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और कैडेट्स का इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कैप्टन डॉक्टर जय चंद ने बताया कि इस शिविर में आयोजित यूनीफॉर्म प्रतियोगिता में कैडेट स्नेहा चंदेल ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने प्रशिक्षण और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### डॉ. अनुपम ने संभाला बीएमओ घुमारवीं का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** चिकित्सकीय मामलों में घुमारवीं उपमंडल बड़ा क्षेत्र है तथा इस क्षेत्र से मंडी, हमीरपुर और ऊना जिला की सीमाएं लगती है। ऐसे में लोगों को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देना प्राथमिकता रहेगी। यह बात घुमारवीं सिविल अस्पताल में बतौर बीएमओ ज्वाइंन करने के बाद डॉ. अनुपम शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में प्रशासनिक देखरेख और व्यवस्था को और बेहतर बनाने का उन्हें मौका मिला तो वे प्रयास करेंगी।

### बच्चों के प्रति कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : रेणु

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** स्कूल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के खेल कैलेंडर क़ो सुचारु ढंग से मूर्तरूप देने के उद्देश्य से बरठीं व झंडूत्ता जोन की बैठक का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में किया गया। बैठक में जिला उपनिदेशक उच्च रेणु कौशल व एडीपीओ जगदेव मैहता के साथ दोनों जोनों की विभिन्न पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों, शारीरिक शिक्षकों के साथ अन्य अध्यापकों ने भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान एडीपीओ जगदेव मैहता ने खेल कैलेंडर के ढांचे पर विस्तृत चर्चा करते हुए जहां छात्र व छात्राओं की जोनल प्रतियोगिताओं को सुव्यवस्थित ढंग से करवाने का आह्वान किया, वहीं खेलों का वैन्यू भी तय किए।

### एकल नारी की सहायता के लिए ट्रस्ट ने बढ़ाए हाथ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गलवान अमर शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट करेर गांव की एकल नारी की सहायता के लिए आगे आई है ट्रस्ट द्वारा परिवार को 11 हजार रुपए की सहायता प्रदान की है। गौर हो कि नीलम कुमारी का घर पिछले बर्ष बरसात में गिर गया था और परिवार में 4 बेटियां और 1 बेटा हैं। वहीं दूसरी की शादी नवंबर महीने में है। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल, मनीष, भागीरथ शर्मा, शिव प्रकाश शर्मा, उपप्रधान राजेश मौजूद रहे।

### छात्रों को सम्मानित करेगी संस्कार सोसायटी

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** 6 जुलाई को संस्कार उत्सव कार्यक्रम में घुमारवीं उपमंडल की 10 विशेष महिलाओं को जिन्होंने स्वयं सहायता समूह, रेशन पालन, पशुपालन, समाजिक क्षेत्र, साहित्य, व्यवसाय क्षेत्र में लीक से हटकर विशेष कार्य किया है उनको संस्कार उत्सव में सम्मानित करेगी। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संस्कार उत्सव में घुमारवीं उपमंडल के 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा ।

# भंजवाणी पुल की मंजूरी पर नड्डा का किया अभिनंदन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भंजवाणी पुल पुनर्निर्माण समिति औहर की ओर से औहर गांव में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता औहर के पूर्व प्रधान एवं भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने की।इस अवसर पर नड्डा को शॉल, टोपी और चांदी का राम परिवार भेंट कर समिति ने उनका सम्मान किया।

यह सम्मान उन्हें उस ऐतिहासिक निर्णय के लिए दिया गया, जिसके तहत 10 अगस्त 2022 को केंद्र सरकार द्वारा भंजवाणी पुल के पुनर्निर्माण के लिए 103 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इस पुल के बनने से सदर, घुमारवीं और झंडूता विधानसभा क्षेत्रों की लगभग 35 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने याद किया कि जब नड्डा सदर विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व कर रहे थे, तब उन्होंने जनता से इस पुल को बनवाने का वादा किया था और अब, केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने उस वादे को निभाकर जनता का विश्वास जीता है।

इस सम्मान समारोह में प्रो. देवी राम चौहान, प्रेमलाल बीणा, कश्मीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, आकाश शर्मा, गौरव शर्मा, वासुदेव शर्मा, नानकराम, लक्ष्मण धीमान, राकेश ठाकुर, सुनील दत्त शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, मदन चंदेल, सोहन लाल और अक्षय कुमार समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति ने नड्डा के प्रयासों को आभार जताया।

**राहत** | पेयजल संकट के समाधान की ओर बड़ा कदम

# बामटा पंचायत को 24 लाख की सौगात

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल शुक्रवार को बामटा पंचायत पहुंचे और स्थानीय जनता से बातचीत कर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को लेकर हुई प्रगति की जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के हालिया धर्मशाला प्रवास के दौरान बामटा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा की अगुवाई में मुख्यमंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी से मुलाकात कर क्षेत्र में लंबे समय से जारी पेयजल संकट को लेकर चिंता जाहिर की थी। इस बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार को बामटा पंचायत में बोरवेल की स्थापना के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना करते हुए शुक्रवार को उपायुक्त बिलासपुर द्वारा बामटा पंचायत के लिए 24 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए।



बैठक को संबोधित करते हुए जितेंद्र चंदेल व साथ में मौजूद हैं अन्य लोग।

जितेंद्र चंदेल ने बताया कि इस राशि से एक बोरवेल की स्थापना की जाएगी और साथ ही एक लाख लीटर की जल भंडारण क्षमता वाला टैंक भी निर्मित किया जाएगा।

यह कदम क्षेत्र में स्वच्छ और निरंतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बामटा पंचायत नगर परिषद बिलासपुर से सटी हुई है, जहां जनसंख्या घनत्व के कारण एक अतिरिक्त बोरवेल की भी आवश्यकता है। साथ ही पंचायत में सोलर लाइट की कमी की समस्या को लेकर भी उपायुक्त को अवगत करवा दिया गया है।

अंत में चंदेल ने मुख्यमंत्री सुक्खू और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के चलते ही इस प्रकार के स्थानीय मुद्दों का तेजी से समाधान संभव हो पा रहा है।

# मिनर्वा किड्स जोन घुमारवीं में पेरेंट्स-डे की धूम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा किड्स जोन घुमारवीं में गुरुवार को पेरेंट्स-डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रिंसिपल प्रवेश चंदेल ने किया। मिनवी किड्स जोन के बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रवेश चंदेल, अनु चंदेल व को-ऑर्डिनेटर आरती चंदेल ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रवेश चंदेल ने कहा कि माता-पिता संतान के लिए सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि माता-पिता का प्रोत्साहन, सहायता और सही मार्गदर्शन बच्चों को विकास में सक्षम बनाता है।

कार्यक्रम में भाग लेते हुए कक्षा नर्सरी के नन्हें मुन्नों ने मुझे माफ करना ओ साई राम, तुझसे पहले लूंगा मम्मी-डैडी का नाम पर खूब वाहवाही लूटी। एलकेजी के बच्चों ने स्वागत गीत पर नृत्य करके स्वागत किया। म्यूजिकल चेयर गेम में समृद्धि के पापा कपिल चन्देल ने प्रथम पुरुस्कार हासिल किया। विहान के पापा मदनलाल शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मदर म्यूजिकल चेयर गेम में प्राची की माता निशा कुमारी ने प्रथम स्थान तथा कनिष्क की माता रंजना चन्देल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए अभिभावक ।

## चंबा को ट्रैफिक जाम से मिलेगी स्थायी राहत

# भट्टी नाला पर 180 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** शहर में लंबे समय से लोगों को परेशान कर रही ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या अब जल्द ही अतीत बनने वाली है। सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने शुक्रवार को एक अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि भट्टी नाला के ऊपर 180 मीटर लंबे पुल के निर्माण का टेंडर जारी कर दिया गया है व सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। पुल का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरू होने जा रहा है।

चंबा शहर के मुख्य मार्गों पर वर्षों से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, विशेष रूप से भट्टी नाला क्षेत्र में जहां सड़क संकरी होने के कारण आवागमन बाधित रहता है,। यह समस्या न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए परेशानी का कारण है, बल्कि पर्यटकों व व्यापारियों के लिए भी बाधा बन चुकी है।

विधायक नीरज नैय्यर की पहल पर अब इस समस्या का समाधान सुनिश्चित हो गया है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए पर आरडी 106/530 स्थान पर पुल निर्माण के लिए ईपीसी मॉडल के तहत टेंडर जारी कर दिया है। यह परियोजना मुख्य अभियंता (एनएच), लोक निर्माण विभाग शिमला के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी।

### यह पुल नहीं, चंबा की प्रगति की नई पुलिया है : नैय्यर

**विधायक** नीरज नैय्यर ने कहा कि यह पुल नहीं, चंबा की प्रगति की नई पुलिया है। नीरज नैय्यर ने कहा कि चंबा के लोगों को यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जाम की समस्या से निजात दिलाने वाला यह पुल दो वर्षों में पूर्ण किया जाएगा। इससे न केवल यातायात में सुगमता आएगी, बल्कि शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस पुल के बन जाने से न केवल यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि आपात स्थिति में भी लोगों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे जीवन रफ्तार पकड़ेगा व चंबा की खूबसूरती में एक नया आयाम जुड़ेगा।


विधायक नीरज नैय्यर।

# पल्यूर में 80 लाख से बनी उठाऊ जल योजना जल्द की जाए शुरू

## पल्यूर पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने जलशक्ति विभाग और विधायक से उठाई पानी की समस्याएं

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** ग्राम पंचायत पल्यूर का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पूर्व प्रधान हसन दीन की अध्यक्षता में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता जितेंद्र शर्मा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत में व्याप्त पेयजल संकट को लेकर तीन प्रमुख मांगें रखीं। पहली मांग पंचायत में फीटरों (वाटर गार्ड) की भारी कमी को लेकर थी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पहले पंचायत में 11 कर्मचारी कार्यरत थे, जिनमें से 8-9 लोग सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान में केवल दो वाटर गार्ड पूरी जलापूर्ति व्यवस्था संभाल रहे हैं, जो कि अत्यंत कठिन है। पंचायत ने कम से कम चार अतिरिक्त फीटर अथवा वाटर गार्ड की नियुक्ति की मांग की। इस पर अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि जल्द ही दो से चार फीटर तैनात किए जाएंगे।

दूसरी मांग के तहत 'गोल नाला से कहलाता' तक नई पाइपलाइन बिछाने की आवश्यकता जताई गई ताकि पेयजल आपूर्ति में सुधार हो सके। तीसरी मांग में यह कहा गया कि ग्राम पंचायत पल्यूर में करीब 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ जल योजना अभी तक चालू नहीं हो पाई है। प्रतिनिधिमंडल ने इसे शीघ्र शुरू करने की मांग की, ताकि किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके।

प्रतिनिधिमंडल ने सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर से भी इस विषय पर मुलाकात की थी। विधायक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता जितेंद्र शर्मा को फोन कर इसे प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए।

तीनों मांगों पर अधिशासी अभियंता ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर समाधान का भरोसा दिलाया। हसन दीन, पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत पल्यूर ने विधायक एवं विभाग द्वारा दिए गए आश्वासनों पर संतोष जताया व जल्द समाधान की उम्मीद व्यक्त की।


जल समस्या के समाधान के लिए विधायक नीरज नैय्यर से मिलते पूर्व प्रधान हसन दीन।

# चनेड़ में टायल व मार्बल से भरा ट्रक गहरी खाई में गिरा, चालक की मौत


चंबा के चनेड़ में अनियंत्रित होकर खाई में गिरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पठानकोट-भरमौर** एनएच पर चंबा के चनेड़ के समीप शुक्रवार सुबह एक टायल व मार्बल से भरा ट्रक गहरी खाई में गिर गया। हादसे में ट्रक चालक के मौके पर ही मौत हो गई है। चालक की पहचान रामस्वरूप पुत्र पेमाराम निवासी स्वनतसर बीकानेर राजस्थान के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार सुबह आसपास के ग्रामीणों ने एक तेज धमाके की आवाज सुनी और मौके की ओर दौड़े। इस दौरान ग्रामीणों ने नाले में गिरे ट्रक को देखा और तुरंत वहां पहुंचे। चालक ट्रक के भीतर ही फंसा हुआ था और ग्रामीणों ने उसे घायल अवस्था में बाहर निकाला और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर अचेत अवस्था में चल रहे चायक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की है।

# पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर तारकोल का काम बंद होने से लोगों में भारी आक्रोश

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर एकाएक तारकोल का काम रुक जाने के कारण लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। विभाग द्वारा भरमौर से लेकर खड़ामुख तक 13 किलोमीटर तारकोल डालकर एकाएक काम को बंद कर दिया गया है। यहां ठेकेदार द्वारा काम के लिए लगाई गई मशीनरी को भी हटा दिया गया है। जिसके चलते बरसों पुरानी क्षेत्र वासियों की मांग एक बार फिर ठंडी बस्ते में चली गई ई है।

गौरतलब है विभाग द्वारा भंबू कंपनी को लगभग 35 करोड़ से अधिक की राशि इस सड़क के रखरखाव के लिए दी गई है। जिसके तहत इस कंपनी को बग्गा से लेकर भरमौर पट्टी नाले तक इस सड़क का रखरखाव करना था। मणिमहेश सीजन शुरू होने से पहले विभाग द्वारा 30 किलोमीटर सड़क को पक्का करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसके तहत बग्गा से लेकर भरमौर तक सड़क को पक्का किया जाना था। लेकिन पिछले करीब एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी इस सड़क पर कंपनी द्वारा कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है जिसके चलते क्षेत्रवासियों में विभाग व कंपनी के प्रति खासा रोष पनप रहा है।

हैरानी की बात यहां पर यह है कि बग्गा से लेकर खड़ामुख सड़क में जगह-जगह कई फुट गहरे खड्डे पड़े हुए हैं वह अधिकतर सड़क कच्ची है। लोगों का कहना है कि भरमौर से खड़ामुख तक जो पहले ही सड़क अधिकतर जगह पक्की थी वहां पर कंपनी ने चोखा मुनाफा कमाने के लिए काम कर दिया है जबकि जहां पर सड़क कच्ची व खडढे हुए हैं वहां पर पहुंचने के बाद कंपनी ने एकाएक काम बंद कर दिया है।

लोगों ने आरोप लगाया है कि कंपनी यहां पर लोगों के साथ विकास के नाम पर बड़ा मजाक कर रही है। काम शुरू होने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि इस बार मणिमहेश यात्रा के दौरान चंबा से लेकर भरमौर तक सड़क पक्की और चकाचक हो जाएगी, लेकिन पिछले करीब एक सप्ताह से कंपनी द्वारा एकाएक काम बंद कर दिए जाने के कारण इस उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी व सामाजिक संगठनों ने ऐलान किया है कि जल्द से जल्द इस सड़क को पक्की करने का काम शुरू नहीं हुआ है तो वह सड़क पर उतरकर विभाग व कंपनी के खिलाफ आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

### क्या कहते हैं अधिशाषी अभियंता एनएचएआई

**इस** विषय पर अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण धर्म सिंह ने कहा है कि बीचोमिन खत्म हो जाने के कारण यह काम बंद हुआ है। उन्होंने कहा कि पांच सात दिन के भीतर काम शुरू हो जाएगा।

### जल्द काम शुरू न करने पर करेंगे आंदोलन

# कलेई नाला के जल स्रोत की लिफ्टिंग पर जताया विरोध


झुलाड़ा और दुलाहर पंचायतों के ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन।

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** झुलाड़ा और दुलाहर पंचायतों के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कलेई नाला के मुख्य जल स्रोत से जबरन पानी लिफ्ट करने की प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। इस संबंध में समस्त ग्रामीणों ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी गंभीर चिंता जाहिर की है।

ग्रामीणों के अनुसार, झुलाड़ा पंचायत के कुछ गांव इस छोटी सी जलधारा पर वर्षों से निर्भर हैं। यह जलधारा पशुओं और ग्रामीणों की दैनिक जल आवश्यकताओं की पूर्ति करती रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले यहां पानी की प्रचुरता थी, जिससे लोग धान की खेती तक करते थे, परंतु अब जल स्रोत लगभग सूख चुका है।

ग्रामीणों ने बताया कि झुलाड़ा पंचायत के धरूंडा गांव के कुछ लोग बिना किसी पंचायत या ग्रामीणों की सहमति के कलेई नाले के मुख्य स्रोत से लिफ्टिंग का कार्य कर रहे हैं, जबकि इस गांव में पहले से ही जलशक्ति विभाग की पेयजल व्यवस्था उपलब्ध है और गुणू नाला उठाऊ पेयजल योजना का लाभ भी शीघ्र ही मिलने वाला है। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन इस अवैध लिफ्टिंग कार्य को तुरंत रोके, ताकि जल संकट की समस्या न हो।

# पासपोर्ट बनाने के लिए 8 से 10 तक लगेगा विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पासपोर्ट बनवाने के लोगों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय शिमला के तत्वावधान में 8 से 10 जुलाई तक जिला मुख्यालय चंबा में 3 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त पृथी पाल सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय- शिमला द्वारा जिलावासियों को स्थानीय स्तर पर पासपोर्ट सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के लिए मोबाइल पासपोर्ट वैन के माध्यम से तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मोबाइल पासपोर्ट वैन को चंबा चौगान नंबर दो में डाकघर के समीप पार्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मोबाइल वैन में पासपोर्ट बनवाने के लिए वे सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध हैं जो आमतौर पर एक पासपोर्ट सेवा केंद्र में उपलब्ध रहती हैं। एक दिन में इस वैन के माध्यम से करीब 50 पासपोर्ट आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। लोगों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेक फेल, चालक की सूझबूझ से टला हादसा

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पठानकोट- भरमौर राष्ट्रीय मार्ग पर एक पंजाब रोडवेज की बस जो की चंबा से पठानकोट जा रही थी कि अचानक ब्रेक फेल हो गई। लेकिन चालक की सूझबूझ की और साहस का परिचय देते हुए यह हादसा होने से टल गया। पंजाब रोडवेज की बस गांव मैगजीन से थोड़ा सा आगे गई तो बस की ब्रेक फेल हो गई। ड्राइवर ने जब देखा की गति नियंत्रित नहीं हो रही तो उसने बिना घबराए बस को सड़क अंदर की ओर मोड़ते हुए पहाड़ी से टकर लगा दी। और बस सड़क के बीचो-बीच सीधी खड़ी हो गई। जिस कारण कोई नुकसान नहीं हुआ गनीमत यह रही की बस में ड्राइवर और कंडक्टर ही थे, लेकिन बस के बीचो-बीच खड़े होने से लंबा जाम लग गया। दूसरी ओर से आ रही पंजाब रोडवेज की बस के ड्राइवर ने थोड़ा साहस दिखाते हुए गाड़ी को एक तरफ लगाया और लोगों ने राहत की सांस ली तब कहीं जाकर जाम की स्थिति सामान्य हुई और अन्य वाहन अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### चौगान मैदान पर टाइलें बिछाने की प्रक्रिया पर संस्कृति प्रेमियों ने जताई गहरी चिंता



**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा का ऐतिहासिक चौगान मैदान, जहां कभी लोक नृत्य, धार्मिक आयोजन और सांस्कृतिक मेलों की गूंज सुनाई देती थी, आज वहीं की धरती पर टाइलें बिछाने की प्रक्रिया पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। शुक्रवार दोपहर शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक, जो विभिन्न सरकारी विभागों से उच्च पदों से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि चौगान केवल एक मैदान नहीं, बल्कि चंबा की सांस्कृतिक आत्मा और पहचान है। यहां की मिट्टी में इतिहास की खुशबू है, जिसे कंक्रीट की परत से ढकना, एक प्रकार से हमारी परंपराओं को मूक बना देना है। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि टाइल लगाने से न सिर्फ चौगान की पारंपरिक छवि धूमिल होगी, बल्कि इसकी सांस्कृतिक ऊर्जा भी प्रभावित होगी। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और जनता की भावना को प्राथमिकता दी जाए। स्थानीय युवाओं ने भी इस मुद्दे पर सहमति जताते हुए कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों के साथ सजगता से पेश आना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# कार्तिक स्वामी कुगती में नहीं सार्वजनिक शौचालय

## रोजाना आ रहे श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी, खुले में शौच करने को हुए मजबूर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**उत्तर** भारत के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल कार्तिक स्वामी कुगती में सार्वजनिक शौचालय ना होने के चलते यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर हर रोज सैकड़ों श्रद्धालु भगवान कार्तिक स्वामी के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय की कमी वह पुराने शौचालय खराब हो जाने के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय की प्रॉपर व्यवस्था न होने के चलते यहां पर लोग मजबूरी में खुले में शौच करने को मजबूर हैं। जिसके चलते यहां पर प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल की मर्यादा भी तार-तार हो रही है। जानकारी के मुताबिक हर रोज यहां पर देश के कोने-कोने से सैकड़ो श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। लेकिन सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था न होने के चलते यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है पूर्व में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा का यह पंचायत है। यहां पर हर रोज दर्जनों श्रद्धालु जिसमें वीआइपी भी भारी संख्या में माथा टेकने ने आ रहे हैं। लेकिन सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था न होने के चलते यहां पर खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां पर पहुंचे श्रद्धालु अविनाश रोहित अशोक कुमार सचिन संकेत पूर्ण चंद हेमा दवी तारा देवी ने कहा है कि सरकार व प्रशासन को यहां पर जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि यहां आने वाले बाल हरजारों श्रद्धालुओं को शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़े।


धार्मिक स्थल कार्तिक स्वामी कुगती में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु कर रहे दर्शन।

# कल से चंबा जिले के प्रवास पर केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 6 जुलाई से चंबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वह 6 जुलाई को सुबह रैत से प्रस्थान कर सुबह 10:30 बजे कूंर पहुंचेंगे। केवल सिंह पठानिया यहां लोगों की जन समस्याओं को सुनने के बाद एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उनका रात्रि ठहराव लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह छतराड़ी में रहेगा। पठानिया 7 जुलाई को छतराड़ी से प्रस्थान करेंगे व परिधि गृह चंबा पहुंचेंगे। वह यहां से दोपहर बाद खज्जियार को प्रस्थान करेंगे व उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह खज्जियार में रहेगा। पठानिया 8 जुलाई को सुबह खज्जियार से रैत-ज़िला कांगड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।


**Public Notice**

Dated: -04-07-2025

It is hereby informed to General Public at large that Ms. Kanika Negi D/O Sh. Brijender Singh R/o Muhal Bajoura, Tehsil Bhunter and Distt. Kullu H.P. I have Purchased one Property land measuring 00-05-00 Bigha from Smt. Jaswant Kaur and Sh. Hira Singh through Sale deed Vide Reg. No. 1174/2022 dated 02/08/2022 as in favour of Ms. Kanika Negi D/o Sh. Brijender Singh property Situated at Muhal Bajoura, Tehsil Bhunter and Distt. Kullu H.P. Previous owners lost/Misplace Original Sale Deed vide Reg. No. 229/2015 dated 19/02/2015 as executed by Sh. Rajinder Pal, Smt. Hari Priya and Smt. Sheela as in favour of Sh. Pyare Lal S/o Sh. Bhagat Ram AND Original Sale Deed vide Reg. No. 73/2016 dated 23/01/2016 as executed by Sh. Pyare Lal S/o Sh. Bhagat Ram as in favour of Smt. Jaswant Kaur and Sh. Hira Singh has been Lost/Misplaced. A Police Report has also been registered in this regard vide Complaint No. 12247008072500011 Dated: 03/07/2025 at Police Station Bhunter. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/bank/corporation/financial institution may approach the undersigned submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

Mohit Bali, Advocate
District Court Kullu Distt. Kullu (H.P)
Mob:-70184-00078

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, शिवानी** (37 वर्ष) पत्नी जिशान बेदी सपुत्र श्री कुलदीप बेदी निवासी 15बी इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करती हूँ कि मेरी बेटी के जन्म प्रमाणपत्र में मेरी बेटी का नाम गलती से नीलांशी बेदी दर्ज किया गया है जबकि उसका सही नाम सरगुन बेदी है। कृपया सभी संबंधित इसे नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, मैना देवी** पत्नी बलवीर सिंह निवासी गांव गेहडवीं (कामल बल्ह) डाकघर गेहडवीं, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर ने अपना नाम वीना देवी से बदलकर मैना देवी और पता गांव खलसाए, डाकघर जबलू, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर से बदलकर गांव गेहडवीं (कामल बल्ह) डाकघर गेहडवीं, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर 174034 रख लिया है। अब से मुझे मैना देवी पत्नी बलवीर सिंह निवासी गांव गेहडवीं (कामल बल्ह) डाकघर गेहडवीं, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर नाम से जाना और पहचाना जाएगा। सभी संबंधित नोट करें।


### सूडोकू नवताल- 7481

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7480 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# पांगी में कैंपस इंटरव्यू में चार युवा चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा पांगी में 4 जुलाई को कैंपस इंटरव्यू का सफल आयोजन किया गया। एसओईई पांगी परिसर में आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 10 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 4 युवा चयनित किए गए हैं। यह इंटरव्यू प्रात: 10 बजे शुरू हुआ और बड़ी ही पारदर्शिता व सटीक मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद चयनित युवाओं की घोषणा की गई। चयनित अभ्यर्थियों को अब एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होते ही 15,000 से 17,000 रुपए प्रतिमाह का वेतन प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार व आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम मिलेगा।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रकार के कैंपस इंटरव्यू दूरदराज़ इलाकों के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर हैं, जिससे उन्हें घर द्वार पर ही रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और अधिक नियमित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।


पांगी में कैंपस इंटरव्यू का सफल आयोजन किया गया।


अनंत ज्ञान


## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 5 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** दशमी (18:59) **: नक्षत्र** स्वाती (19:51), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** सिद्धि (20:35), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01-12:49)। **राहुकाल** (08:58-10:41)।

**विशेष दिन**

- 5 जुलाई 2025: आशा दशमी व्रत आज।
- 5 जुलाई 2025: पुरी में उल्टा रथयात्रा आज।

**मेष:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर कर लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। छात्रों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या:** आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला:** आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबार में तालमेल व समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृश्चिक:** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**धनु:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अपने प्रयत्न से समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**मकर:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफलता होगी। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**कुंभ:** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में असमंजस ठीक नहीं। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

**मीन:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

# कन्हेलू स्कूल का खेल मैदान वर्षों से क्षतिग्रस्त, बच्चों को खेलने में परेशानी

**देसराज कश्यप, अनंत ज्ञान**

**धरवाला।** चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र राड़ी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्हेलू इस समय बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी से जूझ रही है। इस विद्यालय में कुल 21 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें 16 बच्चे प्री-प्राइमरी वर्ग और शेष पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थी हैं।

विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका सरोज ने बताया कि खेल मैदान न होने के कारण बच्चों की प्रार्थना सभा तक एक छोटे से बरामदे में करवाई जाती है। साथ ही, पाठशाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सत्या देवी और सचिव सरोज ने बताया कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं, लेकिन विद्यालय में वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा खेल मैदान बाधा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि स्कूल भवन के पीछे बना सुरक्षा डंगा पूरी तरह जर्जर हो चुका है और बरसात के मौसम में उसके गिरने की आशंका बनी हुई है। यदि यह डंगा गिरता है तो इससे स्कूल भवन को भारी नुकसान हो सकता है और बच्चों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि बच्चे रोज़ इसी रास्ते से विद्यालय आते हैं। इसके साथ ही विद्यालय में शौचालय की भी गंभीर कमी है। इस समस्या को लेकर पहले भी जिला उपायुक्त कार्यालय, चम्बा को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है।





**Chinmaya Educational Society, UHF Nauni - Solan (H.P.)-173230**

Abridged Balance Sheet as at 31-03-2025

| Liabilities | Amount (Rs. In Lakhs) | Assets | Amount (Rs. (Rs in Lakhs) |
|---|---|---|---|
| Capital Fund<br>Loan Fund<br>Current Liabilities & Provisions | 174.43<br>16.36<br>29.59 | Fixed Assets<br>Current Assets, Loans & Advances | 184.36<br>36.02 |
| **Total (Rs.)** | **220.38** | **Total (Rs.)** | **220.38** |

Abridged Income & Expenditure Account for the year ended on 31-03-2025

| Expenditure | Amount (Rs. In Lakhs) | Income | Amount (Rs. In Lakhs) |
|---|---|---|---|
| Administrative Expenses<br>Operational Expenses<br>Employee Expenses<br>Income Tax<br>Depreciation | 4.46<br>136.45<br>147.49<br>41.92<br>23.70 | Gross Receipts<br>Interest Income<br>Excess of Expd.<br>Over Income | 341.40<br>3.16<br>9.46 |
| **Total (Rs.)** | **354.02** | **Total (Rs.)** | **354.02** |

**Auditor's Report**
"In terms of our separate report of even date"

**for Mohinder K.Sharma & Co.**
Chartered Accountants

**for Chinmaya Educational Society**

Sd/-
**CA. M.K. Sharma**
**( Prop.)**

Sd/-
**Shweta Gupta**
**Chairperson**

Sd/-
**Sunil Kumar Dhand**
**Secretary**

**इंसान** को मुश्किलों की जरूरत पड़ती है, क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए ये मुश्किलें बहुत जरूरी हैं। - **एपीजे अब्दुल कलाम**

## संपादकीय

## सेब से समृद्धि

सेब पर हमेशा राजनीति होती रही है। बागवान जितनी लागत लगाकर सेब तैयार करते हैं शायद उन्हें उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। सेब उगाने से लेकर, उसकी देखभाल करने से लेकर ढुलाई और मार्केट तक पहुंचाने के लिए मालभाड़े के मुद्दे सेब बागवान अक्सर उठाते रहे हैं, लेकिन ऐसे बहुत कम मौके आए जब सेब बागवानों को खुशी नसीब हुई हो। सेब की फसल पर कभी मौसम की मार पड़ जाती है, तो कभी यूनिवर्सल कार्टन और पैकिंग का मसला भी उठता रहा, लेकिन इस सबके बीच केंद्र सरकार ने इस बार सेब बागवानों की भरपूर लिहाज रखी और उनकी सुनवाई कर ली। केंद्र सरकार ने सेब पर मिनिमम इंपोर्ट प्राइस 50 से बढ़ाकर 80 प्रति किलो करके सेब बागवानों को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पर्वतीय राज्यों में सेब लाखों किसानों की आजीविका का आधार है।

इन राज्यों के सेब बागवान सालभर कड़ी मेहनत करके जब अपनी फसल तैयार करते हैं, तो उन्हें उम्मीद होती है कि बाजार में उन्हें उनका वाजिब मूल्य मिलेगा, मगर वास्तविकता यह है कि सेब की खेती और विपणन के बीच एक लंबी और कांटों भरी राह है, जिसमें उन्हें हर कदम पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिर वह परिवहन हो, मंडी शुल्क हो, पैकिंग सामग्री की कीमतें हों या विदेशी सेब का सस्ता आयात। बीते कुछ सालों में तुर्किये, ईरान, चिली जैसे देशों से भारत में भारी मात्रा में सस्ता सेब आया, जिसने भारतीय बागवानों की कमर तोड़ दी। ये सेब अफगानिस्तान के रास्ते आयात किए गए, क्योंकि दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार संधि के तहत अफगानिस्तान से आने वाले सेब पर आयात शुल्क नहीं लगता था। ऐसे में भारतीय बाजार में विदेशों से आया सस्ता सेब ज्यादा बिकने लगा और घरेलू बागवानों को भारी घाटा उठाना पड़ा।

ऐसे हालात में केंद्र सरकार का यह ताजा फैसला स्वागत योग्य कदम माना जा रहा है। बागवानों को उम्मीद है कि उन्हें अपने सेब का बेहतर दाम मिलेगा और बाजार में उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ेगी। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश के उन अढ़ाई लाख सेब उत्पादक परिवारों के लिए राहत की खबर हो सकती है, जो वर्षों से इस मांग को उठाते आए हैं। मई 2023 में केंद्र ने पहली बार 50 रुपए एमआईपी लागू किया था, जिसके बाद आयात में मामूली गिरावट देखी गई थी। अब इसे 80 रुपए करने से अपेक्षा की जा रही है कि विदेशी सेब का बाजार सीमित होगा और भारतीय उत्पादक मजबूत स्थिति में आएंगे। मोदी सरकार पहले भी 2018 में चीन से सेब के आयात पर प्रतिबंध लगा चुकी है, जिससे चीन जैसे बड़े निर्यातक देश के सेब भारतीय बाजार से बाहर हो गए। यह फैसला घरेलू उत्पादकों के हित में था और उसी कड़ी में अब एमआईपी बढ़ाने का फैसला भी लिया गया है, लेकिन क्या यह फैसला वास्तव में सेब बागवानों के पक्ष में है? सेब उत्पादक संघ इस फैसले पर संदेह जताते हुए तर्क दे रहा है कि केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी को घटाकर 15 प्रतिशत करने की तैयारी कर रही है। अगर ऐसा होता है, तो एमआईपी बढ़ाने का निर्णय महज एक शिगूफा साबित होगा, जिससे वास्तविक लाभ नहीं मिलेगा।

2023 में घोषित 50 रुपए एमआईपी का फैसला भी अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाया है, ऐसे में 80 रुपए का नया एमआईपी भी केवल दिखावा हो सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत में नीतिगत निर्णयों को लागू करने में अक्सर जमीनी स्तर पर देरी होती है या फिर उनका लाभ बड़े व्यापारियों तक सीमित रह जाता है। बागवानों को असल में तब तक राहत नहीं मिल सकती, जब तक इन फैसलों का कठोर और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित न किया जाए। मंडियों में बिचौलियों की पकड़, ट्रांसपोर्ट लागत, महंगी पैकिंग सामग्री और यूनिवर्सल कार्टन के नाम पर की जा रही मनमानी अब भी बागवानों की बड़ी समस्याएं हैं, जिनका समाधान जरूरी है। यह भी जरूरी है कि राज्य सरकारें केंद्र के फैसले के साथ समन्वय बनाकर सेब उत्पादकों को जमीन पर राहत दें।

मंडी टैक्स में कटौती, ढुलाई पर सब्सिडी, भंडारण की उचित व्यवस्था और बागवानी से जुड़े तकनीकी प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं बढ़ाकर बागवानों को सशक्त किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती होती है, तो उससे हुए नुकसान की भरपाई कैसे की जाएगी, इस पर भी केंद्र सरकार को स्पष्ट नीति लानी चाहिए। सेब बागवानों की चिंता केवल विदेशी सेब के आयात तक सीमित नहीं है। जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम की अनिश्चितता, ओलावृष्टि, सूखा या अत्यधिक बारिश जैसे संकट भी उनकी फसल को बर्बाद कर देते हैं। ऐसे में अगर कोई नीति वाकई बागवानों के पक्ष में है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। यह फैसला बागवानों के लिए वरदान है या छलावा, इसका उत्तर इसी सेब सीजन में मिल जाएगा। यदि विदेशी सेब का आयात घटा, बाजार में सेब के दाम स्थिर रहे और बागवानों को फसल का वाजिब मूल्य मिला, तो यह निर्णय एक दूरदर्शी नीति के रूप में इतिहास में दर्ज होगा, लेकिन यदि एमआईपी सिर्फ दिखावे तक सिमट गया और इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती हो गई, तो बागवान फिर से खुद को ठगा महसूस करेंगे। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी

**पुसरला** वेंकट सिंधु भारत की प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। टोक्यो ओलंपिक, 2020 में पीवी सिंधु ने कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक खेलों में रजत तथा कांस्य पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। वर्ष 2012 में उन्होंने 'बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन' की टॉप 20 में जगह बनाई थी। 10 अगस्त, 2013 में पीवी सिंधु ऐसी पहली भारतीय महिला बनीं, जिसने वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीता था। वह हैदराबाद में 'गोपीचंद बैडमिंटन एकादमी' में ट्रेनिंग लेती हैं और उन्हें 'ओलंपिक स्वर्ण क्रेस्ट' नाम की एक नॉन-प्रोफिट संस्था सपोर्ट करती है। इनके पिता का नाम पीवी रमण और माता का नाम पी विजया है। सिंधु के माता-पिता दोनों ही पेशेवर वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं। इनके पिता पीवी रमण को वॉलीबॉल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए 2002 में भारत सरकार के प्रतिष्ठित 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है।



पुसरला वेंकट सिंधु
**जन्म :** 5 जुलाई, 1995



कविता

## धरती मां

मोनिका चौधरी, वीपीओ इच्छी, कांगड़ा (हि.प्र.)

*तूने मुझसे ही जन्म लिया है,*
*मैं थी तो इस संसार में तू आया है।*
*तेरे हर सपने में मैंने साथ दिया हैं,*
*क्या तू भी कभी साथ देगा।*
*तुझे तो मैंने हमेशा देना ही सिखाया है,*
*किसी ओर से कुछ भी नहीं मांगना सिखाया है।*
*तूने जब-जब जो मांगा है वो मैंने तुझे दिया है,*
*जब तेरे पास ज्ञान कम था।*
*तो तूने मुझसे ही ज्ञान पाया है,*
*जो कुछ भी तुझे चाहिए था वे मैंने तुझे दिया है,*
*क्या जब मुझे कुछ चाहिए होगा, तो तू मुझे देगा क्या।*
*तू जैसे-जैसे प्रगति करता गया,*
*वैसे-वैसे तू अपनी धरती मां का निरादर करता गया।*
*तेरे लिए तो मैंने सबकुछ कुर्बान कर दिया,*
*तू अब यह बता तूने मेरे लिए क्या किया।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वंशानुगत बीमारियों पर भारी बिगड़ती जीवनशैली

अब वंशानुगत बीमारियों से ज्यादा जानलेवा बीमारियां हमारी बदलती जीवनशैली के कारण होती जा रही है। खान-पान, रहन-सहन, प्रकृति से दूरी, बदलती जीवनचर्या यह सब वंशानुगत बीमारियों से ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। वंशानुगत बीमारियों से तो राहत प्राप्त की जा सकती है पर पल-पल बदलती जीवनशैली के कारण होने वाली बीमारियां साइलेंट अटैक का काम करती हैं। पता ही नहीं चलता कि कब जानलेवा बन जाती हैं। जानी मानी पत्रिका नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक रिपोर्ट से साफ हो गया है कि अब जीन से ज्यादा जीवन पर खतरा खराब या अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण हो गया है।



लेखक :डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अब तक यह माना जाता रहा है कि कुछ बीमारियां वंशानुगत या यूं कहें कि आनुवांशिकी के कारण जन्मजात होती हैं। वह उम्र के साथ अपना असर दिखाना आरंभ कर देती हैं। नए शोध के अनुसार, बदलती जीवनशैली, रहन-सहन, आहार-विहार उससे भी गंभीर असर दिखाने लगा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जीन प्रभावित लोग बेहतर और संतुलित जीवनशैली से अपनी जीवन रेखा को बड़ा कर सकते हैं। चिंतजानक यह है कि बदलती जीवनशैली के कारण असामयिक मौत की संभावना 78 फीसदी तक अधिक हो गई है। नेचर मेडिसिन पत्रिका में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के आलेख में यह दावा किया गया है। शोधार्थियों ने यूके बॉयोबैंक से 5 लाख लोगों का आंकड़ा प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकाला है।

शोधार्थियों ने 164 फैक्टर और जेनेटिक जोखिमों का विस्तृत अध्ययन किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं हैं। जीवनशैली और आहार-विहार में बदलाव के कारण ही आज हार्ट संबंधी रोग, कैंसर, डाइबिटिज, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, डिप्रेशन और इसी तरह की कई बीमारियां आम होती जा रही हैं। इससे हर उम्र के लोग प्रभावित हैं। कल तक रईसों और उम्र के पड़ाव के अवसर पर होने वाली बीमारियां पूरी साम्यवादी सोच के साथ किसी को भी अपने दायरे में लेने लगी हैं। एक समय था जब सूर्योदय से पहले उठने और रात नौ-साढ़े नौ बजे तक सो जाने की सामान्य परंपरा रही है तो प्रात:काल भ्रमण, दिन में भोजन के बाद कुछ समय के लिए आराम और रात को खाना खाने के बाद थोड़ी चहल कदमी अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी मानी जाती थी। स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य सामग्री और खान-पान में संयम के साथ ही शुद्धता पर जोर दिया जाता था, जिससे शरीर को तदनुरूप पौष्टिक तत्व मिल सकें।



आज हालात में तेजी से बदलाव आया है। रसोई और रसोई सामग्री की शुद्धता और गुणवत्ता की बात तो करना ही बेमानी होगा। मिलावट या फिर रासायनिक खाद-कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण वस्तुओं की गुणवत्ता में कमी आना तो स्वाभाविक ही है इसके साथ ही चंद लाभ के लिए खाद्य सामग्री में मिलावट आम होती जा रही है। इसके साथ ही प्रदूषित वातावरण बीमारियों का कारक तो बन ही रहा है इसके साथ ही दवाएं भी बेअसर होती जा रही हैं।

एक शोध के अनुसार केवल धूम्रपान के कारण ही 21 तरह की बीमारियां जकड़ सकती हैं तो पारिवारिक व रोजगारपरक तनाव के चलते 17 तरह की बीमारियां सीधे सीधे प्रभावित करती हैं। खान-पान का बदलाव तो इसी से समझा जा सकता है कि जंक फूड या बाहर खाना खाना हमारी प्राथमिकता बनता जा रहा है। घर का खाना अब बच्चों की पंसद से दूर होता जा रहा है। रही सही कसर ऑनलाइन प्लेटफार्म ने पूरी कर दी है। आधी रात को भी गली मोहल्लों में स्वीगी या इसी तरह की संस्था से जुड़े कार्मिक को आसपास ही खाद्य सामग्री सप्लाई करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। जहां तक शुद्ध हवा और शुद्ध पानी का प्रश्न है तो आज आरओ और बोतलबंद पानी की गुणवत्ता पर प्रश्न उठए जाने लगे हैं। प्रदूषण के कारण शुद्ध हवा की बात करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। भले ही पार्कों में कितने ही घूम आओ या जिम में जाकर वर्कआउट कर आओ पर सवाल यही है कि आपके आसपास शुद्ध हवा तो अब रही ही नहीं। वाहनों का प्रदूषित धुआं, एसी सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के कारण वातावरण का बढ़ता तापमान भी खतरनाक है। रही सही कसर मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। पिता एक तरफ अपने मोबाइल में मशगूल है तो मां अलग। बेटा-बहू अलग व बच्चों को भी इसी तरह से एक ही कमरे में बैठे होने के बावजूद एक दूसरे से अंजान की जैसी हालात में देखना आम है। सबसे खास यह कि सोशल मीडिया पर किस पोस्ट पर किसने लाइक किया या किसने इग्नोर किया यह तक तनाव का कारण बनता जा रहा है। सौ टके का सवाल यही है कि यदि हमें अपनी जीवन डोर लंबी करनी है तो समय रहते जीवनशैली और खान-पान में बदलाव करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अवहेलना का एक कदम, मानव विनाश के सौ कदम

प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती फितरती और बेरहम मानव प्रकृति से विमुख हो गया है।

मानव ने प्रकृति का सीना छलनी किया है, लालची हो चुके मानव ने उसकी दबी सांसों को सुनने से इनकार किया, तो ही प्रकृति ने आखिर स्वयं के लिए, इस पर्यावरण के लिए अति होने पर आक्रामक रास्ता अपनाया, ताकि इस अभिज्ञता के ढोंग को छोड़ हम यथार्थ के धरातल पर लौटकर कुछ निर्णय ले, जो कि सर्व हितकारी हो जिसमें छलावा -दिखावा न हो, बल्कि आने वाली पीढ़ी के समक्ष एक सुदृढ़ उदाहरण प्रस्तुत हो गया है। अक्सर देखा गया है कि लोग नदियों व नालों के किनारे मकानों का निर्माण करते हैं और खुद ही तबाही को निमंत्रण देते हैं। लापरवाही का अंजाम भुगत रहे हैं। प्रतिवर्ष ऐसी आपदाएं आती हैं, लेकिन मानव सबक नहीं सीखता है । तबाही को रोका जा सकता है। मानव प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आता नतीजतन पूरे के पूरे परिवार तबाही के आगोश में समा रहे है।



लेखिका : कनुप्रिया शर्मा
नूरपुर, हिमाचल प्रदेश

आपदाओं में बहुत जानमाल का नुकसान हो रहा हैं बेजुबान पशु भी बाढ़ में बेमौत मारे जा रहे हैं। समाचार पत्रों में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार करसोग, थुनाग, गोहर में बहुत तबाही हुई है। मंडी के गोहर के सयांज में बादल फटने से एक ही परिवार के नौ लोग बाढ़ में बह गए है, प्रदेश में बहुत मौतें हो रही हैं, मंडी में 56 लोग लापता हैं। प्रकृति की तबाही से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अपनों को खो चुके लोगों के आंसुओं का सैलाब थमता नजर नहीं आ रहा हैं, चंद पलों में अपने बिछड़ गए हैं अभी तक शव नहीं मिल रहे हैं। आंखें पथरा गईं हैं। आंसू सूख चुके हैं क्योंकि किसी ने बाप खो दिया किसी ने बच्चे को खोया हैं, अपनों को खो चुके लोग बेसुध हो चुके हैं।



समय निर्णय लेने का है सर्वजन को, अपने परतंत्र को बचाने हेतु जो भी हो सके चाहे वह धरातली हो या उच्च स्तरीय। केवल निर्देश न देकर वास्तविक प्रमाण सहित स्वयं, प्रत्येक को, व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ कर जागरूकता का अलख जगाकर भूतल को हरा-भरा बनाने का प्रण लेने का। तभी हम यह कह सकेंगे कि हम हिमाचली हैं और पर्वतों की तलहटी के वासी है। वन, वन्यजीवन को बचाएंगे तो ही धरा को हरा-भरा बना पाएंगे। हर मौसम का एक अलग स्वभाव होता है और उसी अनुरूप प्रकृति अनुसरण करती है। प्राकृतिक संतुलन अगर बिगड़ जाए, तो प्रलय की स्थिति स्वत: ही दृश्य हो जाती है।आम लोग उमस तपिश से परेशान बारिश की बौछार का बेसब्री से इंतजार करते हैं, लेकिन अब यह दृश्य इस सीमा तक बदल चुका है कि जैसे अखबार में रेड अलर्ट घोषित होता है, सामान्य नागरिक कहीं न कहीं डरने लगता है, क्योंकि कारण तो स्वयं वही है भटक चुके मानव को आत्म विश्लेषण की आवश्यकता है। पिछले कुछ वर्षों की भांति फिर प्रकृति अपने रौद्र रूप में है उसकी दृष्टि में सब समान है उसे नहीं पता किसका स्वजन छूटेगा, किसकी रोजी-रोटी पर बन आएगी और कौन अपना कौन पराया। प्रकृति तो वही दे रही है जो मनुष्य उसे सौंप रहा है पेड़ काटोगे, तो लकड़ियां बारिश की बाढ़ में किनारे पर मिलेगी।

प्लास्टिक फेंकोगे तो कचरा नालियों, सड़कों को अवरुद्ध कर गंदे पानी में ओत-प्रोत दानव सा मिलेगा। जो बोओगे वही तो पाओगे। यही तो प्रकृति का साधारण सा समीकरण है, कोई लाग-लपेट नहीं एकदम सटीक और तथ्य से परिपूर्ण। विकास के नाम पर सैकड़ों पेड़ों की बली पशु-पक्षियों का आशियाना दांव पर लगाओगे, तो बदले में यही तो पाओगे। जाने कितनी घुटन हुई होगी जब मशीनों ने बड़ी छोटी चट्टानों को काटा होगा,जाने कितने पशु-पक्षी सिसके होंगे, जब अनगिनत रातों तक मशीनों ने, बारूदों ने कानों को उनके भेदा होगा, कितनी चीत्कार, कितनी पुकार की होगी, जो हमारे श्रवण तंत्रों ने सुनने से नकारी होगी। वक्त अभी भी संभलने का है। प्रकृति से छेड़छाड़ करना बंद कीजिए, यह मानव हित में है। मानव अनहोनी के लिए खुद ही जिम्मेदार हैं मानव को सबक सीखना चाहिए, ताकि आने वाला कल सुरक्षित हो सके और प्रकृति के प्रकोप से बच सके।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**धर्मशाला** प्रदेश का एक बहुत ही खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जहां मीलों लंबे फैले पहाड़ों के हरे-भरे दृश्य और प्राकृतिक दृश्यावलियां लोगों के दिलों को सुकून और शांति पहुंचाती हैं और पर्यटकों को बार-बार यहां घूमने आने के लिए आमंत्रित करती हैं, तो वहीं धर्मशाला की पहचान यहां के पढ़े-लिखे प्रबुद्ध और समृद्ध समाज से भी है, लेकिन अब समय के साथ-साथ धर्मशाला की बढ़ती आबादी, प्रवासी कामगारों की भीड़, पड़ोसी गांवों से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों और बाहर से आने वाले सैलानियों के कारण शहर के अंदर भीड़भाड़ वाला आलम बन चुका है, तो वहीं पार्किंग की कोई सुव्यवस्थित प्रणाली के न होने के चलते जगह-जगह लगने वाले ट्रैफिक जामों की वजह से लोगों को भारी परेशानियों से रोजाना दो चार होना पड़ता है।

**अभिषेक पंडित, सकोह**

# ये प्राकृतिक आपदाएं नहीं, बल्कि मानव निर्मित खतरा

बरसात प्रत्येक वर्ष गहरे जख्म देकर लोगों की जिंदगियां लील रही है। पहाड़ पर बरप रहा इंद्र देवता का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा और आम जनमानस बेबस नजर आ रहा है। आए दिन बादलों का फटकर जनता को मलबे में बहाकर ले जाना बेहद दु:खद है। देवभूमि में इस तरह बरसात का तांडव होना कोई सुखद संकेत नहीं है। हिमाचल प्रदेश में बादलों का निरंतर फटना अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना है। फोरलेन सड़क निर्माण नियमों को ताक पर रखकर किया गया है। नतीजतन भूस्खलन के कारण कई लोग मौत का ग्रास बन रहे और आम जनमानस बेहद त्रस्त है। राजनीति में ऊंची पहुंच रखने वालों ने खड्ड, नालों में पानी का बहाव मोड़कर मकान, मंदिर, पशुशालाएं और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट तक स्थापित कर लिए हैं।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

प्रशासन की नाक तले यह सब खेल चल रहा और कोई भी प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन नहीं कर रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधि, जिला परिषद, ब्लॉक समिति सदस्य, युवक मंडल, समाज सेवकों सहित आम जनता ऐसे अवैध भवन निर्माण के खिलाफ आवाज बुलंद करना मुनासिब नहीं समझते हैं। खड्ड, नालों में अब अवैध खनन का क्रम बहुत अधिक बढ़ चुका है। जेसीबी, पोकलेन मशीनों से खड्ड, नालों का सीना चीरकर रेत, बजरी और पत्थर निकाल कर पड़ोसी राज्यों को बेचकर अवैध खनन माफिया चांदी कूट रहा है। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की सूरत में खड्ड, नालों में अवैध भवन निर्माण स्थिति को भयानक बना रहा है। खड्ड, नालों में पानी का प्रवाह अत्यधिक बढ़ने के कारण पुल, पुलियां, डंगे, मकानों, वाहनों और सड़कों को अपने साथ बहाकर ले जा रहा है। करोड़ों रुपए सरकारों का बाढ़ में वह रहा है। बाढ़ त्रासदी में मृतकों के परिवारजनों की सरकारें लाखों रुपए की आर्थिक मदद करती हैं।

नियमों को ताक पर रखकर खड्डों में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने वालों के खिलाफ सरकारें कोई कार्यवाही क्यों नहीं करना चाहती हैं। हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के प्रबंधकों को ऐसी त्रासदी में मरने वाले अपने श्रमिकों के परिवारजनों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी समय रहते सजगता बरतें तो राज्य सरकारों को करोड़ों रुपए का बजट बर्बाद होने से बच सकता है।



हिमाचल प्रदेश की जनता द्वारा चुकाए जाने वाला टैक्स प्रत्येक वर्ष बरसात की बाढ़ में बहता जा रहा, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। हिमाचल प्रदेश में पूर्व तीन वर्षों में बाढ़ के कारण बहुत नुकसान हुआ है। राज्य सरकारें सड़क, पुलों का निर्माण करके कनेक्टविटी समस्या का समाधान करने का प्रयास करती की बरसात की बाढ़ सब कुछ बहाकर ले जा रही है। सरकारी विभागों के अधिकारी नुकसान का आंकलन कर डीपीआर बनाकर सरकार को भेज देते हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को आपदा राज्य घोषित करने की मांग उठाती हैं। मानव द्वारा निर्मित खतरा अब प्राकृतिक आपदा कहा जाने लगा जो की गलत है। सड़क, पुल निर्माण गुणवत्ता हीन होने के कारण पहली बरसात का पानी ही उन्हें बहाकर ले जा रहा है। प्राकृतिक आपदा कभी कभार आती न कि प्रत्येक वर्ष बरसात में ही इसका आगाज होता है। सुख की सरकार ऊपर करोड़ों रुपए की कर्जधारी है। अगर यूं कहे कि प्रत्येक हिमाचली अब कर्ज की दलदल में धंस चुका, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

राज्य सरकारें पर्यटन को अपना आय का स्रोत बनाने पर काम कर रही हैं। वर्तनमान समय में राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए होटल में ठहराव के लिए छूट दी है। हिमाचल प्रदेश अब जलमग्न हो चुका तो फिर कौन पर्यटक अब अपनी जान जोखिम में डालकर जहां घूमने के लिए आएगा। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सुंदर पहाड़ी प्रदेश है। राज्य सरकारों की नकारात्मक कार्यप्रणाली कारण पर्यटन को आय का स्रोत नहीं बनाया जा सका है। फोरलेन सड़क निर्माण होने बावजूद पर्यटकों की सुरक्षा पहाड़ी राज्य में बहुत बड़ी चुनौती है।

सड़क पर गुजरते वाहनों पर पेड़, पहाड़, चटानें गिरना अब आम बात है। जंगलों में अतिक्रमण,खड्ड, नालों में अवैध भवन निर्माण पर राज्य सरकार को रोकथाम लगानी होगी। बादल फटने के प्रमुख दो कारण जानकारों ने मानें हैं। जब एक ही आवेश के बादल किसी एक जगह पर आकर इकट्ठे रुकते हैं, वहां ठंडी, गर्म हवाओं का दबाव रहता है। मामूली सी गर्म हवाओं के चलने मात्र से वह फट जाते और धरती पर तबाही का मंजर लेकर आते हैं। इस समय आकाश में आसमानी बिजली कड़कती, तेज हवाएं चलती हैं। सरकार ने स्वच्छता अभियान केवल मात्र मीडिया में वाहवाही लूटने के लिए नहीं चला रखा हुआ है। लोगों में सूखे कचरे से होने वाले नुकसान को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़े, इसलिए ही चलाया गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोगों का इनकम टैक्स सरकार पर एहसान या नागरिक दायित्व ?

भारत में कुछ लोगों के मन में एक गलतफहमी है और अक्सर वह सोशल मीडिया पर दिखाई भी देती है। देश में इनकम टैक्स देने वाले लोगों को लगता है कि वह टैक्स दे रहे हैं, तो सरकार के ऊपर एहसान कर रहे हैं।

अक्सर इनकम टैक्स भरने वाले लोग सवाल करते हैं कि इनकम टैक्स के बदले में उन्हें क्या मिलता है ? मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं-क्या अन्य देश इनकम टैक्स नहीं लेते हैं? विश्व में लगभग हर देश इनकम टैक्स लेता है और भारत में सबसे अधिक इनकम टैक्स की चोरी होती है यानी देश के नागरिक अपनी इनकम को छुपाते हैं। ऐसा मैं नहीं, बल्कि बहुत सारे आंकड़े व सर्वे बताते हैं। अगर सरकार इनकम टैक्स नहीं लगी, तो देश चलाने के लिए राजस्व की कमी होगी।



दीपक कोहली
स्वतंत्र लेखक

सोचिए 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में मात्र 4 से 5 प्रतिशत लोग ही इनकम टैक्स भरते हैं। जबकि अमेरिका में 60 से 65 प्रतिशत जनसंख्या इनकम टैक्स भरती है। भारत में इनकम टैक्स भरने वाले लोग अमेरिका, इंग्लैंड जैसे विकसित और कम जनसंख्या वाले देशों की सुविधाओं को अपने देश के साथ तुलना करते हैं। यह तुलना किसी भी आधार पर सही नहीं बैठती है। हम सभी को समझना होगा इनकम टैक्स देश के ऊपर एहसान नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारा दायित्व है। इनकम टैक्स भरने से ही देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, टेक्नोलॉजी आदि का विकास होता है।





इसलिए कुछ लोगों द्वारा इनकम टैक्स को लेकर लगातार फैलाएं जा रहे भ्रम और गलत नॉरेटिव को तोड़ना होगा, क्योंकि इनकम भी तो हम देश के संसाधनों से ही तो कमा रहे हैं। भारत को आजाद हुई मात्र 75 साल हुए है। आज भी देश में गरीबों का यह हाल है कि सरकार को आधी से अधिक जनसंख्या को फ्री में अनाज देना पड़ रहा है। इसके अलावा सरकार गरीबों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं भी लेकर आती हैं, जिससे उन्हें आर्थिक मदद मिलती है। मगर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सरकार अमीर उद्योगपतियों और बड़ी कंपनियों का भी कर्ज माफ करती है। हम लोग सरकारी संसाधनों, संस्थानों व योजनाओं को गलत बताते हैं और प्राइवेट कंपनियां की मनमानी से भी परेशान रहते हैं। अमेरिका, इंग्लैंड जैसा देश बनाने के लिए हमें न सिर्फ सरकारी संस्थाओं को मजबूत करना होगा, बल्कि प्राइवेट संस्थानों की भी जिम्मेदार तय करनी होगी और उन्हें आम लोगों के बजट सीमा के अंदरलाना होगा। प्राइवेट स्कूल, अस्पताल और तमाम निजी सुविधाओं ने हमारे खर्चों को बढ़ा दिया है और जिसके कारण देश में अमीरी और गरीबी की एक लंबी खाई बन गई है। इतना ही नहीं बल्कि इससे आम लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

देश की आधी से अधिक जनसंख्या को न सही रोजगार मिल रहा है, न सही स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है, न ही बेहतर शिक्षा मिल पा रही है। इसके अलावा मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। जबकि देश का एक तबका ऐसा है जिसका महीने का खर्चा लाखों रुपए है। उसके पास अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं व मेडिकल पॉलिसी हैं और बच्चों के लिए अच्छे प्राइवेट स्कूल जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। इसलिए इनकम टैक्स भरने वाले लोगों को अपने सवाल पर पुन: विचार करना चाहिए। हां! मैं मानता हूं कि आपका सवाल गलत नहीं है, मगर बतौर नागरिक हम सभी की जिम्मेदारी है कि समस्त देश का विकास हो यानी हर नागरिक की मूलभूत जरूरतें पूरी हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### आपदा से सबसे अधिक प्रभावित बगस्याड़ से थुनाग सड़क मार्ग बहाली कार्य में आई तेजी

# अब तक चार किमी सड़क बहाल, पांच जेसीबी व एक पोकलेन दिन-रात जुटी

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** आपदा से सबसे अधिक प्रभावित थुनाग उपमंडल को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न पहुंच मार्गों की बहाली कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। शुक्रवार सायं 4 बजे तक बगस्याड़ से थुनाग के लिए लगभग 4 किलोमीटर सड़क मार्ग बहाल कर लिया गया है। इस कार्य में 5 जेसीबी व 1 पोकलेन मशीन लगातार दिन-रात जुटी हुई हैं। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहकर कार्य की निगरानी कर रहे हैं। अभी इस मार्ग पर लगभग 10 किलोमीटर सड़क खोलना शेष है। थुनाग को वाया जंजैहली करसोग से जोड़ने वाले सड़क की बहाली का कार्य भी जारी है। करसोग की ओर से शंकर देहरा तक की सड़क भी बहाल कर दी गई है। जंजैहली से लम्बाथाच तक लगभग 8 किलोमीटर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, जबकि लम्बाथाच से थूनाग तक सड़क की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। यदि वाहन लम्बाथाच तक पहुंच जाते हैं तो थूनाग तक राहत सामग्री एवं बचाव दल की आवाजाही आसान हो जाएगी। इसी प्रकार वाया थलौट-शैट्टाधार मार्ग पर भी बहाली कार्य जारी है। इस मार्ग पर शैट्टाधार तक एलएमवी की आवाजाही बहाल कर दी गई है।

बता दें कि थुनाग क्षेत्र इस बार की आपदा में सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, जहां सड़क संपर्क टूट जाने से राहत एवं पुनर्वास कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। जिले में पिछले कल से सायं 4 बजे तक 8 सड़कें बहाल की गई हैं जबकि अभी तक 156 सड़कें बाधित हैं। इनकी बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।



आपदा से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र में कार्य को जुटी जेसीबी मशीनें।

# कोर्ट परिसर में बाढ़ से आए मलबे का कहर

### बार रूम क्षतिग्रस्त, वकीलों के रिकॉर्ड सहित लाखों का नुकसान

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** सराज में 30 जून व 1 जुलाई की रात आए जल प्रलय ने थुनाग कोर्ट परिसर को तबाही का मंजर बना दिया। बाढ़ के मलबे ने परिसर को छह फीट कीचड़ और रेतीली गाद से पाट दिया, जिससे जज चैंबर और बार एसोसिएशन सराज का बार रूम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

मलबे के साथ बहकर आई लकड़ियों ने बार रूम की दीवारों को भेद डाला, जिससे लाइब्रेरी की किताबें, फर्नीचर, टीवी और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड सैलाब में बह गए। अधिवक्ताओं हुकुम सिंह ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, दिव्यांशु ठाकुर, मोनिका ठाकुर, नरेश ठाकुर, यादवेन्द्र ठाकुर, ललित ठाकुर, महेंद्र कुमार, मुरारी लाल और हेम सिंह ठाकुर के निजी कार्यालय भी पूरी तरह नष्ट हो गए। उनकी फाइलें और रिकॉर्ड बहने से वकीलों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमसिंह ठाकुर ने बताया कि बार रूम, लाइब्रेरी व फर्नीचर समेत लाखों रुपए की क्षति हुई है। वकीलों के नुकसान का आकलन जारी है। परिसर के समीप टाइपिस्ट विशन देव उर्फ़ विंट्स के कंप्यूटर और फोटोस्टेट मशीनें बह गई हैं।

#### सितंबर तक स्थगित हुआ सर्किट कोर्ट



**आपदा** के बाद थुनाग में प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह लगने वाला सर्किट कोर्ट दो महीने के लिए स्थगित होने की संभावना है। मानसून के दौरान जुलाई और अगस्त में सर्किट कोर्ट नहीं लगेगा। थुनाग के आवश्यक मामले सितंबर तक अब गोहर कोर्ट में दायर किए जा सकेंगे।

## ड्रोन से चलाया खोज अभियान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला के गोहर उपमंडल की स्यांज पंचायत के पंगलियूर गांव में शुक्रवार को पुलिस एवं आपदा स्वयं सेवकों की टीम ने स्कोली खड्ड में ड्रोन की सहायता से बाढ़ में लापता लोगों की तलाश की। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि गोहर उपमंडल के स्यांज क्षेत्र में हाल ही में बादल फटने की दु:खद घटना हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप अचानक आई बाढ़ में स्यांज गांव के दो मकान बह गए। इस हादसे में अब तक चार लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि सात अन्य अब भी लापता हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए ड्रोन के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र का खोज अभियान चलाया गया है। इस अभियान में पुलिस कांस्टेबल अजय कुमार और देवी राम, आपदा स्वयंसेवक जीतू देवी, निर्मला देवी, नवीन कुमार और रूप लाल सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में राज्य कार्यकारिणी का गठन कल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की राज्य स्तरीय चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा और सदस्य सचिव सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि एसोसिएशन के राज्य स्तरीय चुनाव 6 जुलाई को सुंदरनगर के जवाहर पार्क स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रदेशभर से जिला प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस दौरान एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश के सभी जिला प्रधानों, सचिवों और खण्ड इकाईयों के प्रधान व सचिवों से निर्धारित तिथि को निश्चित समय पर पहुंच कर इस महत्वपूर्ण चुनाव में भाग लेने का आग्रह किया है। चुनाव प्रक्रिया एसोसिएशन के संविधान के अनुसार होगी और इसकी नोटिफिकेशन नियमानुसार जारी कर दी गई है। प्रत्येक जिला और इकाई को सदस्यता शुल्क का प्रदेश भाग राज्य कोषाध्यक्ष के पास जमा करवाना होगा तथा प्रदेश प्रतिनिधियों की सूची चुनाव अधिकारी को चुनाव से पूर्व सौंपनी होगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी 9 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी भूमि अधिग्रहण, सदर रुपिन्द्र कौर ने सूचित किया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में कार्यालय संचालन हेतु परियोजना की अवधि के लिए सेवानिवृत कानूनगो व पटवारी की नियुक्ति की जानी प्रस्तावित है, जिसके लिए आवेदन 9 जुलाई तक उनके कार्यालय में दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए सेवानिवृत पटवारी, कानूनगो/नायब तहसीलदार जिला मंडी का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा सेवानिवृत से पूर्व हिमाचल राजस्व या भू-व्यवस्था विभाग में कम से कम 5 वर्ष का सेवाकाल पूरा किया हो। इसके अतिरिक्त उसके खिलाफ कोई विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही विचाराधीन व लंबित न हो। उन्होंने बताया कि अनुबंधित सेवानिवृत कर्मचारी का मासिक वेतन अधिशाषी अभियंता, एनएचएआई, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग हमीरपुर के आधार पर दिया जायेगा। अनुबंध पर सेवा अवधि की गणना किसी भी प्रकार के ऐसे लाभ के लिए नहीं की जाएगी जो उसने सेवानिवृति से पूर्व प्राप्त की हो।

### धनोटू में राम कथा के सार को समझाया

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के धनोटू में राम हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित राम कथा के आखिरी दिन कथा व्यास आचार्य तेजस्वी शर्मा ने कलियुग में राम कथा के सार को समझाया। उन्होंने कहा कि इस युग में यथार्थ और पुरुषार्थ को समझना है तो राम कथा ही इसके अर्थ को आसान तरीके से समझा सकती है। इस युग में भी राम कथा प्रासंगिक है। मंदिर की सभा के प्रधान पद्म सिंह ठाकुर ने बताया कि 26 जून से पांच जुलाई तक चलने वाली इस कथा का समापन शुक्रवार को हुआ। शनिवार को हवन पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी इलाके के लोगों से इस आयोजन में पधारने की अपील की है।

### विक्रांत ने संभाला अधीक्षक ग्रेड-2 का कार्यभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वरिष्ठ सहायक से पदोन्नत हुए विक्रांत ठाकुर ने प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्रंग- 2 स्थित पर में अधीक्षक ग्रेड-2 का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले विक्रांत ठाकुर उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा मंडी में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे। बीते दिन स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा पदोन्नति सूची जारी की गई थी। बता दें कि अधीक्षक कश्मीर ठाकुर की पदोन्नति के बद लंबे समय से बीईईओ कार्यालय द्रंग- 2 स्थित पर में अधीक्षक ग्रेड-2 का पद खाली चल रहा था, जिससे कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों पर बहुत अधिक काम का बोझ था। अब अधीक्षक ग्रेड-2 का पद भरने से बिना देरी के कार्य को अंजाम दिया जा सकेगा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव मनीष गुलेरिया, महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश राव, महासचिव महेश कौंसल, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा मंडी के अधीक्षक ग्रेड-1 दिनेश कथानिया, अधीक्षक ग्रेड-2 राजीव चोपड़ा, वरिष्ठ दिनेश कुमार व महासंघ के सदस्य तिलक कुमार व नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट 8 को

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञप्ति अधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में 8 जुलाई को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहन की पासिंग हरड़गलू मैदान में की जाएगी। इसके लिए स्लॉट खोल दिये गये हैं। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। साथ ही यह भी अवगत करवाया है कि सभी संबंधित निर्धारित तिथि को वांछित दस्तावेजों सहित 10:00 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के किसी का भी ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

# आपदा प्रभावित पियाला डेजी गांव तक पहुंचा बचाव दल, 65 लोग सुरक्षित निकाले : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि बादल फटने के कारण आई बाढ़ एवं भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित मंडी जिला के सराज क्षेत्र के अति दुर्गम पियाला डेजी गांव तक बचाव दल पहुंचने में सफल हो गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने डेजी सहित अन्य गांवों से 65 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है।

अपूर्व देवगन ने बताया कि भारी बारिश व भूस्खलन के कारण थुनाग सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के संपर्क मार्ग बाधित होने से यहां फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए एनडीआरएफ के सहयोग से स्थानीय प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। इसके तहत आज प्रातः बचाव दल सराज क्षेत्र से सर्वाधिक प्रभावित रूकचुई, भराड़ व पियाला डेजी क्षेत्र में पहुंचने में सफल रहा। इन क्षेत्रों से 65 प्रभावितों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्हें आवश्यकता अनुसार प्रारंभिक चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

#### आपदा प्रभावितों को दी जा रही आवश्यक सुविधाएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के सराज क्षेत्र में बादल फटने से भारी बारिश एवं भूस्खलन की आपदा का सामना कर रहे प्रभावित परिवारों के लिए बगस्याड़ स्कूल में राहत शिविर स्थापित किया गया है। यहां पर उनके भोजन सहित रहने की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिन परिवारों के घर इस आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उन्हें आसरा प्रदान करने के लिए राहत शिविर में रखा गया है। उन्होंने बताया कि सराज क्षेत्र के कांडी, सरण, खुणि, रैलधार इत्यादि क्षेत्रों से लगभग 80 प्रभावितों को बगस्याड़ स्कूल में स्थापित राहत शिविर में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इस शिविर में उनके ठहरने व भोजन इत्यादि की सुविधा प्रदान की जा रही है। लोगों को स्वास्थ्य जांच इत्यादि का भी समुचित प्रबंध स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में लगभग 25 से 30 लोग रात को ठहर रहे हैं।

# सुराह सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंची राशन सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**उपायुक्त** एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि थुनाग उपमंडल के प्रभावित क्षेत्रों तक राशन सहित आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बगस्याड़ के समीप कांढी से सुराह के लिए राशन सामग्री का वितरण किया गया है। इसके लिए मजदूरों व स्थानीय पंचायतों की मदद भी ली जा रही है। पहले चरण में 40 राशन किट व 5 तिरपाल भेजे गए हैं। शेष 30 राशि किट दूसरे चरण में भेजी जा रही हैं। उपायुक्त ने कहा कि सीएम सुक्खु के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने इन क्षेत्रों में आवश्यक सेवाएं बहाल करने के लिए प्रयास और तेज किए हैं।

उन्होंने बताया कि थुनाग क्षेत्र के लिए 500 राशन किट भेजी गई हैं। इनमें से 150 किट बगस्याड़ स्थित राहत शिविर के लिए भेजी गई हैं। मजदूरों की मदद से 40 किट सुराह क्षेत्र के लिए भेजी गई है। इसके अतिरिक्त थुनाग क्षेत्र में लोगों के घरों तक गृह रक्षक जवानों की मदद से पैदल ही 10 किट राशन बाढ़ प्रभावितों तक वितरित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि थुनाग क्षेत्र के रैण गलू, पखरैर पंचायत व अन्य प्रभावित क्षेत्रों में 157 राशन किट वितरित की गई हैं। इसके अतिरिक्त बगस्याड़ क्षेत्र में 15 रसोई गैस सिलेंडर व 19 किलोग्राम भार के सिलेंडर भेजे गए हैं। साथ ही 50 लीटर डीजल की भी आपूर्ति इस क्षेत्र में की गई है। प्रत्येक राशन किट में पांच-पांच किलो आटा व चावल, खाद्य तेल, नमक, चीनी, दो किलो दालें, हल्दी, मसाले, चाय व सेनिटरी पैड शामिल हैं।

#### जरूरतमंदों तक पहुंचाई जा रही आवश्यक वस्तुएं



**सभी** प्रभावित क्षेत्रों तक सड़क व पैदल संपर्क टूटने के बावजूद सभी राहत व बचाव कर्मी पैदल ही उफनते नदी-नालों को पार कर जरूरतमंद लोगों तक राशन सामग्री पहुंचाने के कार्य में जुटे हुए हैं। उपायुक्त ने इसके लिए सभी स्वयंसेवियों, स्थानीय लोगों व विभागीय कर्मचारियों सहित संबंधित एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है।

# करसोग से शंकर देहरा तक सड़क मार्ग बहाल



करसोग से शंकर देहरा तक सड़क मार्ग को खोलते हुई जेसीबी मशीन।

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग से सराज विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाले करसोग-शंकर देहरा सड़क मार्ग को शुक्रवार को शंकर देहरा गांव तक यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने अपनी आपदा प्रबंधन टीम सहित सराज विधान सभा क्षेत्र के इस आपदा ग्रस्त गांव में पहुंच कर प्रभावितों को राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है।

# धर्मपुर में राहत कार्य जारी, अब तक 2 लाख 90 हजार रुपए की राहत राशि की वितरित

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र में हाल ही में हुई बादल फटने की घटना और भारी बारिश से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मंडी जिले के दौरे के बाद राहत एवं बचाव कार्यों में और तेजी आई है।

विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर ने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रभावित लोगों को 2 लाख 90 हजार की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। प्रशासन की ओर से 266 तिरपाल, 10 कंबल, 24 राशन किट और 3 गैस सिलैंडर भी वितरित किए गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में 22 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। इस बारे में उन्होंने बताया कि इस आपदा में स्याठी गांव के 27 घर पूर्णत:, जबकि 11 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। इसके साथ ही 38 गौशाला पूर्णत: और 12 गौशालाएं आँशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसमें 76 पशुओं की हानी हुई है।

विधायक चेद्रशेखर ने बताया कि इस आपदा में कुल 73 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई थीं, जिनमें से 66 योजनाओं को बहाल कर दिया गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के अनुसार 87 सड़कें अवरुद्ध हुई थीं, जिनमें से 24 प्रमुख सड़क मार्गों को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। कार्य में 28 जेसीबी और 15 टिप्पर लगे हैं। शेष मार्गों की बहाली का कार्य जारी है।

#### 27 ट्रांसफार्मर में से 22 किए चालू: चंद्रशेखर

**विधायक** चंद्रशेखर ने बताया कि क्षेत्र में आपदा के चलते 27 ट्रांसफार्मर बंद हो गए थे, जिनमें से 22 को पुनः चालू कर दिया गया है। इसके अलावा 9.4 किमी 33 केवी एचटी लाइन, 16.2 किमी 11 केवी एचटी लाइन और 25.5 किमी एलटी लाइन इस आपदा में क्षतिग्रस्त हुई थी जिसको बहाल करने का कार्य लगभग पुरा हो चुका है। इसके 200 एचटी/एवटी खंबे और 33/11 केवी सब-स्टेशन धर्मपुर भी क्षतिग्रस्त हुआ है जिनके सुधार कि कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि दूसरे वैकल्पिक स्रोत से सभी स्थानों पर विद्युत आपूर्ति मुहैया करवाई जा रही है।

## पीड़ितों की मदद के लिए सर्व देवता सेवा समिति ने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हाल ही में प्रदेश में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में भारी जान-माल के नुकसान को देखते हुए सर्व देवता सेवा समिति, जिला मंडी के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा ने समस्त कारदारों से अपील की है कि वे अपनी-अपनी हरियाणों (देवस्थानों) में इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करें। शिव पाल शर्मा ने अपने कहा है कि जिन देवी-देवताओं के पास सराय या भवन उपलब्ध हैं, वहां जरूरतमंदों के ठहरने, खाने-पीने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि यह समय एकजुट होकर मानवता की सेवा करने का है और सभी को तन, मन, धन से सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म और संस्कृति यही सिखाते हैं कि विपत्ति के समय सब एक-दूसरे के काम आएं। ऐसे कठिन समय में सहयोग ही सबसे बड़ा कर्तव्य है।

# टिकरी मुशैहरा के निक्का ढाणा व बुहला मंरोला के परिवारों को सुरक्षित स्थानों में किया शिफ्ट

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल में प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। जोगिंद्रनगर की टिकरी मुशैहरा पंचायत के निक्का ढाणा और बुहला मंरोला गांवों में शुक्रवार सुबह पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटनाएं दर्ज की गईं, जिससे स्थानीय लोग दहशत में आ गए। लगातार गिरते पत्थरों और पहाड़ी दरकने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यहां के लगभग 15 परिवारों के 47 से अधिक सदस्यों को सुरक्षित स्थानों में शिफ्ट किया है।

पंचायत प्रधान रविंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह पत्थरों के गिरने की तेज आवाजें सुनकर लोग घबरा गए और तुरंत प्रशासन को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों को विकास खंड चौंतड़ा कार्यालय के एक सुरक्षित भवन में अस्थाई रूप से ठहराया गया है। प्रशासन ने साथ ही गांव में रह रहे लगभग 120 पशुओं और भेड़पालकों को भी सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश जारी किये हैं।

तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल अनिल शर्मा ने जानकारी दी कि संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों तथा खंड विकास अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित परिवारों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। इस आपदा की स्थिति में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे व मौके पर हालात का जायजा लिया। जीवन ठाकुर ने कहा कि उन्होंने बीडीओ से बातचीत कर आग्रह किया है कि इन परिवारों की महिलाओं को मनरेगा योजना के तहत रोजगार दिया जाए।

### आईफ्लैक्स इंटरनेशनल स्कूल धनैतर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# पेंचक सिलाट स्पर्धा में जीते 10 स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**7वीं** मंडी जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में आईफ्लैक्स इंटरनेशनल स्कूल धनैतर जोगिंद्रनगर नगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 10 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक व 3 कांस्य पदक हासिल किए।

कराटे कोच राकेश कुमार ने बताया कि मंडी जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन द्वारा बैडमिंटन हॉल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पड्डल मंडी में आयोजित सातवीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आईफ्लैक्स इंटरनेशनल स्कूल धनैतरर चौंतडा के 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया वह अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण पदक 2 रजत पदक व 3 कांस्य पदक प्राप्त किये।

सब जूनियर वर्ग में 39 किलोग्राम भार वर्ग में स्वस्तिका ने स्वर्ण पदक, काव्या ने 42 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, जूनियर वर्ग में 47 किलोग्राम भार वर्ग में चेष्टा बालिया ने स्वर्ण पदक और सेजल थापा ने रजत पदक, प्री टीन वर्ग में भार्गव ने 28 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक सात्विक वर्मा ने 28 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, सानिध्य में 32 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, भुवनेश ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, युवराज ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, अर्णव ने 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सब जूनियर वर्ग में अर्णव कुमार ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आरुष ने 48-51 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, उत्कर्ष बर्मा ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, वरुण ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक सब जूनियर वर्ग में आर्यन ने 64 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी।

# शिक्षा विभाग के 132 वरिष्ठ सहायक बने अधीक्षक ग्रेड-2

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- शिक्षा निदेशालय ने सूची जारी कर दिया पदोन्नति का तोहफा
- प्रदेशभर के 132 वरिष्ठ सहायक लंबे समय से कर रहे थे इंतजार

**शिक्षा** विभाग में कार्यरत वरिष्ठ सहायकों को प्रदेश सरकार ने पदोन्नति का तोहफा दिया है। शिक्षा निदेशालय ने सूची जारी कर प्रदेश के 132 वरिष्ठ सहायकों को पदोन्नत कर अधीक्षक ग्रेड-2 के पद पर तैनाती दी है। बता दें कि लंबे समय से वरिष्ठ सहयक से अधीक्षक ग्रेड-2 की पदोन्नति नहीं हुई थी, जिसको लेकर प्रदेशभर के वरिष्ठ सहायक पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे।

बीते दिनों प्रदेश गैर शिक्षक महासंघ ने प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अगुवाई में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक से मुलाकात कर पदोन्नति सूची यथाशीघ्र जारी करने की बकालत की थी। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर, महासचिव मनीश गुलेरिया व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र मेहता ने अधीक्षक ग्रेड-2 की पदोन्नति को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव राकेश कंवर व शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा व आशीष कोहली का आभार जताते हुए कहा है कि पदोन्नति सूची जारी करने से समूचे शिक्षा विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**कार्यक्रम** मां हाटेश्वरी के तीन दिवसीय मेले की विशाल जागरण से शुरुआत

# 'मंदरा रा नजारा' भेंट पर झूमे श्रद्धालु

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** मंडी जिला की सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां हाटेश्वरी मंदिर हटगढ़ में तीन दिवसीय मेले का आगाज भगवती जागरण से किया गया। जागरण में खंड विकास अधिकारी धनोटू रमा सुद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का आगाज किया।

इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य जागृती राणा उपस्थित रही। मंदिर कमेटी के प्रधान नन्द लाल ठाकुर ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को शाल टोपी व मां हाटेश्वरी का स्वरूप तथा चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। गायक अभिषेक सोनी ने ओ आए मेरे सतगुरु प्यारे गुरु बंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कर एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजन प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। जिसका पंडाल में बैठे भक्तजनों ने भरपूर आनंद लिया और भजनों में लीन होकर मां के श्रद्धालु खूब झूमें।

इस मौके पर सिधु राम भारद्वाज, भाषा अधिकारी मंडी रेवती सैनी, ग्राम सेविका धनोटू सत्या कौशल, थाना प्रभारी धनोटू राजेंद्र ठाकुर, चंद्र कौशल, तारा चंद शर्मा, भूपेश गुप्ता, पंचायत प्रधान अणु डिंपल, मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष नंद लाल ठाकुर, वरिष्ठ उप प्रधान डॉ संत राम गुप्ता, उपप्रधान चिंत राम नायक, कोषाध्यक्ष बलदेव राणा, चमन शर्मा, शेर सिंह और धर्म सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



मां हाटेश्वरी के मेले में हिमाचली भजन गायक अभिषेक सोनी ने प्रस्तुत किए एक से बढ़कर एक भजन, जागरण करते हुए श्रद्धालु।

# 10 दिन के बाद भी गिरफ्तार नहीं हुआ दुष्कर्म का आरोपी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**नेपाल** की एक युवती ने उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी की प्रदेश उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत रद्द होने के बाद इसे 10 दिन बीतने के बाद भी गिरफ्तार न करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित युवती ने सुंदरनगर में प्रेसवार्ता में कहा कि वह नेपाल की रहने वाली है व उसके साथ 2018 में सुंदरनगर के स्लाबकोट निवासी युवक ने पहले से ही शादीशुदा होने के बाद भी उसे धोखे में रख मंदिर में विवाह किया था। जिसके बाद वह वह 3 साल तक आरोपी के घर में उसके माता-पिता की उपस्थिति में रही, लेकिन उसके पति ने उसका नाम किसी भी सरकारी रिकार्ड में दर्ज नहीं कराया। इस दौरान वह नेपाल चली गई व वहां बेटे को जन्म दिया। इस दौरान उसे आरोपी के किसी रिश्तेदार से पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है, क्योंकि उसका पति पहले से ही शादीशुदा है व उसका तलाक का केस चला हुआ है। वह 6 माह के बच्चे के साथ वापस आरोपी के घर लौटी तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा और वह तंग आकर फिर से नेपाल लौट गई। उसके नेपाल लौटने के बाद कुछ माह पहले पति ने तीसरा विवाह भी कर लिया है। जब उसने थाना सुंदरनगर में आरोपी पर दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई तो आरोपी ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली। इधर, डीएसपी भारत भूषण ने बताया मामले संज्ञान में आया है और इसकी गंभीरता को देखते हुए गहनता से जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रामपुर बैली ब्रिज 6 से 9 जुलाई तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना-संतोषगढ़ रोड पर स्थित रामपुर अस्थायी बैली ब्रिज (आरडी 1/760) मरम्मत कार्य के चलते 6 से 9 जुलाई चार दिन तक यातायात की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग ऊना के अधिशाषी अभियंता कुलदीप सिंह ने बताया कि ब्रिज की मरम्मत हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ऊना और विभाग के मैकेनिकल सब-डिवीजन ऊना के संयुक्त समन्वय से की जाएगी। कुलदीप सिंह ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को चंद्र लोक कॉलोनी से ऊना ब्रिज तक वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, ताकि लोगों को असुविधा न हो।

### तलमेहड़ा में प्रधान ने ग्रामीणों को बांटे कूड़ेदान



स्वचच्छता को लेकर सजग पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को डस्टबीन वितरित किए।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** स्वच्छता अभियान के तहत विकासखंड बंगाणा की खरयालता पंचायत के तलमेहड़ा गांव में जैविक और अजैविक कूड़े को एकत्र करने के लिए ग्रामीणों को कूड़ेदान वितरित किए गए। खरयालता पंचायत के प्रधान अशोक कुमार मोनू ने बताया कि पंचायत में पंजीकृत सभी परिवारों को एक-एक कूड़ेदान बांटा जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत को स्वच्छ बनाने की अपील करते हुए उन्हें सफाई के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रधान अशोक कुमार, पंचायत सदस्य दीवान चंद, बीरो देवी, तरसेम लाल, अंजली शर्मा, आशा देवी, सुखदेव शास्त्री, चंचला देवी, रुचि, सोनिया सोनी, किरण देवी, किशन पाल शर्मा, विशन दास आदि मौजूद थे।

### चिंतपूर्णी में 7 को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि 7 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 11 केवी विद्युत लाइन चिंतपूर्णी का जरूरी मुरम्मत कार्य करने तथा रखरखाव के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अगर मौसम खराब रहा तो यह कार्य अगले दिन मंगलवार, 8 जुलाई को किया जाएगा। मरम्मत कार्य चलते समय चिंतपूर्णी बाजार, समनोली, नारी वार्ड नंबर 5, वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 4, शंभू बैरियर, अमोकला प्रीतम, डूहल बंगवाला इत्यादि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल भरवाई के सहायक अभियंता इंजीनियर रविंद्र शर्मा ने जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आवश्यक है और इसके लिए थोड़ी असुविधा होगी, लेकिन इससे भविष्य में बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा।

### टैक्स प्रेक्टिशनर व व्यापारियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, अंब।** स्टेट टैक्स एंड एक्साइज डिपार्टमेंट द्वारा शुरू किए गए जागो ग्राहक जागो अभियान के तहत अंब सर्किल की असिस्टेंट कमिश्नर स्टेट टैक्स एंड एक्साइज निष्ठा वाली ने टैक्स प्रैक्टिशनर व व्यापारियों के लिए एक जागरूकता कैंप लगाया। कैंप में उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी के जरूरी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यापारी को अपने व्यापारिक संस्थान के बाहर अपनी फर्म का नाम व जीएसटी नंबर अंकित करना जरूरी है। व्यापारी को 200 रुपए से ऊपर बिक्री करने पर उपभोक्ता को बिल देना होगा। 50000 रुपए से ऊपर किसी ग्राहक को सामान बेचने या फिर बेचने के लिए खरीदने पर ईवे बिल जारी करना होगा। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ से ऊपर टर्नओवर वाले व्यापारियों को अपनी ई इन्वॉयस को समय रहते अपलोड करना जरूरी है। व्यापारियों और टैक्स प्रैक्टिशनर्स ने निष्ठा बाली को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने समस्या आने पर विभाग से संपर्क करने की बात कही।



### नशा मुक्ति केंद्र में जागरूकता कैंप लगाया

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नागरिक कल्याण परिषद संतोखगढ़ के प्रधान डॉ. राम नारायण प्रभाकर एवं महासचिव जगमोहन सिंह वालिया ने संयुक्त रूप में नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। केंद्र में सभी उपचार अधीन मरीजों का व्यक्तिगत तौर पर हाल चाल जाना। इस मौके पर महासचिव जगमोहन सिंह वालिया ने नशे के दुष्प्रभावों के ऊपर सभी मरीजों को समझाया कि नशे से परिवार खत्म हो रहे हैं, जवानी तबाह हो रही है । उन्होंने आगे बताया कि नशे से प्रभावित परिवार आर्थिक बोझ के नीचे दब रहे हैं । एक तरफ तो नशे से प्रभावित परिवार खराब आर्थिक हालातों से कर्जदार हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राज्य और देश की आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। उन्होंने अपील की कि हर तरह के नशे छोड़ कर सामान्य और समृद्ध जीवन की नई शुरुआत करें। उपरांत प्रधान डॉ. राम नारायण प्रभाकर ने कहा कि हम सभी को देश की खुशहाली के लिए काम करना चाहिए। केंद्र के संचालक उदयवीर सिंह राणा को वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद संतोख गढ़ भी की ओर से हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र के संचालक उदय वीर सिंह राणा और नर्स कल्पना ने विशेष रूप से हाजिर होकर डॉ. प्रभाकर और वालिया का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि जो भी मरीज उनके केंद्र में आते हैं, वे सभी ठीक हो कर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

### अधिवक्ता सुमेधा ने लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** जिला ऊना न्यायालय के अंतर्गत डीएलएसए लीगल ऐड अथॉरिटी से अधिवक्ता सुमेधा शर्मा ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला अंब में बच्चों को कानूनी जानकारी दी । उन्होंने बच्चों को पोस्को एक्ट, साइबर क्राइम से बचने के टिप्स व अन्य कानूनों की जानकारी दी । इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल विनोद बन्याल, स्कूल स्टाफ ओर बच्चे उपस्थित रहे । इसके बाद अधिवक्ता सुमेधा शर्मा ने गोंदपुर बनेहड़ा (लोअर) पंचायत में भी लोगों को कानूनी जानकारी दी ओर लोगों को लीगल ऐड से जुड़ी अनेको नीतियों से अवगत करवाया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे।

### आपदा में सभी मिलकर करें पीड़ितों की मदद: रुमेल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के मंडी और शिमला एवं अन्य जिलों में बादल फटने और भारी बारिश के चलते आई आपदा से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। पहाड़ों पर मची तबाही ने सैकड़ों लोगों को बेघर कर दिया है और कई परिवारों के सदस्य लापता हैं। प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है, लेकिन ज़मीनी हालात बेहद भयावह हैं। इस विकट समय में, ु टलैहड़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिव राम जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रुमेल कुमार ने राज्य सरकार और समस्त समाजसेवी संगठनों से आगे आकर पीड़ितों की सहायता करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है, यह समय एकजुट होकर मानवता का परिचय देने का है। आपदा को लेकर स्थानीय संस्थाएं जमीनी स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

## नेशनल खिलाड़ी मानसी को दिया सम्मान




**अनंत ज्ञान, ऊना।** नेशनल खिलाड़ी मानसी राणा को स्विमिंग कोच संदीप कुमार ने लाइफ जैकेट देकर सम्मानित किया। मानसी राणा बंगाणा उपमंडल की खरयालता पंचायत की बही गांव की रहने वाली हैं। मानसी राणा ने खेलकूद के साथ-साथ सामाजिक सरोकार निभाने में अहम भूमिका निभाई है। वह अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है। मानसी राणा ने थ्रो बाल और जल क्रीड़ा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मानसी राणा ने राष्ट्रीय स्तर पर ड्रैगन वोट और ट्रेडिशनल चैंपियनशिप में भाग लेकर केरल में हिमाचल का नेतृत्व किया था। उनकी इस उपलब्धि पर स्विमिंग कोच संदीप कुमार ने उन्हें लाइफ जैकेट देकर सम्मानित किया।

**सम्मान का उद्देश्य :** स्विमिंग कोच संदीप कुमार ने मानसी राणा को सम्मानित करने के लिए कहा कि वह उनकी प्रतिभा और मेहनत को पहचानते हैं और आगे भी उनके खेल करियर में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। मानसी राणा की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने खेल करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे।

## सोमभद्रा नदी का रौद्र रूप...



ऊना। भारी बारिश के बाद ऊना की सोमभद्रा नदी उफान पर रही, जिसने लोगों में डर पैदा कर दिया।

# प्रतिबंधित लकड़ियों से भरे 5 वाहन जब्त

## कलरूही और गगरेट में नाकाबंदी के दौरान वन विभाग को मिली सफलता

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/अंब**

वन विभाग की टीम ने कलरूही और गगरेट में अवैध लकड़ी से लदे पांच वाहनों को पकड़ा है। तीन वाहन कलरूही और दो गगरेट में पकड़े गए। विभाग की टीम ने पांचों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार तड़के वन विभाग की टीम आरओ अंब राहुल ठाकुर, गार्ड दिनेश कुमार, बलदेव कुमारए तरसेम कुमार और अजय कुमार के साथ रात के लगभग दो बजे से शुक्रवार तड़के छह बजे तक नाकाबंदी के दौरान कलरूही में लकड़ी से लदे तीन पिकअप ट्राला को पकड़ा।

इसमें प्रतिबंधित प्रजाति के सरींह और कैंबल पेड़ों की लकड़ी बरामद की गई। ये तीनों वाहन नादौन की तरफ से पंजाब के लिए जा रहे थे, जबकि टीम ने गगरेट क्षेत्र में नाका लगाकर तलाशी के दौरान दो पिकअप ट्राला में प्रतिबंधित लकड़ी लदी पाई।



नादौन और ज्वालाजी क्षेत्र से पंजाब को जा रहे थे वाहन, जिन्हें नाके के दौरान पकड़ा गया।

इस संबंध में वाहन चालकों की तरफ से कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। टीम ने वाहनों को कब्जे में ले लिया। ये दोनों वाहन ज्वालाजी क्षेत्र की तरफ से पंजाब के लिए जा रहे थे। क्षेत्र में विभाग की तरफ से पकड़े गए पांचों वाहन अन्य जिलों से संबंधित हैं। प्रदेश के पहाड़ी जिलों में लकड़ी के अवैध कटान पर अभी तक पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई है। विभाग के आरओ राहुल ठाकुर ने बताया कि दो स्थानों पर नाकाबंदी के दौरान विभाग ने पांच पिकअप ट्राला को प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी के साथ पकड़ा है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। हिमाचल प्रदेश में प्रतिबंधित लकड़ियों के अवैध कटान के मामलों में लगातार बढ़ौतरी हुई है। इसमें हिमाचल और पंजाब की सीमा से सटे ऊना जिला से पंजाब तक पहुंचाने में रूट का इस्तेमाल किया जाता है। गगरेट और अंब रेंज के तेज तर्रार अधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में बलदेव कुमार, तरसेम, दिनेश, रंजीत, मुनीश और अजय की टीम ने दो महीनों में कई वाहनों को काबू किया है।

# ऊना में बड़े पैमाने पर अवैध माइनिंग पर सरकार चुप क्यों : अनुराग

**अनंत ज्ञान, ऊना**




अवैध खनने से हरोली क्षेत्र का सीना किया जा रहा छलनी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र के माध्यम से ध्यानाकर्षण ऊना के हरोली में चल रही अवैध माइनिंग की ओर खींचते हुए माइनिंग माफिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अनुराग ने कहा कि देवभूमि हिमाचल भारी बारिश के चलते बाढ़ और जलभराव जैसी समस्याएं झेल रही है। अवैध खनन बाढ़ और जलभराव का एक बड़ा कारण है, मिट्टी और बालू के खनन से जहां लोगों को काफी असुविधा होती है, वहीं बरसात के समय नदी में बाढ़ आने से कटाव का खतरा और भी बढ़ जाता है। मेरी अपनी सूचना के अनुसार ऊना जिले के हरोली में खनन माफिया बिना किसी सरकारी आदेश के बड़े पैमाने पर रेत व मिट्टी का खनन कर क्षेत्र को जोखिम में डाल रहे हैं।

साइंटिफिक न होने की वजह से ये माइनिंग बड़े खतरे को बुलावा दे रही है। आखिर ऊना में इन खनन माफियाओं को किसका संरक्षण प्राप्त है? खुलेआम हो रही इस अवैध माइनिंग पर सरकार और प्रशासन चुप क्यों है? अवैध माइनिंग की मोटी रक़म के बंदरबांट में कौन-कौन लोग शामिल है। अनुराग ने कहा कि नदी के तल से रेत और पत्थरों के खनन से नदी का तल गहरा होता है और इसमें पानी का प्रवाह तेज होता है। यही बढ़ा हुआ प्रवाह नदी के किनारों का कटाव तेज़ करता है और बाढ़ की स्थिति में मकान, पुल जैसे बुनियादी संरचनाओं को अधिक नुकसान पहुंचाता है।

जहां आम आदमी को अपने जीवन व परिवार को लेकर चिंता है, वहीं खनन विभाग पूरी मामले में मूकदर्शक बना हुआ है। मेरा मुख्यमंत्री सुक्खू से विनम्र अनुरोध है कि प्रदेश के हालातों को देखते हुए अवैध खनन से जुड़ी सभी गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने का निर्णय लें। हिमाचल के हित में खनन माफियाओं को नेस्तनाबूद करें ताकि देवभूमि में बाढ़ और जलभराव के खतरे को कम किया जा सके।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर 4 दुकानदारों पर कार्रवाई

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर प्रदूषण विभाग ऊना ने बड़ूही बाजार में चार दुकानदारों पर कार्रवाई की है, जिनसे मौके पर 2000 रुपए जुर्माना किया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक को कब्जे में ले लिया। इस संरक्षण के दौरान इंजीनियर गुरप्रीत सिंह और उनकी टीम ने बड़ूही बाजार में करीब एक दर्जन दुकानों की छापेमारी की। बड़ूही बाजार में छोटे- छोटे दुकानदारों के पैकेट सामान के पॉल्यूशन विभाग ऊना द्वारा प्लास्टिक उसे करने के चालान करने पर व्यापार मंडल बड़ूही में काफी रोष व्यक्त किया है।

बड़ूही व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि जो सामान प्लास्टिक में ही पैक होकर आता है, तो उसका चालान उनको करो जो पैक करके भेजते हैं। दुकानदारों को तो मजबूरी में बेचना ही पड़ता है। विभाग प्रशासन व

**कार्रवाई को लेकर बड़ूही व्यापार मंडल ने जताया रोष**

सरकार को इनका विकल्प ढूंढना चाहिए। व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र शर्मा का कहना है कि पहले ही गांवों के छोटे-छोटे दुकानदार ऑनलाइन शॉपिंग पर प्रतिदिन मार झेल रहे हैं और अब उनके ऊपर प्लास्टिक का सामान जो पैक होकर ही प्लास्टिक में आ रहा है, उसका चालान दुकानदारों का कर रहे हैं। यह सरासर गलत है, चालान तो उनका होना चाहिए, जो कंपनी पीछे से सामान प्लास्टिक में पैक करके आगे दुकानदारों को बेच रही है।

प्रदूषण विभाग ऊना के जेई ई. गुरप्रीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बैन की गई सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इसके आधार पर प्रदूषण विभाग की टीम देर शाम वीरवार को निरीक्षण करके चार दुकानों के चालान काटे हैं।

# डॉ. राणा मामले में साजिशकर्ता युवक ने मांगी माफी

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**सोशल मीडिया पर डॉ. अतुल को बदनाम करने की रची थी साजिश**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के सिविल एवं थानाकला अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राणा को लेकर हाल ही में सोशल मीडिया पर फैलाई गई झूठी अफवाहों का सच अब सामने आ गया है। थाना बंगाणा में पेश हुए एक युवक ने स्वीकार किया है कि उसने डॉ. अतुल राणा को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश रची थी। युवक ने थाना प्रभारी रोहित चौधरी के समक्ष अपने कृत्य की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए लिखित माफीनामा सौंपा और यह स्वीकारा कि उसने निजी स्वार्थ और व्यापारिक लाभ के लिए झूठे दस्तावेज तैयार कर एक फेसबुक यूजर को सौंपे थे, जिसने डॉ. अतुल राणा के खिलाफ सोशल मीडिया पर झूठी पोस्ट डाली थी। इस मामले में एक बड़ा मोड़ तब आया, जब थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने इस पूरे प्रकरण की सख्ती से जांच की। जांच के दौरान उक्त युवक पर जब सख्त सवाल-जवाब हुए, तब उसने सच्चाई उगल दी। युवक ने बताया कि उसके साथ दो अन्य युवक भी इस साजिश में शामिल थे और उन्हीं के बहकावे में आकर उसने यह गलत कदम उठाया। युवक ने यह भी बताया

अनंत ज्ञान फॉलोअप

कि सोशल मीडिया पर जिस व्यक्ति ने डॉ. अतुल राणा के खिलाफ पोस्ट की, उसे उसने खुद झूठे प्रूफ मैंने दिए थे। युवक ने कहा कि डॉ. अतुल राणा एक ईमानदार और समर्पित डॉक्टर हैं, जो न किसी से लेनदेन करते हैं, न ही किसी के साथ गलत व्यवहार रखते हैं।

उसने यह भी कहा कि उसे अपनी गलती का पछतावा है और वह भविष्य में कभी इस प्रकार की हरकत नहीं करेगा। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि डॉ. अतुल राणा के खिलाफ जो भी आरोप सोशल मीडिया पर लगाए गए थे, वे पूरी तरह से निराधार और मनगढ़ंत थे। उन्होंने कहा कि किसी प्रतिष्ठित सरकारी अधिकारी या डॉक्टर के खिलाफ सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग कर झूठे आरोप लगाना भी एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में युवक की लिखित माफी और स्वीकारोक्ति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई डॉ. अतुल राणा के निर्णय पर निर्भर करती है।

उधर, डॉ. अतुल राणा ने इस पूरे मामले को लेकर शिमला माननीय हाई कोर्ट में उस फेसबुक यूजर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया है, जिसने उनके खिलाफ झूठी कहानी पोस्ट की थी। डॉ. अतुल राणा का कहना है कि इस झूठी साजिश ने न केवल उनकी पेशेवर छवि को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि जनता में उनके प्रति विश्वास को भी गहरा आघात दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी जिंदगी ईमानदारी से मरीजों की सेवा की है, लेकिन इस प्रकार की घटिया साजिशों से मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। मैं न्यायालय में इन दोषियों का सामना करूंगा। डॉ. अतुल राणा ने कहा कि सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल करके किसी की प्रतिष्ठा को धूमिल करना बेहद निंदनीय और गैरकानूनी है। उन्होंने अपने समर्थकों और मरीजों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास रखें।

**सोशल मीडिया का न करें गलत इस्तेमाल : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने यह भी कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी के खिलाफ झूठी और अपमानजनक बातें फैलाता है, तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जिम्मेदार नागरिक की तरह सोशल मीडिया का इस्तेमाल करें और किसी भी भ्रामक जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें। इस पूरे घटनाक्रम से डॉ. अतुल राणा को भले ही मानसिक और सामाजिक रूप से आघात पहुंचा हो, लेकिन उनकी सच्चाई और ईमानदारी ने अंततः जीत हासिल की। उम्मीद की जा रही है कि इस मामले के बाद लोग सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को लेकर ज्यादा सतर्क रहेंगे और कानून व्यवस्था में विश्वास बनाए रखेंगे।

# विधायक ने बरसात में सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के दिए निर्देश

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



विधायक सुदर्शन बबलू आपदा को लेकर अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए।

**अंब।** मानसून के सक्रिय होते ही प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शुक्रवार को विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विश्रामगृह अंब में उपमंडल स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति के साथ बैठक की। उन्होंने बरसात के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए।

विधायक बबलू ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें और मानसून से जुड़ी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयार रहें। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण भू-स्खलन, जलभराव, बाढ़ जैसी आपदाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपमंडल के भीतर सभी बाढ़ संभावित स्थानों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा उन स्थानों पर राहत व बचाव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्कूलों, अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष टीमें गठित करने की बात कही गई। विधायक बबलू ने जनता से कहा कि वे बरसात के मौसम में सतर्कता बरतें।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, तहसीलदार नरेश पटियाल, बीडीओ ओम पाल डोगरा, जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता होशियार सिंह जस्सल, लोनिवि के सहायक अभियंता सुखविंद्र सिंह, बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता पुनीत कुमार सहित राजस्व विभाग व बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## शिक्षा की गुणवत्ता पर आधारित दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** शिक्षा सुधार समिति ईसपुर की मासिक बैठकर गांव के मंदिर में संपन्न हई। बैठक में शिक्षा सुधर समिति द्वारा नियुक्त किए गए लगभग 60 अध्यापकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जगदीश राम प्रसिद्ध समाजसेवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग सूरज पाठक जगत रामशास्त्री ने मुख्य अतिथि को शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उसके साथ ही शिक्षा सुधार समिति के सदस्य सतीश शर्मा और बीडीसी सदस्य मीना कुमारी को भी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में अध्यापकों को उनके द्वारा किए गए बढ़िया कार्यों की प्रशंसा की तथा बच्चों को पढ़ाने के लिए नए टिपस भी दिए।

जगत राम शास्त्री ने मंच संचालक की भूमिका निभाई और खुद संस्कृत के विद्वान होने के नाते अध्यापकों को सिखाया कि बच्चों को मात्राओं का ज्ञान कैसे देना है। सतीश शर्मा पूर्व प्रवक्ता ने मेहनत और संघर्ष लगन और एकाग्रता पर बल दिया। ईसपुर की परमीत कौर द्वारा 96 फीसद अंक बोर्ड में लेने पर समिति ने उन्हें 1000 प्रोत्साहन राशि के रूप में देकर सम्मानित किया। ओमकार सिंह वाइस चेयरमैन जिला परिषद ने भी अपने विचार रखे। समिति के महासचिव और शिक्षाविद सुच्चा सिंह कंग ने उपस्थित अध्यापकों की प्रशंसा भी की और अधिक मेहनत करने पर बल भी दिया।

# डाकमंडल ऊना ने जगाई डिजिटल अलख, बताई विभिन्न योजनाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डिजिटल इंडिया मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के उद्देश्य से डाक विभाग ने ऊना जिले में सेवा भाव सप्ताह के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। यह अभियान हिमाचल प्रदेश के चीफ पोस्टमास्टर जनरल शैलेन्द्र कु मार द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा अधीक्षक डाकघर ऊना भूपिंदर सिंह के नेतृत्व में संचालित हो रहा है।

अभियान के तहत डाक सेवकों की टीमें घर-घर जाकर नागरिकों को डाक विभाग की डिजिटलीकृत सेवाओं की जानकारी दे रही हैं। एक जुलाई से जारी इस अभियान में डाक कर्मी अपने क्षेत्रों में सुबह से देर शाम तक सक्रिय रहते हुए लोगों को विभाग की योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। अधीक्षक डाकघर भूपिंदर सिंह ने जिलावासियों से अपील की है कि वे डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



डाक विभाग की योजनाओं का गांव-गांव प्रचार करती कार्यकर्ता।

**निरीक्षण** विधायक कुटलैहड़ के प्रभावित परिवारों को निजी आय से देंगे पांच हजार की आर्थिक मदद

# भारी बारिश से हुई तबाही का विधायक विवेक ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा चार दिवसीय बाहरी राज्यों के प्रवास से शुक्रवार को कुटलैहड़ लौटते ही कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई मूसलधार बारिश ने भारी तबाही पर प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ दौरा करके नुकसान का आकलन किया। क्षेत्र में जल प्रलय जैसे हालात बन गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और करोड़ों रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

इस आपदा की गंभीरता को समझते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उनके साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार,



बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में अब तक 24 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। इस भारी नुकसान को देखते हुए उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रभावित क्षेत्रों का त्वरित सर्वेक्षण कर नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें ताकि समय रहते राहत और पुनर्वास कार्य शुरू किए जा सकें। विधायक विवेक शर्मा ने इस संकट की घड़ी में एक बड़ा मानवीय कदम उठाते हुए घोषणा की कि वे व्यक्तिगत आय से हर प्रभावित परिवार को 5,000 रुपए की आर्थिक सहायता देंगे। उनका कहना था कि कुटलैहड़ की जनता उनके परिवार का हिस्सा है और ऐसे समय में वे अपने परिवार को अकेला नहीं छोड़ सकते। विधायक विवेक शर्मा ने विशेष रूप से बढ़साला पुल और नंगल सालंगड़ी स्थित धागा फैक्टरी में हुए नुकसान का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि बढ़साला पुल को लगभग 10 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वहीं, नंगल सालंगड़ी में स्थित धागा फैक्टरी, जिसमें 150 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, वहां बारिश का पानी घुसने से करीब 8 करोड़ रुपए की क्षति हुई है, जिससे सैकड़ों कामगारों की आजीविका खतरे में पड़ गई है। । उन्होंने कहा कि अधिकारी त्वरित रूप से रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजें ताकि प्रभावितों को राहत देने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे स्वयं लगातार निगरानी करते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पीड़ित परिवार राहत से वंचित न रह जाए।

**मूलभूत सुविधाओं को सुचारू करने के दिए आदेश :** विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि भारी बारिश से कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कई हिस्सों में जल आपूर्ति ओर बिजली जैसे मूलभूत सुविधाएं बाधित हो रही है। हमने विभागों की इस सभी मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रूप देने के आदेश दिए।

**निरीक्षण के दौरान ये रहे मौजूद**

**इस** मौके पर कार्यवाहक एसडीएम बंगाणा अमित कुमार, खंड बिकास अधिकारी सुशील कुमार, कृषि अधिकारी सतपाल धीमान, थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी, जल शक्ति विभाग, फ्लड अधिकारी, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक कुमार मिंका, प्रदेश कांग्रेस सचिव देसराज गौतम, अमित कुमार, राम किशन के अलावा अन्य सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

## सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पद भरे जा रहे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइज़र के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 8 जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना और 9 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित होंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष और वेतन 17,500 से 22,000 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सोलंगनाला में पकड़े गोवंश तस्कर

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान



पर्यटन नगरी मनाली में गोवंश तस्करी के आरोपियों को पुलिस पकड़ती हुई।

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में गोवंश तस्करी का मामला प्रकाश में आया है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गोवंश तस्कर गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। यह गोवंश गिरोह गाय को मनाली की ओर से ट्रक में भरकर लाहौल होते हुए लेह की ओर ले जाने की फिराक में था। ट्रक नंबर जेके 02 बीएस 6977 में 9 गाय डाली हुई थी, इसमें दो की मौत हो गई थी। बुरुआ गांव के ग्रामीण खुशहाल ठाकुर व उपप्रधान कीर्ति किशन ने बताया कि उन्हें बच्चों से सूचना मिली कि एक ट्रक गाए को भरकर लाहौल की ओर जा रहा है। ट्रक से गंदी बदबू भी आ रही थी। उन्होंने बताया कि इस ट्रक को पलचान स्कूल के पास पकड़ा और पुलिस को सूचित किया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपियों की पहचान मोहम्मद मसां पुत्र अब्दूल राशीद आरओ गांव कांस पट्टा तहसील व जिला रियाशी राज्य जम्मू व कश्मीर व उम्र 35 वर्ष, मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद बशीर आरओ गांव डाकघर तलवाड़ा तहसील व जिला रियाशी राज्य जम्मू व कश्मीर व उम्र 28 साल, मोहम्मद रियाज पुत्र अली मोहम्मद आरओ गांव बामलिया डाकघर रमसो तहसील सुंदर बन्नी जिला राजौरी राज्य जम्मू-कश्मीर व उम्र 23 बर्ष के रूप में हुई है।

## गोविंद ठाकुर ने गो तस्करी पर जताई चिंता

**पूर्व** मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि देवभूमि हिमाचल में हो रही गो-तस्करी की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि पकड़ी गई गायों के कानों में टैग भी लगे हुए हैं, इसके बावजूद सरकार असली मालिकों तक पहुंचने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यह गंभीर लापरवाही कहीं न कहीं सवाल खड़े करती है। गत माह पहले भी स्थानीय जनता ने अपनी सजगता से ऐसे कई ट्रकों को पकड़ा था, लेकिन आज तक सुक्खू सरकार ने न तो ठोस कार्रवाई की और न ही कोई प्रभावशाली नीति बनाई। यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। एक जनप्रतिनिधि और एक हिंदू समाज का जागरूक सदस्य होने के नाते मैं सुक्खू सरकार से यह स्पष्ट रूप से पूछना चाहता हूं, अब तक जितने गोवंश से भरी गाड़ियों को पकड़ा गया है, उनके खिलाफ क्या कोई ठोस कानूनी कार्रवाई की गई या उन्हें केवल खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया? सुक्खू सरकार की भूमिका इन मामलों में पूरी तरह संदेह के घेरे में है। ठाकुर ने ऐसे तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## चपरासी ने की छात्रा से छेड़छाड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के एक सरकारी स्कूल में चपरासी द्वारा एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने सरकारी स्कूल के एक चपरासी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, इस तरह की हरकत सामने आने के चलते क्षेत्र में अभिभावकों में भी काफी रोष है और उन्होंने प्रशासन व शिक्षा विभाग से मांग की है कि आरोपी को भी तुरंत स्कूल से बर्खास्त किया जाए। सरकारी स्कूल की स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान की शिकायत पर एक अभियोग अंतर्गत धारा 75 (2) बीएनएस व धारा 8 पोक्सो एक्ट महिला थाना कुल्लू में दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता ने जानकारी दी है कि उसकी बेटी तीसरी कक्षा में सरकारी स्कूल मे पढ़ती है। वहीं, कुछ दिन पहले घर आकर उसकी बेटी ने जानकारी दी कि उसके स्कूल का चपरासी उसे और अन्य लड़कियों को गलत नीयत से स्पर्श करता है और तंग करता है। ऐसे में शिकायत मिलने पर कुल्लू पुलिस की टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# देवताओं के आगमन संग आरंभ हुआ कुंगश का बीस आषाढ़ मेला

अनंत ज्ञान आनी



कुंगश के बीस आषाढ़ मेले में पहुंचे देवताओं से आशीर्वाद लेते लोग।

आनी उपमंडल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आस्था का प्रतीक कुंगश का बीस आषाढ़ मेला देवताओं की शोभायात्रा के साथ पारंपरिक उत्साह से आरंभ हो गया है।

यह तीन दिवसीय मेला 4 जुलाई से कुंगश के ऐतिहासिक मेला मैदान में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मेले के शुभारंभ अवसर पर कुंगश पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। पंचायत प्रधान राकेश ठाकुर, उपप्रधान विनय कुमार सहित वार्ड सदस्य दीपा, भीम सैन, रोशन, संध्या, सीमा सचिव मस्त राम ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित जनसमूह को मेले की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुंगश, सरस्वती विद्या मंदिर, और जेपीएन पब्लिक स्कूल कुंगश के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों ने वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। कुंगशी महादेव पनेउई नाग के सानिध्य में आयोजित मेले में चिमनी के माहुनाग देवता मौजूद रहे। मेला मैदान में महिला मंडलों और स्कूली बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसके अलावा दो भव्य सांस्कृतिक संध्याएं भी मेले का मुख्य आकर्षण बनेंगी।

4 जुलाई की पहली संध्या में लोकप्रिय लोक गायक तांत्रा ब्वॉयज, गायिका वर्षा ठाकुर और काकू चौहान अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 5 जुलाई की अंतिम संध्या में हिमाचली स्टार विक्की चौहान और क्षेत्रीय लोक गायिका रमन भारती अपने सुरों का जादू बिखेरेंगी। मेले को रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए वॉलीबाल प्रतियोगिता और महिला मंडलों की रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व एपीएमसी चेयरमैन अमर ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, देवेंद्र शर्मा, देवता के कारदार रूपेंद्र सिंह, कारदार सत्तू, उमा शंकर दीक्षित, लच्छी राम, हरिकृष्ण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# मुकेश ने जीती बंजर कुश्ती माली

अनंत ज्ञान, भुंतर



बंजर में आयोजित कुश्ती माली के विजेता को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

भुंतर स्थित शाढ़ाबाई के बंजर में कुश्ती का आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़ी धूमधाम से किया गया।

भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष एवं गुग्गा जाहर पीर हार्डवेयर कलैहली के मालिक रोशन लाल ने कुश्ती दंगल में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बंजर मेला छिंज कमेटी ने रोशन लाल व इनके साथ आए सहयोगियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और बैच व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। बता दें कि बंजर में दो दिवसीय मेले का आयोजन होता है और यह मेला देवता बालक महेश्वर बजौरा, माता हडिंबा भुंतर व माता कोयला नगवाई के सम्मान में मनाया जाता है। देवताओं के आशीर्वाद से मेले और कुश्ती का आगाज किया जाता है। मेले के दूसरे दिन कुश्ती के आयोजन के साथ मेले का समापन होता है। मेला छिंज कमेटी के प्रधान जगदीश ने बताया कि बंजर मेले का इतिहास लगभग 80-90 साल पुराना है। मुख्यातिथि ने कुश्ती दंगल के सफल आयोजन के लिए अपना भरपूर सहयोग दिया। देशभर के पहलवानों ने दंगल में भाग लिया। युवा पहलवानों ने खूब पसीना बहाया। पहलवानों ने अच्छी कुश्ती प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस बार कुश्ती में महिला पहलवान नहीं पहुंची, उनकी कमी दर्शकों को जरूर खली। सुंदरनगर ध्वाल के मुकेश ने मंडी रोपड़ू के गोपाल को पटकनी देकर कुश्ती दंगल की माली अपने नाम की। कमेटी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को ईनाम देकर सम्मानित किया। कुश्ती कमेटी बंजर के प्रधान जगदीश व समस्त सदस्यों ने बताया कि इस मेले एवं कुश्ती को सफल बनाने में आसपास के एरिया की जानता, गांव वासियों कलैहली मार्केट के तमाम दुकानदारों, महिला व युवक मंडलों आदि का पूरा सहयोग रहता है। प्रधान जगदीश ने बताया कि भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष एवं गुगा जहार पीर हार्डवेयर कलैहली के रोशन लाल का हमेशा पूरा सहयोग मिलता है।

# मंडी में हुए नुकसान का आकलन कर तुरंत राहत पहुंचाए सरकार: रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



भाजपा नेता एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पिछले चार-पांच दिनों से बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है। इस बार प्रदेश के मंडी जिले में प्राकृतिक आपदा से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

मंडी जिले के थुनाग उपमंडल में अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी हैं। कई लोगों की जान चली गई है और अभी भी कई लोग लापता हैं। करोड़ों रुपए की संपत्ति बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है। भाजपा नेता एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि ऐसे में प्रदेश सरकार की अतिरिक्त राहत और बचाव दल मंडी के अति प्रभावित क्षेत्रों में तैनात करने चाहिए, ताकि राहत कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने अपने गृह क्षेत्र का दौरा किया है और बाढ़ से करोड़ों के नुकसान का अंदेशा जताया है।

रवि ने प्रदेश सरकार के साथ-साथ सांसद कंगना रनौत और केंद्र सरकार से भी आग्रह किया है कि बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र मंडी के उपमंडल थुनाग का जल्द दौरा कर नुकसान का सही आकलन कर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ फंड से बाढ़ प्रभावितों को उचित राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे लोगों के पुनर्वास का तुरंत प्रबंध करे, जिनके सिर से छत भी बाढ़ के चलते छिन गई है।

## एसडीएम ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत खंड स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने पौधा लगाकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार की पहल का हिस्सा है। विद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी आगे बढ़ रही हैं। छात्राओं ने इस अवसर पर अपनी मां के नाम पर कायल, देवदार, अखरोट सहित कई प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

# जूनियर और यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स युवा पीढ़ी को मानव सेवा से जोड़ने का प्रयास



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश बैठक की अध्यक्षता करती हुईं व साथ हैं अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस सब-कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में डीसी ने रेडक्रॉस के माध्यम से युवा पीढ़ी को मानव सेवा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। डीसी ने कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस यूनिट्स का गठन किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को इससे जोड़ा जा सके। इससे न केवल उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है, बल्कि वे आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और मानवीय सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति भी जागरूक होते हैं।

उन्होंने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस यूनिटों की गठन प्रकिया को अधिक प्रभावी रूप से करने की आवश्यकता है और इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। डीसी ने जूनियर रेडक्रॉस/यूथ रेडक्रॉस सब-कमेटी का एक पोर्टल बनाने का सुझाव दिया।

# समयबद्ध विकास कार्य पूर्ण करें अधिकारी

## अश्वनी कुमार ने विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बचत भवन में शुक्रवार को जिला कुल्लू में विभिन्न विकास खंडों के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त, अश्वनी कुमार ने की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन परियोजना अधिकारी डीआरडीए जयवंती ठाकुर ने किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं के तहत कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। साथ ही, नए एवं लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए ठोस योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब वे धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू हों। इसके लिए विकास खंड स्तर पर सक्रिय निगरानी, नियमित फील्ड विजिट और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा करें और समय-समय पर रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रस्तुत करें। एडीएम ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की और प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। बैठक में मनरेगा, जिओ टैगिंग, अपूर्ण कार्यों की स्थिति, सोशल ऑडिट रिपोर्ट, समय पर भुगतान, कृषि एवं संबद्ध कार्य, कार्यदिवस सृजन, प्रधानमंत्री आवास योजना में भौतिक प्रगति एवं ई-केवाईसी की स्थिति, मुख्यमंत्री आवास योजना की नई स्वीकृतियां व किस्तों की स्थिति की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। पंचायत घरों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता व अनुदान, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, शौचालयों का रखरखाव, मनरेगा से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति की समीक्षा की गई।

## श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के सोलंग नाला में आराध्यदेव कंचन नाग के प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर कथावाचक रवि शर्मा ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। रवि शर्मा ने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होता है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है।

इससे न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। कथा वाचक ने कथा सुनाते हुए कहा कि नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता है। हर गोपी भगवान से प्रार्थना करती है कि किसी न किसी बहाने कन्हैया मेरे घर पधारें। इसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वही जीवन्मुक्त है। भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार व पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने शुक्रवार को मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

# रायसन को मिला पशु शल्य चिकित्सा अस्पताल

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान



भुवनेश्वर गौड़ पशु शल्य चिकित्सालय का शुभारंभ करते हुए व उनके साथ अन्य गणमान्य।

**पतलीकूहल।** विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली विधानसभा के रायसन में 23 लाख की लागत से निर्मित पशु चिकित्सालय की ऑपरेशन थियेटर यूनिट का उद्घाटन किया।

यह यूनिट 23 लाख की लागत से स्थापित की गई है, जिससे क्षेत्र की 15 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल की एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि यहां अब आवारा कुत्तों की नसबंदी की सुविधा भी शुरू हो गई है। इससे क्षेत्र में लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण पाने में सहायता मिलेगी, जिससे आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश में हर एक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने यहां के लोगों को पशु चिकित्सालय के उद्घाटन पर बधाई दी और कहा कि ऑपरेशन थियेटर के शुरू होने से यहां बड़े पशुओं के ऑपरेशन होंगे, जो कि यहां के लोगों के लिए बहुत बड़ी सुविधा है। उन्होंने रायसन पशु चिकित्सालय के चारों ओर चारदीवारी निर्माण के लिए प्रावधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने विधायक निधि से 3 लाख रुपए की राशि मैदान को समतल करने के लिए तथा 3 लाख की राशि पशु चिकित्सालय में हाइड्रॉलिक लिफ्ट के लिए प्रदान करने की घोषणा की, ताकि बड़े पशुओं के इलाज कि बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार क्लॉथ से लेकर बाशिंग तक टयास नदी के तटीकरण का कार्य तेजी से कर रही है। यह कार्य 70 करोड़ रुपए खर्च कर पूर्ण किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक निदेशक पशुपालन विभाग डॉक्टर संजय ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। डॉ. अस्मिता आनंद ने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कांग्रेस के देवेंद्र नेगी, फ्रूट ग्रोवर संगठन के अध्यक्ष प्रेम शर्मा, जिला परिषद सदस्य दीपिका, पंचायत प्रधान चित्रलेखा भार्गव रायसन के प्रधान कर्मचंद आदि मौजूद रहे।

## विवाद न्यायालय में लंबित हैं, तो सुलझाने के लिए मध्यस्थता का लाभ उठाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुल्लू आभा चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा पैन इंडिया मेडिटेशन अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के न्यायालय (तालुका से लेकर उच्च न्यायालय तक) लंबित उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से जल्दी, सस्ता और पारदर्शी ढंग से हल करना है। मध्यस्थता एक तेज, प्रभावी, सस्ती और गोपनीय प्रक्रिया है। इसमें विवादों को न्यायालय के बाहर, आपसी समझौते द्वारा सुलझाया जाता है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा अधिनियम के अंतर्गत मामले, धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधित मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, अन्य उपयुक्त सिविल (दीवानी) मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनमें आपसी समझौते की संभावना हो सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, कुल्लू ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनका कोई उपरोक्त विवाद न्यायालय में लंबित है, तो कृपया उसे सुलझाने के लिए मध्यस्थता का लाभ उठाएं।


**आस्था** आधिकारिक श्रीखंड महादेव यात्रा शुरू होने से पहले ही हजारों ने किए दर्शन

# प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे यात्री

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** 10 जुलाई से आधिकारिक रूप से शुरू होने वाली श्रीखंड महादेव यात्रा पर प्रशासन और श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के तमाम सख्त फरमानों के बावजूद, श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह के आगे व्यवस्थाएं बेबस नजर आ रही हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि तय तारीख से पहले कोई भी यात्रा पर नहीं निकलेगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी, लेकिन इसका जमीनी असर कहीं नजर नहीं आ रहा।

हकीकत ये है कि डेढ़-दो माह पहले से ही हजारों श्रद्धालु श्रीखंड महादेव के दर्शन कर चुके हैं। यात्रा ट्रस्ट अभी भी बटालियन के आने का इंतजार कर रहा है, ताकि सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए जा सकें, लेकिन तब तक हजारों यात्री बर्फीले और जोखिम भरे रास्तों से होकर दर्शन कर चुके हैं। गत माह 10 जून को ही श्रीखंड महादेव के दर्शन कर लौटे पूर्ण सक्सेना बताते हैं कि वे 7 जून को बेसकैंप सिंहगाड से अपने साथियों के अलावा करीब 70 अन्य यात्रियों संग रवाना हुए और 10 जून को श्रीखंड शिखर के दर्शन कर लौट आए। उन्होंने बताया कि रास्ते में हर पड़ाव पर हजारों श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने और ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही दिखी। थाचड़ू, भीमडवारी जैसे प्रमुख पड़ावों पर तो 1000 से ज्यादा श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने आदि की व्यवस्था थी, जबकि कुंशा, भीम तलाई, कालीघाटी जैसे पड़ावों पर भी सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं मौजूद थी।



इस वर्ष यात्रा शुरू होने के एक माह पहले ही श्रीखंड के दर्शन करते यात्री।

## 12 वर्षों में 42 यात्री गंवा चुके हैं जान

**श्रीखंड** यात्रा को उतर भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में गिना जाता है। करीब 32 से 40 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा में श्रद्धालुओं को बर्फ से ढके खतरनाक ग्लेशियर, नाले और ऑक्सीजन की कमी जैसे कठिन हालातों का सामना करना पड़ता है। पिछले 12 वर्षों में इस यात्रा में 42 श्रद्धालु अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें सिर्फ पिछले साल ही 5 यात्रियों की मौत हुई थी। ट्रस्ट हर पड़ाव पर सुरक्षा, मेडिकल और रेस्क्यू टीम के साथ बेस कैंप स्थापित करता है, जिसमें पुलिस और होमगार्ड के जवान भी तैनात रहते हैं, लेकिन यह सब 10 जुलाई से आधिकारिक यात्रा शुरू होने के बाद ही पूरी तरह सक्रिय होगा, लेकिन प्रशासन की चेतावनी और ट्रस्ट के फरमानों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा है कि जोखिम उठाकर भी हजारों लोग पहले ही दर्शन कर चुके हैं। सवाल यही है कि क्या प्रशासन की व्यवस्था श्रद्धालुओं की आस्था के सैलाब के आगे फिर से बेबस साबित होगी।

## स्थानीय लोगों की मदद से चोरी-छिपे जा रहे यात्री : एसडीएम

**एसडीएम** निरमंड एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह का कहना है कि कुछ श्रद्धालु शिमला जिले के फांचा की तरफ से या फिर निरमंड की ओर से स्थानीय लोगों की मदद से चोरी-छिपे यात्रा पर निकल जाते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही बटालियन मौके पर पहुंचेगी, ऐसे यात्रियों को रास्ते में ही रोका जाएगा और आधिकारिक तिथि के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की बैठक 6 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक 6 जुलाई को शिमला में होनी सुनिश्चित हुई है। कुल्लू जिला स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के सचिव हरी सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बैठक में जिला संघ के प्रधान तेज राम ठाकुर के नेतृत्व में संघ के जिलाभर के करीब 40 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में जहां स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की जाएगी। वहीं, उसके पश्चात संघ की राज्य कार्यकारिणी के चुनाव भी करवाए जाएंगे। उन्होंने जिला कुल्लू के स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से आह्वान किया कि छह जुलाई को होने वाली इस बैठक व चुनावी प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। प्रधान तेज राम व सचिव हरी सिंह ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की विभिन्न मांगों। इनमें रोगी कल्याण समिति में सेवाएं दे रहे कर्मचारी 15 से 20 सालों नियमित नहीं हुए हैं आदि को रखा जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित 'ईको-फ्रेंडली फेयर' का होगा आयोजन: किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय उत्सव-2025 के सफल आयोजन के लिए डीसी कार्यालय के सभागार में उत्सव की विभिन्न तैयारिया के संदर्भ में डीसी लाहौल-स्पीति एवं जनजातीय उत्सव मेला कमेटी अध्यक्ष किरण भड़ाना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

डीसी ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिला इको सैंसटिव जोन है और 14 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाले जनजातीय उत्सव का आयोजन पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा और उत्सव की थीम ईको फेंडली फेयर होगी। उत्सव के दौरान किसी भी व्यापारिक व अन्य गतिविधियों में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाएगा, ताकि आमजनता भी प्लास्टिक का प्रयोग न करने बारे प्रेरित हो। उन्होंने इस दौरान उत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया और समयवद्ध सभी प्रकार की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पगोड़ा शैली में स्टॉल लगाए जाएंगे। जिले के प्रगतिशील किसानों के उत्पाद को भी मेला में दर्शाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उत्सव में बच्चों, युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों की सक्रिय सहभागिता के लिए खेल गतिविधियों के आयोजन पर विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी वर्गों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिले की समृद्ध लोक संस्कृति के प्रदर्शन सहित लद्दाख और किन्नौर जिले से भी सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि लोगों का अधिक से अधिक मनोरंजन किया जा सके। उन्होंने बताया कि मिस लाहौल और मिस्टर लाहौल प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी और विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले स्थापित किए जाएंगे।

## जनजातीय समुदाय को उनके अधिकारों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत धरती आभा जनजातीय अभियान के सफल आयोजन के उपरांत डीसी किरण भड़ाना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बीते 15 दिनों तक चले इस विशेष जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न दूरदराज क्षेत्रों में पांच शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से स्थानीय जनजातीय समुदाय को उनके अधिकारों, पारंपरिक ज्ञान, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, सतत विकास, सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में जिला प्रशासन, जनजातीय विभाग, आईटीडीपी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने दूरदराज क्षेत्रों में आयोजित इन शिविरों की कार्यप्रणाली, जनसहभागिता, समस्याओं और फीडबैक को डीसी के साथ साझा किया। डीसी ने अभियान के सफल क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस तरह के अभियान न केवल हमारे जनजातीय समुदाय के लोगों को जागरूक बनाते हैं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए भी एक मजबूत मंच प्रदान करते हैं।

# ढांग रूहाना स्कूल में 11वीं-12वीं का शिक्षक नहीं, बच्चों का भविष्य अधर में

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के ढांग रूहाना स्थित सरकारी स्कूल में पिछले तीन वर्षों से 11वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए न तो कोई शिक्षक है और न ही प्रधानाचार्य।

2022 में स्कूल को अपग्रेड किया गया था पर अब तक स्थायी स्टाफ की तैनाती नहीं हुई है। 21 विद्यार्थियों की पढ़ाई हाई स्कूल स्तर के टीजीटी शिक्षकों के भरोसे चल रही है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह स्कूल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के क्षेत्र में आता है, लेकिन ग्रामीणों की बार-बार अपील के बावजूद समाधान नहीं हुआ। आक्रोशित ग्रामीणों ने बहिष्कार की चेतावनी दी है। ढांग रूहाना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 11वीं-12वीं कक्षाओं के लिए पिछले तीन वर्षों से कोई स्थायी शिक्षक नहीं है। साथ ही प्रधानाचार्य का पद भी रिक्त है, जिससे प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था चरमराई हुई है। स्कूल में वर्तमान में 21 छात्र 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं, जिनमें अधिकतर बेटियां हैं। इन कक्षाओं को टीजीटी अध्यापक पढ़ा रहे हैं, जो विषय विशेषज्ञ नहीं हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। 2022 में इस स्कूल को मिडिल से सीनियर सेकेंडरी में अपग्रेड किया गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक कोई भी नियमित शिक्षक नहीं भेजा गया। ग्रामीण लगातार शिक्षा विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### उद्योग मंत्री के क्षेत्र में शिक्षा का ये हाल

**यह** स्कूल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के विधानसभा क्षेत्र में आता है। बावजूद इसके, न तो मंत्री ने ठोस कदम उठाए और न ही विभाग ने कोई समाधान किया। हालिया एसएमसी बैठक में ग्रामीणों ने बहिष्कार की चेतावनी दी और कहा कि अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## गिरि पेयजल योजना में गाद, वोल्टेज की समस्या से सोलन प्यासा, टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर

# 3 दिन से लोगों को नहीं मिला पर्याप्त पानी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** गिरि पेयजल योजना में गाद और वोल्टेज की समस्या के चलते जल शक्ति विभाग से सोलन नगर निगम को मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। इससे सोलन शहर में पिछले पांच-छह दिनों से लोगों में पानी को लेकर हाहाकार मची है।


गिरि पेयजल योजना में गाद और वोल्टेज की समस्या से टैंकर से हो रही पानी की मांग पूरी।

लोगों को टैंकर का पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। वहीं, सोलन अस्पताल में पानी की समस्या से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। सिल्ट कम हुई पर गिरि परियोजना में वोल्टेज की समस्या भी उत्पन्न होने से आने वाले समय में पेयजल समस्या कम नहीं होने वाली है। गिरि पेयजल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ वर्ष पहले ही करीब 14 करोड़ की लागत से सब स्टेशन स्थापित किया गया था, अब इस सब स्टेशन से साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में पानी की लिफ्टिंग में लो वोल्टेज आड़े आ रही है। नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने इस मामले को स्थानीय विधायक और मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के समक्ष उठाया है। मंत्री ने मामले का संज्ञान लेकर बिजली बोर्ड के अधिकारियों को तलब करने की बात कही। बहरहाल शहर में फिर से पेयजल संकट गहरा गया है। गाद की समस्या से गिरि परियोजना के वाटर पंप में खराबी आने का भी खतरा रहता है। इस कारण गिरि पेयजल योजना से सोलन के मुख्य टैंकों में मांग के मुताबिक पानी लिफ्ट करना मुश्किल हो गया है।

गाद युक्त पानी से लिफ्टिंग पाइप फटने का भी खतरा रहता है। शहर में पिछले तीन दिनों से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिला। इसके चलते एमएसएस और पड़ग में ही पानी की सप्लाई हुई, जबकि पूरे शहर में पानी नहीं दिया गया। इससे चार से पांच दिन से पानी का इंतजार कर रहे लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ा। पानी की मांग पूरी करने को लोगों को फिर से टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ा। कुछ समय से गिरि परियोजना से मटमैला पानी आने की शिकायत के बाद जल शक्ति विभाग टैंकों की गाद बैठने के बाद ही पानी की लिफ्टिंग कर रहा है। इससे सोलन को मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है यदि अभी भी स्थिति सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में भी लोगों को 4 से 5 दिन बाद ही पानी मिल पाएगा। आमतौर पर गिरि पेयजल योजना से रोज 18 से 20 लाख गैलन पानी नगर निगम को लिफ्ट होता है पर गाद की समस्या के चलते इन दिनों मांग का 60 से 70 फीसदी पानी ही लिफ्ट हो रहा है, ऐसे में जहां नगर निगम को पानी की राशनिंग करनी पड़ रही है। वहीं, लोगों को भी मांगा अनुसार पानी नहीं मिल पाता, ऐसे में बरसात का मौसम होने के चलते लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

### गाद की समस्या का समाधान नहीं

**व्यवस्थागत** खामियों के चलते यह समस्या पिछले कई वर्षों से चल रही है, मगर इसके समाधान के लिए अभी तक कोई कार्य योजना नहीं बनी। कहने को तो जल शक्ति विभाग की गिरि पेयजल योजना में गाद से निपटने को अंडरग्राउंड वाटर टैंक बने हैं, लेकिन कम क्षमता के चलते यह शहर की मांग पूरी नहीं करते। गिरि पेयजल योजना पर निर्भर शहर सहित साथ लगते सैकड़ों गांव के लोग भी इन दिनों पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं।

**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि गिरि पेयजल योजना में गाद की समस्या और वोल्टेज की कमी के चलते सोलन शहर को मांग अनुसार पानी लिफ्ट नहीं हो रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय विधायक व मंत्री को अवगत करवाया गया है। पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने तक राशनिंग जारी रहेगी। उपभोक्ताओं से पानी का सदुपयोग करने का आग्रह है।

# संगड़ाह कॉलेज की इमारत भूस्खलन-खुदाई से खतरे में


संगड़ाह कॉलेज की इमारत भूस्खलन और निजी निर्माण कार्यों के कारण खतरे में।

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** संगड़ाह के राजकीय महाविद्यालय की 10.5 करोड़ की भव्य इमारत भूस्खलन और निजी निर्माण कार्यों के कारण खतरे में आ गई है। भवन के निचले हिस्से में की गई अवैज्ञानिक खुदाई से जमीन कमजोर हो गई है, जिससे इमारत की नींव में दरारें आ रही हैं और गिरने का खतरा बढ़ गया है।



कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. मीनू भास्कर ने जिला सिरमौर और लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर स्थिति की गंभीरता से अवगत करवाया है। उन्होंने भवन के नीचे निर्माण कर रहे लोगों की सूचनाएं भी जारी की हैं। कॉलेज प्रशासन प्लास्टिक शीट से अस्थायी सुरक्षा देने की कोशिश कर रहा है। कॉलेज की 32.5 बीघा जमीन में से करीब 3 बीघा पर प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर रखा है। स्वर्गीय मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा उद्घाटित इस भवन के आसपास अब दो दर्जन से अधिक निजी मकान और दुकानें खड़ी हो गई हैं। निशानदेही के दौरान इस अवैध कब्जे की पुष्टि भी हो चुकी है। प्राचार्य डॉ. भास्कर ने कॉलेज भवन की सुरक्षा और सरकारी जमीन को अतिक्रमण से बचाने के लिए त्वरित प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह इमारत और सैकड़ों विद्यार्थियों की सुरक्षा को बड़ा खतरा बन सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्व मंत्री ने दिया सड़क व खेल मैदान का आश्वासन

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले की सीमावर्ती पंचायत नमज्ञा के दुर्गम गांव टाशीगंग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को उनकी उचित मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने टाशीगंग गांव की सड़क को जल्द पक्का करने और युवाओं के लिए एक खेल मैदान बनाने का आश्वासन दिया, ताकि वे खेलों से जुड़कर स्वस्थ रह सकें और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें सीमावर्ती क्षेत्रों को पर्यटन के लिए खोलना एक महत्वपूर्ण कदम है। राजस्व मंत्री ने अपने संबोधन में वन अधिकार अधिनियम-2006 के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसके माध्यम से कांग्रेस सरकार ने लोगों को उनकी भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया है। उन्होंने ग्रामीणों से इस अधिनियम का लाभ उठाने के लिए ग्राम सभा में अपने मामले दर्ज कराने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू कर दी गई है और शिक्षकों को आधुनिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### ड्रिल और फायरिंग का अभ्यास करवाया जा रहा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डॉ. वाईएएस परमार यूएचएफ नौणी में चल रहे सीएटीसी-193 एनसीसी कैंप में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन के 23 एनसीसी कैडेट्स और एएनओ सुमन बट्टू ने भाग लिया। एएनओ सुमन बट्टू ने बताया कि यह एनसीसी कैंप 1 एचपी बटालियन एनसीसी सोलन के द्वारा 29 जून से 8 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में जिला सोलन के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को एकता और अनुशासन के माध्यम से नेतृत्व और चारित्रिक गुणों का विकास, सामाजिक विकास और सामुदायिक सहयोग की शिक्षा दी जा रही है। कैंप में ड्रिल और फायरिंग का अभ्यास करवाया जा रहा है। यह दस दिवसीय शिविर कैंप कमांडर कर्नल राजीव थॉमस के तत्वाधान में करवाया जा रहा है। जिले के विभिन्न स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स इसमें उत्साह से भाग ले रहे हैं।

### पांवटा की दो बेटियां रियलिटी शो में रनर-अप




**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब की दो बेटियों संजम कौर और जपजी कौर ने पंजाब के धुरी जिले में आयोजित केकेएचडी (किसमें कितना है दम) टीवी रियलिटी शो सीजन-11 के ग्रैंड फिनाले में प्रथम रनर-अप का खिताब हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 30 जून 2025 को संगरूर, पंजाब में आयोजित की गई थी। उन्होंने गतका प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया और प्रथम रनर-अप रहीं। दोनों बहनें गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल में पढ़ती हैं और सूर्या कॉलोनी पांवटा साहिब की निवासी हैं। केकेएचडी (किसमें कितना है दम) टीवी रियलिटी शो सीजन-11 का ग्रैंड फिनाले संगरूर, पंजाब में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में पांवटा साहिब की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रथम रनर-अप का खिताब हासिल किया।

### 5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडलाधिकारी पांवटा साहिब जीएस चीमा ने सूचना जारी करते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हिप्र के निर्देशों की अनुपालना में नगर पालिका परिषद पांवटा साहिब के 13 वार्डों में से वार्ड नं-10 व 11 ( 2 वार्ड) अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित हैं, जबकि शेष वार्डों में से 5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि इन 5 वार्डों का आरक्षण 8 जुलाई को सायं तीन बजे उपमंडलाधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में लॉट द्वारा किया जाएगा।

### चायल में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर कल

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल में श्रीजी परिवार ट्रस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर रविवार 6 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। अभय शर्मा ने बताया कि पंचायत घर चायल में इस दौरान अनुभवी चिकित्सक लोगों का चैंक करेंगे। हर प्रकार के रोगों की जांच, टेस्ट और दवाइयां निशुल्क दी जाएंगी। इसमें महिलाओं से संबंधित रोगों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि क्षेत्र के लोग इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं।

### पीड़िता को मुआवजा मिले, मंत्री की हरकत दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्ष 2023 में मानसून के दौरान शिमला संसदीय क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ था। उस समय उन्होंने खुद सभी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की निगरानी की थी और वर्तमान में भी वे पूरी तरह से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। कश्यप ने बताया कि शिमला के भट्टा कुफर क्षेत्र में एक महिला का मकान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और उन्होंने सरकार से पीड़ित महिला को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार पिछले ढाई वर्षों में पूरी तरह से पंगु हो गई है और किसी भी प्रकार के विकास कार्य जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में प्रदेश में जो भी सड़कें, फोरलेन, पुल और रोपवे जैसी परियोजनाएं चल रही हैं, वे केंद्र सरकार की मदद से ही संभव हो पा रही हैं। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में 51 प्रतिशत सड़कों का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हो रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार के मंत्री द्वारा एनएचएआई अधिकारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस मामले का संज्ञान लेने और निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

## चोरी की 2 बाइकों सहित 3 शातिर काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर की माजरा पुलिस ने चोरी की 2 बाइकों के साथ उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस आगामी कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मोमिन खान निवासी भगवानपुर ने पुलिस थाना माजरा में अपनी बाइक के चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर तुरंत मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर न केवल मोमिन की बाइक को बरामद किया, बल्कि एक अन्य चोरी बाइक को भी रिकवर किया। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल ऋतिक निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, सादान निवासी लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश और रोहित कुमार निवासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

# शिलाई के लोजा स्कूल में छत टपकने से शिक्षा बाधित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिलाई विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय लोजा की खस्ताहाल इमारत बरसात में मुसीबत का कारण बन गई है।

स्कूल की छत से पानी टपक रहा है और दीवारें पूरी तरह कमजोर हो चुकी हैं। ऐसे में 70 से अधिक छात्र एकमात्र बचे हुए कमरे में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूल की पुरानी इमारत को असुरक्षित घोषित कर वर्ष 2022 में गिरा दिया गया था, लेकिन नई बिल्डिंग अब तक नहीं बन पाई, तब से स्कूल एक कमरे में संचालित हो रहा है। खराब मौसम में ग्रामीणों ने अपने निजी कमरे और पास के प्राइमरी स्कूल का कमरा उपलब्ध कराया है, लेकिन यह व्यवस्था अस्थायी और असुविधाजनक है। ग्रामीणों और

### 2022 से अब तक नहीं बन पाई नई बिल्डिंग

एसएमसी सदस्यों ने बताया कि स्कूल के शौचालय भी टूटे-फूटे हैं, जिससे छात्राओं को काफी असुविधा हो रही है। बच्चों की पढ़ाई अब मौसम की मेहरबानी पर निर्भर हो गई है, क्योंकि बारिश के दिनों में कमरे में पढ़ाई संभव नहीं हो पाती। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि नई बिल्डिंग के लिए 1.27 करोड़ रुपए की प्रशासकीय मंजूरी मिल चुकी है। उपनिदेशक शिक्षा ने भी आश्वासन दिया है कि रिपोर्ट मिलने के बाद प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री और प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है।

# भाजपा ने नालागढ़ डिवाइस पार्क को लेकर सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क के संदर्भ में उद्योग विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

केंद्र ने हिमाचल सहित प्रत्येक राज्य को 100 करोड़ का अनुदान घोषित किया था और उसकी सर्वप्रथम किश्त 30 करोड़ हिमाचल को भी जारी की पर प्रदेश की सुक्खू सरकार ने यह 30 करोड़ वापस लौटा दिए। इस आपत्ति के साथ की 1 प्रति वर्ग मीटर भूमि व 3 यूनिट बिजली प्रदेश को मंजूर नहीं। प्रदेश की जनता को इसी भूमि पर अपने प्रयासों से गत पांच वर्षों में 500 करोड़ के निवेश का आश्वासन दिया था। इसकी घोषणा गत 26 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री ने की थी। गत 24 जून, 2025 को हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश सरकार से इस डिवाइस पार्क के लिए 350 करोड़ रुपए मांगे हैं अन्यथा इसको पीपीपी मोड पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर परिवर्तित करने का सुझाव दिया है।



उद्योग विभाग की जानकारी के अनुसार 265 एकड़ भूमि को समतल करने में ही 150 करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं। उद्योग विभाग की माने तो 350 करोड़ रुपए की आवश्यकता और बताई जा रही है, जो 500 करोड़ निवेश की योजना बना रहे थे। आज 500 करोड़ रुपऐ इंडस्ट्रियल प्लॉट डेवलपमेंट पर ही खर्चा बता रहे हैं, अब यह भ्रष्टाचार है या कुछ और। केंद्र सरकार उद्योगपतियों को 1 वर्ग मीटर के हिसाब से जमीन देना चाह रही थी। इसमें केवल सड़क व मूलभूत सुविधा बनाने के लिए केंद्र सरकार 100 करोड़ का अनुदान दे रही थी। 3 रुपए प्रति यूनिट बिजली हिमाचल सरकार को सस्ती लग रही थी, जिस पर आज 2 फीसदी से लेकर 19 फीसदी तक की बिजली में विभाग वृद्धि कर चुका है। इसमें प्रदेश की इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, पर्यावरण सेंस, मिल्क सेस उसके अतिरिक्त है। गत 23 तारीख को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि बीबीएमबी भाखड़ा प्रोजेक्ट योजना से हिमाचल प्रदेश को 12 फीसदी बिजली मुफ्त मिले क्योंकि यह हमारा वाणिज्य हक बनता है। वित्त वर्ष 2025 एव 26 में ऊर्जा क्षेत्र में हिमाचल को 300 करोड़ रुपए केंद्र ने देना सुनिश्चित किया है।

# सोलन पुलिस ने दो कुख्यात नशा तस्करों को भेजा जेल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस ने कुख्यात नशा तस्करों जो बार-बार मुकदमे दर्ज होने पर भी जमानत पर बाहर आकर नशा तस्करी में संलिप्त हो रहे हैं।

पुलिस ने ऐसे अपराधियों पर नकेल कसते हुए प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी निवारक हिरासत की कार्रवाई की है। इसका मकसद मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों को पुन: अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने से रोकना है। इसके लिए जिला पुलिस द्वारा पीआइटी एनडीपीएस एक्ट-1988 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे आरोपियों को निवारक हिरासत में रखने की कार्रवाई की जा रही है, जो इसी क्रम में इस अधिनियम के अंतर्गत निवारणात्मक कार्रवाई करते हुए 6 आदतन अपराधियों को धारा 3(1) पीआइटी एनडीपीएस एक्ट 1988 के अंतर्गत हिरासत में लेकर 3-3 महीने के लिए जेल में भेजा गया है, जो अभी जेल में है। उपरोक्त आरोपियों में से 2 आरोपियों नीरज शर्मा पुत्र तारा दत्त निवासी गांव मलोग झागली डाकखाना तारा देवी तहसील व जिला शिमला हिमाचल प्रदेश उम्र 38 वर्ष हाल निवासी गांव रावली डाकखाना वाकनाघाट तहसील कंडाघाट जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश व हितेंदर कुमार पुत्र अनंत राम निवासी गांव क्यार डाकखाना सुझैला तहसील अर्की जिला सोलन हिमाचल प्रदेश उम्र 40 वर्ष, जिन्हें पीआइटी एनडीपीएस एक्ट-1988 के अंतर्गत हिरासत में लेकर 3-3 महीने के लिए जेल में भेजा गया था। उनके खिलाफ उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे नशा प्रचलन/तस्करी के मामलों को देखते हुए इस संदर्भ में कड़ा रुख अपनाते हुए उनकी निवारक हिरासत में 3/3 महीने की और बढ़ोतरी करके कुल 6 महीने तक जेल में रखने के आदेश पारित किए हैं, जो अब उपरोक्त दोनों कुख्यात तस्करों को 6-6 महीने तक जेल में रहना पड़ेगा।

# कीप्स के तीन छात्रों का ऑल इंडिया शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, कसौली**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (कीप्स) सनवारा के तीन होनहार विद्यार्थियों ने देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन एनआर इवेंट्स शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी लक्ष्य साधने की असाधारण क्षमता, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए स्कूल तथा समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



तीनों विद्यार्थियों ने अपने शानदार स्कोर के दम पर राष्ट्रीय स्तर की ओपन ऑल इंडिया शूटिंग चैंपियनशिप में प्रवेश सुनिश्चित किया है। कक्षा 11वीं के छात्र अंश कौशल ने दस मीटर एयर राइफल युवा पुरुष वर्ग में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए 378/400 अंक अर्जित किए। उनका संयम, मजबूत फोकस और बेजोड़ निशाना इस बात का प्रमाण है कि वे भविष्य के एक उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज हैं। कक्षा सात के छात्र लक्ष्य कौशल ने उपयुवा पुरुष वर्ग में 376/400 अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि उम्र प्रतिभा की सीमा नहीं होती। इतनी कम आयु में इतना सधा हुआ प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मनियंत्रण का प्रतिफल है। कक्षा 10वीं की छात्रा प्रियांशी अरोड़ा ने महिला वर्ग में 378/400 अंक अर्जित कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। उनकी लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और मानसिक दृढ़ता उन्हें भविष्य की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनने की दिशा में अग्रसर कर रही है। प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया और उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, इन बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मार्गदर्शन सशक्त हो और मन में जीतने की ललक हो तो सफलता सिर झुकाकर आपका स्वागत करती है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के संपूर्ण सहयोग को दिया। यह गौरवशाली उपलब्धि न केवल किप्स परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

## मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 10 को बैठक

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** शिलाई विधानसभा क्षेत्र का लौजा गांव धार्मिक आस्था और विश्वास का प्रतिक है। यहां मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 10 जुलाई को बैठक का आयोजन होगा। धार्मिक विद्वानों, बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के अनुसार इस गांव में एक ऐसे सिद्ध महापुरुष और ग्रहस्थ आश्रम में सन्यासी का जीवन यापन किया, जिन्हें लोग लौजा वाले गुरु जी के नाम से याद करते हैं। गुर स्वर्ग पधारने के उपरांत लौजा गांव में गुरु स्व. शिवराम शर्मा के नाम से मंदिर का निर्माण किया गया, जो कि 80 के दशक में समस्त भक्तजनों के सहयोग से बनाया गया, लेकिन वर्तमान में इस मंदिर की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरूजी के मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा सहित मंदिर जीर्णोद्धार के लिए गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई को बैठक रखी गई है। इसमें गुरु से जुड़े सभी क्षेत्रों के अनुयायियों एवं भक्तजनों से आह्वान किया है।

**बैठक** शांडिल ने कंडाघाट अस्पताल का निर्माण कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा करने के दिए निर्देश

# रोगियों को सुविधाएं प्रदान करने में रोगी कल्याण समितियां अहम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि रोगी कल्याण समितियां अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और अस्पताल अधोसंरचना सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

स्वास्थ्य मंत्री सोलन जिले के कंडाघाट में नागरिक अस्पताल चायल, नागरिक अस्पताल कंडाघाट तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरी की रोगी कल्याण समितियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने निर्देश दिए कि सभी रोगी कल्याण समितियां रोगियों को और अधिक सुविधाओं प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध कार्य करें। बैठक में अस्पतालों की सफाई व्यवस्था, उपकरणों के रखरखाव और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर गंभीर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने स्वास्थ्य संस्थानों में समय-समय पर अधोसंरचना विकास, सुविधाओं और रोगियों के


बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

उपचार से संबंधित व्यवस्था का अनुश्रवण करने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था सुधार से रोगियों को अधिक लाभ मिल सके।


उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की भर्ती चरणबद्ध आधार पर की जा रही है और दूर-दराज व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत अस्पताल में अनेक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में रोगी कल्याण समिति कंडाघाट के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7 लाख 56 हजार रुपए का प्रस्तावित बजट पारित किया गया। रोगी कल्याण समिति सायरी के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष के लिए 22 लाख 54 हजार रुपए का प्रस्तावित बजट पारित किया गया। रोगी कल्याण समिति चायल के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष के लिए 10 लाख 50 हजार रुपए का प्रस्तावित बजट पारित किया गया। बैठक में अल्ट्रासाउंड ईसीजी एक्स-रे व अन्य परीक्षणों का शुल्क इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान चिकित्सा कॉलेज शिमला के परीक्षणों के शुल्क की तर्ज पर करने पर सहमती जताई।

स्वास्थ्य मंत्री ने तदोपरांत निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल कंडाघाट का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों तथा ठेकेदार को इस वर्ष के अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य लीला ठाकुर, ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश ठाकुर, अजय वर्मा, बाबू राम, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक, तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी कंडाघाट राजेश ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय कुमार सहित रोगी कल्याण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने हमेशा सोलन के साथ किया सौतेला व्यवहार : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा मंडल सोलन शहरी इकाई के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सोलन अस्पताल में ईसीजी करवाने पर अब 30 रुपए और अल्ट्रासाउंड के लिए 150 रुपए का शुल्क मरीजों से वसूला जाएगा। यह निर्णय रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया गया।



इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोलन की जनता ने उन्हें तीन बार विधायक बनाया और उन्होंने हमेशा सोलन की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया, जबकि उन्होंने यह फैसला प्रदेश स्तर पर न लेकर केवल सोलन के अस्पताल पर लागू किया, जिसकी भाजपा सोलन शहरी मंडल कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह शुल्क सीधे सोलन की जनता की जेब पर बोझ साबित होगा। इसी फैसले को लेकर भाजपा शहरी अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता की जेब काटने में लगी है। एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने की बात करती है। वहीं, दूसरी ओर हर छोटी जांच या सेवा के लिए शुल्क थोप दिए जाते हैं। यह गरीबों पर सीधा आर्थिक हमला है। गुप्ता ने कहा कि सोलन जैसे पहाड़ी और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र में सरकारी अस्पताल ही गरीबों की आखिरी उम्मीद होते हैं, अब ईसीसी करवाने पर 30 और अल्ट्रासाउंड के 150 रुपए वसूले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 24 घंटे ऑक्सीजन प्लांट चलाने के लिए कर्मचारी तक नियुक्त नहीं हैं, फिर जनता की जेब से क्यों वसूली की जा रही है? साथ ही उन्होंने सरकार पर सवाल उठाया कि डाटा ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी और चौकीदार की तैनाती के लिए भी रोगी कल्याण समिति से पैसे लिए जा रहे हैं, जबकि कुछ कर्मचारी पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रहे हैं, अब यह जिम्मेदारी राज्य सरकार की होनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### दस गुरु परंपरा में संगोष्ठी 8 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा 8 जुलाई को प्रातः 11 बजे अकादमी सभागार, पंचकूला में दस गुरु परंपरा में वंजारा समाज का योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने बताया कि भाई लक्खी शाह वंजारा एवं भाई मक्खन शाह लुबाना का हमारे इतिहास में अहम स्थान है। भाई लक्खी शाह वंजारा और भाई मक्खन शाह लुबाना जाने-माने व्यवसायी के साथ-साथ एक उच्चकोटि के विद्वान भी थे। भाई लखी शाह वंजारा का जन्म 4 जुलाई, 1580 तथा भाई मक्खन सिंह लुबाना का जन्म 7 जुलाई, 1619 को हुआ था। वहीं, बाबा मक्खन शाह लुबाना ने गुरु तेग बहादुर को नौवें गुरु के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### पद्म पुरस्कार के लिए 31 तक करें नामांकन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें 15 मार्च, 2025 से शुरू हुई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल *https://awards.gov.in* पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में बताया कि इन पुरस्कारों में नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सरकार पद्म पुरस्कारों को 'पीपल्स पद्म' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे नामांकन/सिफारिशें करें। नागरिक स्वयं को भी नामित कर सकते हैं।

### संवाद कार्यक्रम से दलितों को जोड़ेगी भाजपा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने राज्य के 12 जिलों में दलित सम्मेलन करने के बाद अब समाज के प्रमुख वर्ग और तबकों के साथ संवाद कार्यक्रम आरंभ कर दिया है। इसकी शुरुआत शनिवार को नंबरदारों के मिलन समारोह से होगी। सुदेश कटारिया यमुनानगर जिले के बिलासपुर खंड के गांव सबीलपुर में शनिवार को नंबरदारों के साथ संवाद करेंगे। राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उन्हें जनता के बीच पहुंचाने में नंबरदारों की अहम भूमिका होती है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत सुदेश कटारिया ने राज्य के 12 जिलों में दलित सम्मेलनों का आयोजन किया है। राज्य के बाकी बचे 10 जिलों में भी यह सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को प्रेषित की जा रही है। राज्य में करीब 22 प्रतिशत दलित मतदाता हैं। उन्हें पार्टी के साथ जोड़ने में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दलित सम्मेलन का दावा किया जा रहा है। सबीलपुर में नंबरदारों के सम्मेलन के बाद अगले दिन 6 जुलाई रविवार को कपालमोचन में दलित समाज के मेधावी बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### पुलिस ने खोज निकले साढ़े नौ लाख के मोबाइल

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस ने लोगों के गुम हुए साढ़े नौ लाख रुपए कीमत के 52 मोबाइल फोन ट्रेस किए हैं। शुक्रवार को डीएसपी सतीश वत्स ने उनके मालिकों को अपने कार्यालय में बुलाकर मोबाइल उनके उनके सुपुर्द कर दिए। गुम हुए अपने मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी के भाव अलग ही नजर आ रहे थे। उपपुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया कि गुम हुए मोबाइल की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल में गई थी। साइबर सेल टीम ने मोबाइल ट्रेस करने की लगातार कोशिश की। उन्होंने बताया कि ट्रेस कर बरामद किए 52 मोबाइल अलग-अलग कंपनी के थे। इसमें 8 हजार से लेकर 33 हजार रुपए कीमत तक के मोबाइल फोन शामिल थे। सभी मोबाइल कि कीमत जोड़ी जाए तो करीब साढे नौ रुपए बनती है।

# बेहतरीन प्रथाओं का आदान-प्रदान कर शहरों को बनाएं नंबर वन : दत्तात्रेय

## वेस्ट टू वेल्थ की नीति पर कार्य करते हुए तकनीक से बदलें शहरों की तस्वीर

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि कचरा प्रबंधन में उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए वेस्ट टू वेल्थ की नीति को अपनाएं। इससे न केवल स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी, बल्कि शहरी स्थानीय निकायों में आर्थिक संसाधनों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राज्यपाल शुक्रवार को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि देशभर से आए प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में न केवल विचार-विमर्श किया, बल्कि शहरी विकास से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को भी आपस में साझा किया। इसके साथ ही शहरी निकायों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और उपयोगी चर्चा हुई, जो भविष्य की नीति निर्माण में मार्गदर्शक साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की, जिससे देशवासियों के मन में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता आई है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में समाज को व्यापक जन-जागरण के माध्यम से जोड़ें, ताकि शहरों को और स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। जितने अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे, उतने ही अधिक हमारे शहर खूबसूरत और स्वस्थ होंगे। विशेष रूप से, स्वच्छ भारत अभियान में स्लम इलाकों पर विशेष ध्यान देते हुए जन भागीदारी की जाये। साथ ही, उन्होंने निकायों में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेजी से लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवा रही है। इसके साथ ही, शहरी स्थानीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि रोजगार के अवसरों को और बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो शहर किसी क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में स्थापित हैं, उनकी बेहतरीन प्रथाओं का आदान-प्रदान करके सभी अपने-अपने क्षेत्र में नंबर एक बनने का प्रयास करें।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : अमित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में एकल-प्रयोग (सिंगल-यूज़) प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, व्यापारियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कड़ी चेतावनी जारी की है।

**एमसीसी आयुक्त ने विशेष टास्क फोर्स का किया गठन**

एमसीसी आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने प्रतिबंध की अनुपालना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग्स की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने और उसे समाप्त करने हेतु एक विशेष टास्क फोर्स का गठन करें। आयुक्त ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों, विशेषकर बार-बार नियम तोड़ने वालों के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना, सामान की जब्ती और गंभीर मामलों में प्रतिष्ठान को अस्थायी या स्थायी रूप से बंद करने जैसी कार्रवाई शामिल हो सकती है।

प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़ अभियान के अंतर्गत 18 जून 2025 से प्रतिबंध लागू होने के बाद से ही सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। अब तक 520 चालान जारी किए गए हैं, 123 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए हैं और 423 किलोग्राम कंपोस्टेबल बैग्स बेचे गए हैं। आयुक्त ने बताया कि एमसीसी की प्रवर्तन टीमें अपनी मंडियों, किराना दुकानों, रेहड़ी वालों और अन्य बाजारों में प्रतिदिन निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने दोहराया कि प्लास्टिक बैग, स्ट्रॉ और डिस्पोजेबल कटलरी जैसे एकल-प्रयोग प्लास्टिक उत्पाद पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, इसलिए इन पर सख्त प्रतिबंध लागू है।

# मुख्यमंत्री धामी ने की पर्वतीय राज्यों के लिए पृथक विमानन नीति की मांग

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून स्थित होटल में आयोजित नागर विमानन सम्मेलन-2025 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और उत्तर भारत के नागर विमानन मंत्रियों का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के नागर विमानन क्षेत्र में आई ऐतिहासिक प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के माध्यम से छोटे शहरों और दुर्गम क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़कर न केवल आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में वर्तमान में 18 हेलीपोर्ट्स का विकास किया जा रहा है, जिनमें से 12 पर सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हेली सेवाएं उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। चाहे आपदा प्रबंधन हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या तीर्थयात्रा, हेलिकॉप्टर सेवाओं ने इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है।

धामी ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से पर्वतीय राज्यों के लिए एक पृथक पर्वतीय विमानन नीति बनाने का आग्रह किया, जिसमें विशेष वित्तीय सहायता, संचालन हेतु सब्सिडी, पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त एटीसी नेटवर्क, सटीक मौसम पूर्वानुमान, स्लॉटिंग और आपदा-पूर्व तैयारी जैसे प्रावधान शामिल हों। मुख्यमंत्री ने सभी ऑपरेटरों से भी पर्वतीय उड़ानों के लिए विशेष पायलट प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों का कठोर पालन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

### पलवल : नहर में डूबने से नाबालिग की मौत

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल के चांदहट थाना क्षेत्र में यमुना नदी में नहाने के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान शिवा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के मांट गांव का रहने वाला था। पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार शिवा अपने दोस्तों के साथ यमुना नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक नदी में डूब गया। उसके साथी मदद के लिए चिल्लाए। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुछ स्थानीय गोताखोर तुरंत नदी में कूदे, लेकिन तब तक शिवा की मौत हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

# नदियों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के मुख्यसेवक के रूप में अपने सफल चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हरिद्वार स्थित हरकी पौड़ी ब्रह्मकुंड में मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि, शांति और प्रगति की कामना की। साथ ही उन्होंने मां गंगा से प्रार्थना की कि हरिद्वार आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हों।

मुख्यमंत्री ने नदी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नदियां केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि प्राचीन काल से ही सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक जीवन की आधारशिला रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भी नदियों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नदियों का 'मां' के समान सम्मान करें और उन्हें स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर स्वयं मुख्यमंत्री सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने नदियों को प्रदूषित न करने और उन्हें सदैव स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, सभापति कृष्ण कुमार शर्मा, स्वागत मंत्री सिद्धार्थ चक्रपाणि एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मां गंगा की पूजा विधिवत रूप से आचार्य अमित शास्त्री द्वारा संपन्न कराई गई।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रुहेला, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### टीवीके ने विजय थलापति को बनाया सीएम चेहरा



**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। इसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी क्रम में तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है। इसके तहत पार्टी ने आने वाले विधानसभा चुनाव 2026 में मशहूर अभिनेता और नेता विजय थलापति को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया। ऐसे में ये बात को साफ हो गई है कि आने वाले चुनाव में टीवीके अन्य राजनीतिक पार्टिओं पर शिकंजा कसने के लिए पुरजोर तैयारी कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को रूस की मान्यता

**एजेंसी, मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा वीर वार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा, 'यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा।' (अनंत ज्ञान)

### रोम के गैस डिपो में भीषण ब्लास्ट, 21 घायल



**एजेंसी, रोम।** इटली की राजधानी रोम के एक पेट्रोल स्टेशन और गैस डिपो में भीषण ब्लास्ट हुआ है। हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं। ब्लास्ट के बाद आग का एक बड़ा गोला आसमान में दिखाई दिया। यह ब्लास्ट स्थानीय समयानुसार लगभग सुबह 8 बजे हुआ। ब्लास्ट के बाद घटनास्थल से 300 मीटर दूर तक मलबा बिखर गया। यूके मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक यहां एक के बाद एक दो ब्लास्ट हुए हैं। पहले विस्फोट से पहले गैस की गंध आ रही थी। इसके बाद दूसरा ब्लास्ट हुआ और आग का एक बड़ा गोला आसमान में छा गया। (अनंत ज्ञान)

### पाक में घुसपैठ की कोशिश कर रहे 30 आतंकी ढेर

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान से घुसपैठ की कोशिश करते समय कम से कम 30 आतंकी मारे गए। सैन्य मीडिया विंग ने कहा कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार और बुधवार रात को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन खेल क्षेत्र में अफगान सीमा पार से घुसपैठ के प्रयासों को सफलतापूर्वक रोक दिया। सटीक और समय पर की गई कार्रवाई में पाकिस्तान में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे 30 आतंकवादी मारे गए। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# रूस ने यूक्रेन पर दागी 550 मिसाइलें

## हमलों में 23 लोग घायल, इमारतों को पहुंचा भारी नुकसान

**एजेंसी, मॉस्को/कीव**

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 550 मिसाइलें और शाहिद ड्रोन दागे। कीव में पूरी रात धमाकों की आवाज गूंजती रही। यूक्रेन ने बताया कि इन हमलों में 23 लोग घायल हो गए। इसके अलावा इमारतों को बड़ा नुकसान पहुंचा। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने और यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अमेरिका के निर्णय के कुछ घंटों बाद हुआ। रूस की वायु सेना ने बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन में 550 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इनमें से ज्यादातर शाहिद ड्रोन थे।

हमले में 11 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। कीव में लगातार ड्रोनों की गड़गड़ाहट और विस्फोटों, मशीन गन की गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं। यूक्रेनी सेना हवाई हमलों को रोकने की कोशिश की। बताया गया कि हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार हमलों में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, यूक्रेनी वायु रक्षा ने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 ड्रोनों को मार गिराया। अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। रोके गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा। (अनंत ज्ञान)

**पांच जिलों में भारी क्षति**



**यूक्रेन** की आपातकालीन सेवाओं ने राजधानी कीव के पांच जिलों में भारी नुकसान की सूचना दी है। सोलोमिंस्की जिले में एक पांच मंजिला आवासीय इमारत आंशिक रूप से नष्ट हो गई। एक गोदाम एक गैरेज परिसर और एक ऑटो मरम्मत सुविधा में भी आग लग गई।

### अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप पर बैन

**एजेंसी, मुंबई।** सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप और उससे जुड़ी 3 कंपनियों पर बैन लगा दिया है। अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म पर इंडेक्स एक्सपायरी के दिन कीमतों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। सेबी ने 4,843.57 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को जब्त करने का आदेश भी दिया है। जेन स्ट्रीट एक अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी है, जो हाई-टेक्नोलॉजी और क्वांटिटेटिव ट्रेडिंग यानी मैथेमेटिकल मॉडल्स का इस्तेमाल करके शेयर बाजार में ट्रेडिंग करती है। जेन स्ट्रीट सुबह बड़ी मात्रा में बैंक निफ्टी के फ्यूचर्स और कैश मार्केट में शेयर खरीदती थी। उसी समय ये पुट ऑप्शंस बेच देती थी। पुट ऑप्शंस में इंडेक्स के गिरने पर मुनाफा मिलता है। दोपहर बाद ये उसी इंडेक्स के फ्यूचर्स को बड़े पैमाने पर बेच देती थी, जिससे इंडेक्स नीचे आ जाता था। इससे ऑप्शंस में फायदा होता था। (अनंत ज्ञान)

# भाषा के आधार पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं : देवेंद्र फडणवीस

**एजेंसी, मुंबई**




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मराठी भाषा पर गर्व करना गलत नहीं है, लेकिन अगर कोई भाषा के नाम पर गुंडागर्दी करता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी के साथ भाषा के आधार पर कोई मारपीट करता है, तो इसे भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने इस घटना पर प्राथमिकी दर्ज की है और कार्रवाई भी की है।

**भाषा पर विवाद करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

अगर भविष्य में कोई इस तरह का भाषा विवाद खड़ा करता है, तो उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमें अपनी मराठी भाषा पर गर्व है, लेकिन भारत की किसी भी भाषा के साथ इस तरह का अन्याय नहीं किया जा सकता, यह बात हमें ध्यान में रखनी होगी। फडणवीस ने आगे कहा, कभी-कभी मुझे हैरानी होती है कि ये लोग अंग्रेजी को तो अपनाते हैं, लेकिन हिंदी को लेकर विवाद खड़ा करते हैं। यह किस तरह की सोच है और यह किस तरह का व्यवहार है? इसलिए जो लोग कानून अपने हाथ में लेते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स में 193 और निफ्टी में 56 अंकों का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 193 अंक चढ़कर 83,433 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 56 अंक की तेजी रही और यह 25,461 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर 11 प्रतिशत गिरा। टाटा स्टील और टेक महिंद्रा 1.6 प्रतिशत तक गिरे। बजाज फाइनेंस, इंफोसिस 1.6 प्रतिशत तक चढ़े। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी रही। NSE के फार्मा, रियल्टी, ऑयल एंड गैस और FMCG शेयर्स 1 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। ऑटो और मेटल में मामूली गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल के हवाई हमलों में 15 फिलस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइली हवाई हमलों में शुक्रवार तड़के गाजा में 15 फिलस्तीनी मारे गए, जबकि मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर हुई गोलीबारी में 20 अन्य लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी उस अस्पताल की शवगृह से मिली जिसने उनके शवों को प्राप्त किया।

**मदद का इंतजार कर रहे 20 अन्य लोगों की भी गई जान**



एसोसिएटेड प्रेस ने यह जानकारी दी। नासिर अस्पताल के मुताबिक, इसराइली हवाई हमलों में 15 लोग मारे गए, जिनमें आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं, जबकि मदद का इंतजार कर रहे 20 अन्य लोग गोलीबारी में मारे गए।

इनमें से दो की मौत रफा में मदद वितरण केंद्रों के पास हुई और 18 लोग दक्षिणी गाजा में अन्य स्थानों पर ट्रकों से राहत सामग्री का इंतजार करते हुए मारे गए। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब 21 महीने से जारी संघर्ष को रोकने की कोशिशें की जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# कोलकाता लॉ स्टूडेंट गैंगरेप मामले में क्राइम सीन रीक्रिएट

**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज पहुंची थी। तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब चार घंटे लगे। पुलिस के एक अफसर ने बताया कि जो नतीजे मिले हैं, उनसे अब महिला के आरोपों से जांच की जाएगी और बाकी सबूतों से पुष्टि की जाएगी। सुरक्षा गार्ड पिनाकी को दोपहर बाद अदालत में पेश किया जाएगा, क्योंकि उसकी पुलिस रिमांड 4 जुलाई तक है। मामले की जांच फिलहाल कोलकाता पुलिस का डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

**पुलिस आरोपियों को लेकर लॉ कॉलेज पहुंची**

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
## एस्ट्रोनॉट शुभांशु ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से की छात्रों से बात, कहा-

# स्पेस में उड़ने का लगता है डर, खुद को बांधकर सोता हूं

**एजेंसी, लखनऊ**

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने उत्तर प्रदेश और केरल के छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। इस दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष में जीवन से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनके शुक्ला ने डिटेल में जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने जीरो ग्रैविटी में तैरते हुए गेंद से खेलकर दिखाया। शुभांशु से बातचीत के लिए यूपी के 150 बच्चों और केरल के कोझिकोड जिले के छात्रों को बातचीत के लिए चुना गया था।



छात्रों ने पूछा कि अंतरिक्ष में कैसे सोते हैं? जवाब में शुक्ला ने बताया कि अंतरिक्ष में फर्श या छत जैसी कोई चीज नहीं होती, इसलिए कोई दीवार पर सोता है तो कोई छत पर। सोते समय खुद को बांधना पड़ता है, ताकि तैरते हुए कहीं और न चले जाएं।

बता दें कि भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे हैं। वह 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले दूसरे और आईएसएस जाने वाले पहले भारतीय हैं। वह एक्सियम मिशन-4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे और 10 जुलाई को धरती पर वापस आएंगे। (अनंत ज्ञान)

# प्लेन क्रैश मामले में एयर इंडिया मुआवजा देने से बच रही: नीनन

**एजेंसी, लंदन।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को एयर इंडिया मुआवजा देने से बचना चाहती है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। स्टीवर्ट्स 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ रही है। फर्म के एडवोकेट पीटर नीनन ने कहा है कि एयर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। नीनन ने कहा कि एयर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एयर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर लगभग 1,050 करोड़ रुपए बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं। उधर, एयर इंडिया ने आरोपों को नकार दिया है। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### डूरंड कप फुटबॉल 23 जुलाई से होगा शुरू, 24 टीमें लेंगी हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ''खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं। ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे डूरंड कप ट्रॉफी के अनावरण की इस परंपरा में शामिल होने पर खुशी हो रही है। यह एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसमें शीर्ष टीमें भाग लेती हैं। इस टूर्नामेंट को बरकरार रखने के लिए सशस्त्र बलों को बधाई।'' (अनंत ज्ञान)

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के नए कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरुष टीम के नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नए कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा,''सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगी और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिए जवाबदेह होगा।'' इसमें कहा गया,''मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा।'' इसके लिए युवा और सीनियर स्तर पर दस से 15 साल कोचिंग का अनुभव जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी उपेक्षा के कारण ओबेदुल्ला गोल्ड कप हॉकी का भविष्य अधर में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की विश्व कप 1975 में खिताबी जीत के नायक रहे पूर्व हॉकी खिलाड़ी असलम शेर खान ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश सरकार की उपेक्षा के कारण भोपाल की विरासत का हिस्सा रहे ओबेदुल्ला कप टूर्नामेंट का भविष्य अधर में है। पूर्व ओलंपियन असलम ने कहा,''यह सिर्फ एक हॉकी टूर्नामेंट नहीं, बल्कि भोपाल की विरासत का हिस्सा है। हमने इस साल इसे पुनर्जीवित करने के लिए हॉकी इंडिया से अनुमति लेने के बाद आयोजन समिति का गठन किया और मई में इसका आयोजन होना था, लेकिन बारंबार संपर्क के बावजूद प्रदेश सरकार से कोई जवाब नहीं मिला।'' असलम की अध्यक्षता में गठित समिति का कहना है कि उन्होंने प्रदेश के खेल निदेशक और भोपाल के कमिश्नर को ईमेल भेजे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट पहले 14 अप्रैल से होना था, लेकिन ऐशबाग स्टेडियम की मरम्मत के कारण इसे 22 मई को कराने का फैसला लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में दीपिका पल्लीकल

**नई दिल्ली।** स्क्वैश प्लेयर दीपिका पल्लीकल भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। बताया जाता है पहले कार्तिक का प्यार कोई और था, लेकिन बाद में उनके बुरे दिनों में पल्लीकल ने उनका साथ दिया और दोनों में पहले दोस्ती हुई। दोस्ती बाद में धीरे-धीरे प्यार में बदल गई।



भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट | तीसरा दिन | जैमी और हैरी के बीच 270 रन से ज्यादा की पार्टनरशिप

# स्मिथ-ब्रूक के सामने भारत के गेंदबाज हुए नतमस्तक

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन इंग्लैंड ने सुबह 77/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टी-ब्रेक तक इंग्लैंड ने पहली पारी में 5 विकेट पर 355 रन बना लिए थे। हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ दोनों नाबाद शतक बनाकर खेल रहे थे। दोनों 270 रन से ज्यादा की साझेदारी कर चुके थे।

मोहम्मद सिराज ने जो रूट (22 रन) और बेन स्टोक्स (शून्य) को लगातार बॉल पर आउट किया। भारत ने कप्तान शुभमन गिल (269 रन) के दोहरे शतक के दम पर पहली पारी में 587 रन बनाए। तीसरे दिन इंग्लैंड ने लगातार दूसरा सेशन अपने नाम किया। इंग्लिश टीम ने 28 ओवर के इस सेशन में 106 रन बनाए। टीम ने इस सेशन में कोई विकेट नहीं गंवाया। 79वें ओवर में हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ ने छठे विकेट के लिए 315 रन की साझेदारी कर ली थी। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 79 ओवरों में 5 विकेट गवांकर 375 रन बना लिए थे। हैरी ब्रूक (155) और जैमी स्मिथ (160) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)



रन लेने के बाद खुशी जाहिर करते स्मिथ-ब्रूक।

### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**एजेंसी, लंदन।** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को यहां विम्बलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 37वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर यहां 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। एशियाई टूर पर 11 जीत के साथ सबसे सफल भारतीय भुल्लर मौजूदा एशियाई टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन जॉन कैटलिन से चार शॉट पीछे हैं। भुल्लर ने तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए।

## उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसी बचपन में करता था: शुभमन गिल

**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरुआती दिनों में करते थे और बल्लेबाजी में लय तथा लुत्फ दोनों पर फोकस था।

गिल ने 387 गेंद में 269 रन बनाए और इंग्लैंड में किसी टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। उन्होंने लीड्स में पहले टेस्ट में भी शतक लगाया था। यह पूछने पर कि सीरीज से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है, गिल ने मेजबान प्रसारक से कहा,''मैंने आईपीएल के आखिर में और इस सीरीज से पहले इस पर काफी काम किया।

उन्होंने कहा,''मैंने मूल रूप से शुरुआती मूवमेंट पर काम किया। इससे



पहले मुझे लगता था कि बल्लेबाजी अच्छी हो रही है। मैं 30, 35, 40 रन लगातार बना रहा था, लेकिन शीर्ष फोकस टाइम की कमी लग रही थी। कई लोग कहते हैं कि जब ज्यादा फोकस करते हैं तो सही समय पर फोकस नहीं रह पाता।''

उन्होंने कहा,'' इस सीरीज में मैंने अपने बेसिक्स पर लौटने की कोशिश की। मैंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे बचपन में करता था। मैने रन पर फोकस करने की बजाय अपनी बल्लेबाजी का मजा लेने पर ध्यान दिया।'' गिल ने कहा,''कई बार जब आप प्रवाह में रन नहीं बना रहे हैं तो बल्लेबाजी में मजा नहीं आता। आप रन बनाने पर बहुत फोकस करने लगते हैं। मुझे महसूस हुआ कि बल्लेबाजी में वही कमी लग रही है। मैंने रन बनाने पर इतना फोकस किया कि मजा लेना भूल गया था।''

उन्होंने कहा,''पिछले मैच में मैंने अधिक प्रवाह के साथ खेला, लेकिन यहां उतना आसान नहीं था। मैंने सोचा कि अगर विकेट अच्छी है और मैं क्रीज पर जम गया हूं तो लंबे समय तक टिककर खेलूंगा। मैच को बीच में नहीं छोड़ूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत-बांग्लादेश वनडे और टी20 सीरीज पर फिलहाल लगी रोक

**सुरक्षा कारणों के चलते बीसीसीआई ने किया मना**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और टी20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गई हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी, लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा।

एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई) को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। बीसीसीआई ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है। सीरीज को बाद में आयोजित किए जाने की उम्मीद है।

भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए बीसीसीआई को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

## यूनाइटेड रैपिड और ब्लिटज में गुकेश ने कार्लसन को हराया

**एजेंसी, जगरेब**




विश्व चैंपियन डी गुकेश ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन पर एक और शानदार जीत दर्ज करके सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छह दौर के बाद एकल बढ़त बना ली। गुकेश की यह टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है और अब उनके 12 में से दस अंक हो गए हैं।

रैपिड वर्ग में तीन दौर बाकी है और गुकेश को पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पर दो अंक की बढ़त है। अमेरिका के वेसली सो सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि कार्लसन, नीदरलैंड के अनीश गिरी और स्थानीय खिलाड़ी इवान सारिच उनसे एक अंक पीछे हैं। आर प्रज्ञानानंदा और अमेरिका के फेबियानो कारूआना पांच अंक लेकर सातवें स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा नौवें और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव दसवें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

**कार्लसन बोले अब शतरंज खेलने में नहीं आ रहा मजा**

**विश्व** चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। कार्लसन ने हार के बाद कहा,''ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है।'' उन्होंने गुकेश के बारे में कहा,''वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है, लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।''

## जो कोहली ने अकेले दम पर किया वो करके दिखाओ : माइकल वॉन

**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड की धरती पर शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया ने अब तक अपने खेल से खासा प्रभावित किया है। भले ही भारतीय टीम को पहले टेस्ट में हार का मुंह देखना पड़ा था, लेकिन बल्लेबाजों का प्रदर्शन उम्दा रहा था। दूसरे टेस्ट की पहली इनिंग में भी एजबेस्टन के मैदान पर इंडियन बैटर्स का जलवा देखने को मिला है। कप्तान गिल ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 269 रनों की यादगार पारी खेली। वहीं, यशस्वी और रवींद्र जडेजा का भी बल्ला जमकर बोला। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने गिल की युवा ब्रिगेड को खुला चैलेंज दे डाला है। वॉन का कहना है कि भारत के इन युवा



बैटर्स को वो करके दिखाना होगा, जो पिछले कई सालों में विराट कोहली अकेले दम पर कर रहे थे।

माइकल वॉन ने कहा कि उन्हें (गिल, यशस्वी और पंत) को अब इंडियन क्रिकेट टीम को ठीक उसी तरह आगे लेकर जाना है जैसे विराट अकेले दम पर लेकर गए थे। भारतीय टीम में मैंने कुछ ऐसे खिलाड़ी देखे हैं, जो सही तरीके से सही खेल खेलते हैं। कोहली ने टेस्ट में इंडियन क्रिकेट के लिए जो किया है अगर यह सभी बल्लेबाज मिलकर उसके करीब भी पहुंच जाते हैं तो बड़ी बात होगी। हालांकि, अभी तक गिल एंड कंपनी ने अच्छा काम किया है। दो दिग्गज खिलाड़ियों की अचानक विदाई के बाद टीम को संभलने में थोड़ा समय लगता है। (अनंत ज्ञान)

## ओसाका विम्बलडन के तीसरे दौर में बाहर

**एजेंसी, लंदन।** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गई। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है। उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। पाव्लुचेंकोवा तीसरे सेट में 4-ऑल से मैच के अंतिम 10 में से आठ अंक भुनाने में सफल रही।



उल्लंघना | अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए अकेले ही ग्राउंड में पहुंचे थे जडेजा

# रवींद्र जडेजा ने तोड़ा बीसीसीआई का अहम नियम

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारतीय स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड की नई गाइडलाइंस में से एक अहम नियम तोड़ा है, जिसे बीसीसीआई ने हाल ही में बनाया है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में मिली निराशाजनक हार के बाद बीसीसीआई ने नई गाइडलाइंस जारी की थी।

बीसीसीआई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओवी) के अनुसार, टीम के सभी सदस्यों को स्टेडियम और प्रैक्टिस सेशन के लिए टीम बस में एक साथ यात्रा करना आवश्यक है। टीम के भीतर अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से नई एसओपी के तहत अलग-अलग ट्रैवल करने पर बैन लगा दिया है। जडेजा अकेले एजबेस्टन स्टेडियम पहुंचे थे, जिससे बीसीसीआई के नियमों का उल्लंघन हुआ। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जडेजा पर कोई जुर्माना लगने की संभावना नहीं है। रवींद्र जडेजा एडबस्टन



टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से काफी पहले अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंच गए थे, जिसका फायदा भी उन्हें मिला, चूंकि कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जडेजा और गिल ने 203 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से भारत ने दूसरे दिन दो विकेट पर 587 रन बना लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने उन्हें काफी शॉर्ट गेंदें फेंकीं, लेकिन जडेजा इसके लिए तैयार थे। भारतीय खिलाड़ियों को टीम बस से जाना था, लेकिन समझा जाता है कि जडेजा ने मैदान पर जल्दी पहुंचने के लिए विशेष अनुमति ली थी।


उन्होंने कहा,''मुझे लगा कि बल्लेबाजी का अतिरिक्त अभ्यास करना चाहिए, क्योंकि गेंद अभी नई थी। नई गेंद को खेल जाऊंगा तो पारी में आगे आसानी होगी। खुशकिस्मती से मैं लंच तक खेल पाया और उसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की।'' उन्होंने कहा,''इंग्लैंड में जितनी अधिक बल्लेबाजी करेंगे, उतना ही बेहतर होगा। गेंद किसी भी समय स्विंग ले सकती है और ऐसे में दिक्कत आ सकती है।'' यह पूछने पर कि क्या रन बनाने से उन्हें गेंदबाजी में भी मदद मिली, उन्होंने कहा,''जब आप बल्ले से योगदान देते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। जब टीम देश से बाहर खेल रही है और टीम को आपकी अधिक जरूरत है तो और भी अच्छा लगता है।'' (अनंत ज्ञान)

## यह भारतीय एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरुआत : नीरज

**एजेंसी, बेंगलुरु**

अपने नाम से होने वाले भालाफेंक टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का मानना है कि यह भारतीय एथलेटिक्स में नये अध्याय की शुरुआत है और ऐसे कुछ और विश्व स्तरीय टूर्नामेंट यहां होने चाहिए। नीरज चोपड़ा क्लासिक शनिवार को यहां श्री कांतीरावा स्टेडियम में होगा।

चोपड़ा ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,''मुझे लग रहा है कि यह सपने जैसा है। पदक अलग बात है, लेकिन मैंने भारत और भारतीय एथलेटिक्स को ऐसा कुछ दिया है जिसकी मुझे खुशी है। यह हमारे एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरुआत है।'' उन्होंने कहा,''जिस तरह से हर ओर से इसे सहयोग मिल रहा है। सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ, विश्व एथलेटिक्स और प्रायोजकों की ओर से। मुझे लगता है कि हम




इस टूर्नामेंट को और बेहतर बना सकते हैं।'' चोपड़ा ने कहा कि वह भारत में एथलेटिक्स स्पर्धाओं को अमेरिका या यूरोपीय देशों में नियमित तौर पर होने वाले टूर्नामेंटों के समकक्ष बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा,''यह भारत में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं की शुरुआत है। जर्मनी और अन्य देशों में ए, बी और सी श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हर सप्ताह होते हैं। मैं भारत में भी कम से कम चार, पांच या छह ऐसी स्पर्धाएं देखना चाहता हूं। खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिये और लोगों को उन्हें खेलते देखना चाहिए। यह खेल के लिये अच्छा होगा।'' एनसी क्लासिक की तैयारियों में जुटे चोपड़ा का फोकस अपने प्रदर्शन पर भी है। उन्होंने कहा,''मेरे भीतर का खिलाड़ी हमेशा तैयार रहता हूं। यही वजह है कि मैं तैयारियों में भी जुटा हूं। मेरी टीम भी बहुत कुछ प्रबंधन देख रही है। मैं काफी अभ्यास भी कर रहा हूं।''

चोपड़ा की नजरें सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर भी लगी हैं। उन्होंने कहा,''कल की प्रतियोगिता काफी अहम है। इसके बाद हम विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी करेंगे। कोच (जान जेलेंजी) यहां पहुंच गए हैं और मैंने उनके साथ कल जिम में अभ्यास किया। विश्व चैंपियनशिप से पहले हमें ऐसे ही टूर्नामेंट की जरूरत थी।'' (अनंत ज्ञान)